www.uttambharatnews.com
RNI No. HRHIN/25/A2901
email:-uttambharat05@gmail.com

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 293
नई दिल्ली
मंगलवार, 11 नवम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 दिल्ली एनसीआर में सांस लेना मुश्किल,... | 06 सड़कों पर मौत की रफ़्तार पर ब्रेक कब ... | अमेरिका संविधान में नहीं है कोई राह... 12

## शहरी सहकारी बैंक बनें आकांक्षी युवाओं और निम्न वर्ग के सशक्तीकरण का आधार : शाह



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि देश के शहरी सहकारी बैंक अब आकांक्षी युवाओं, छोटे व्यापारियों और निम्न वर्ग के लोगों के सशक्तीकरण के लिए अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि नैफकब और अन्य शहरी सहकारी संगठन एक नैतिक दिशानिर्देश जारी करें, जिसके आधार पर प्रत्येक बैंक अपने वित्तीय ढांचे को पुनः डिजाइन कर सके। शाह यहां राष्ट्रीय शहरी सहकारी बैंक एवं ऋण समिति महासंघ (नैफकब) और सहकारिता मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को-ऑप कुंभ 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहरी सहकारी बैंक और ऋण समितियां हाल के वर्षों में नए उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ी हैं। उन्होंने अमूल और इफ्को को अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा विश्व रैंकिंग में क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। शाह ने कहा कि यह दर्शाता है कि सहकारिता की अवधारणा आज भी उतनी ही प्रासंगिक और जीवंत है। अमूल ने देश में श्वेत क्रांति को गति दी है और आज प्रतिदिन तीन करोड़ लीटर दूध एकत्र कर रहा है। वहीं इफ्को ने हरित क्रांति में अहम योगदान देते हुए 93 लाख टन यूरिया और डीएपी का उत्पादन किया है, जिनके नैनो उत्पाद आज 40 से अधिक देशों में निर्यात किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सहकार डिजी-पे और सहकार डिजी-लोन ऐप्स लॉन्च किए गए हैं, जो देश की सबसे छोटी सहकारी संस्थाओं को डिजिटल भुगतान व्यवस्था से जोड़ेंगे। शाह ने कहा, भारत में डिजिटल पेमेंट का नया युग शुरू हो चुका है और अब सहकारी संस्थाओं को भी इससे जुड़कर आमजन तक वित्तीय सुविधा पहुंचानी होगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के लिए मॉडल बायलॉज तैयार किए हैं, जिन्हें सभी राज्यों ने अपनाया है। इससे निष्क्रिय समितियों को पुनर्जीवित करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सहकारिता से जोड़ने के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है, जो सहकारी क्षेत्र के लिए प्रोफेशनल्स तैयार करेगा। शाह ने लक्ष्य रखा कि दो लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक नगर में पांच वर्षों के भीतर एक अर्बन कोऑपरेटिव बैंक स्थापित किया जाए। अमित शाह ने बताया कि अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों का एनपीए अनुपात दो वर्षों में 2.8 से घटकर केवल 0.6 प्रतिशत रह गया है।

## फरीदाबाद से एक आतंकवादी गिरफ्तार: 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट सहित हथियार बरामद

दिल्ली, हरियाणा और जम्मू कश्मीर के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान हुई आतंकवादी की गिरफ्तारी



**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** हरियाणा के फरीदाबाद जिले के धौज गांव से दिल्ली, हरियाणा एवं जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में डा. मुजम्मिल नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ एवं हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि आतंकवादी डा. मुजम्मिल फरीदाबाद के ही धौज गांव स्थित अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह आतंकवादी 10 दिन पहले पकड़ा गया था। आतंकवादी से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर जहां उसने कमरा किराए पर लिया था, वहां से 360 किलोग्राम रसायनिक पदार्थ बरामद किया है, जो अमोनियन नाइट्रेट बताया जा रहा है। इसके अलावा एक कैननकाप राइफल, पांच मैगजीन, एक पिस्टल, भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं। आठ बड़े सूट केस, चार छोटे सूट केस, बाल्टी, टाइमर बैटरी के साथ, रिमोट, वॉकी-टॉकी सेट, इलेक्ट्रिक वायर सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस कमिश्नर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पिछले कई दिनों से यह जांच चल रही थी और 10 दिन पहले संयुक्त ऑपरेशन में गिरफ्तारी हुई। इसमें कुल दो आतकंवादी पकड़े गए, जिनमें एक डा. मुजम्मिल को फरीदाबाद पुलिस ने और आदिल अहमद को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सहारनपुर से पकड़ा।पुलिस कमिश्नर ने आरडीएक्स व एके-47 या एके-56 राइफल से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन अब भी जारी है और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बताया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि जहां यह किराए पर रह रहा था, उस मकान मालिक से भी पूछताछ की जा रही है। आदिल अहमद अनंतनाग (कश्मीर) का रहने वाला है। इसे 7 नवंबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यूपी के सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया था। आदिल से पूछताछ जारी है। उसने फरीदाबाद में विस्फोटक रखे होने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने यहां से 14 बैग बरामद किए।

## लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार में भीषण विस्फोट, आठ से ज्यादा की मौत, कई घायल

### दिल्ली में हाई अलर्ट घोषित, जांच में जुटी पुलिस और फोरेंसिक टीमें

**शैलेन्द्र शर्मा**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली सोमवार शाम एक भयावह धमाके से दहल उठी। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास खड़ी एक कार में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया, जिसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। धमाका इतना भयंकर था कि आसपास खड़े कई वाहनों के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत और पच्चीस से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की सात गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। वहीं दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ (स्पेशल सेल) तथा फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम घटनास्थल पर जांच में जुट गई है। पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है और सुरक्षा कारणों से दिल्ली में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने सुनाई भयावह दास्तां**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाका इतना तेज था कि आसपास के वाहनों के परखच्चे उड़ गए। क्षेत्रीय निवासी राजधर पांडे ने बताया कि उन्होंने अपने घर से अचानक आग की लपटें उठती देखीं और नीचे पहुंचते ही धुएं का घना गुबार दिखाई दिया। वहीं एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि जब वे पास के गुरुद्वारे में थे, तभी अचानक जोरदार धमाके की आवाज गूंजी।



आसपास के कई वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

**अस्पतालों में भर्ती घायलों का उपचार जारी**

लोक नायक जयप्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक के अनुसार, अस्पताल में अब तक 15 घायलों को लाया गया, जिनमें आठ लोगों की मृत्यु हो चुकी थी। तीन की हालत गंभीर है जबकि बाकी का उपचार जारी है। डॉक्टरों की टीमें लगातार घायलों की देखभाल में लगी हुई हैं।

**आग की चपेट में आए कई वाहन**

धमाके के बाद आसपास खड़ी तीन से चार कारें भी आग की चपेट में आ गईं। घटना से न केवल वाहनों का भारी नुकसान हुआ, बल्कि आसपास की सड़क की स्ट्रीट लाइटें और दुकानें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। दमकल विभाग को घटना की सूचना शाम 7 बजकर 5 मिनट पर प्राप्त हुई थी, जिसके बाद तत्काल राहत कार्य शुरू किए गए।

**जांच के घेरे में आतंकी साजिश की आशंका**

इस धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे दिल्ली क्षेत्र में तलाशी अभियान तेज कर दिया है। प्रारंभिक जांच में विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है, परंतु किसी बड़ी आतंकी साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फोरेंसिक टीम विस्फोटक के प्रकार और उसके स्रोत का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

**फरीदाबाद मॉड्यूल के खुलासे से जुड़ सकती है कड़ी**

गौरतलब है कि हाल ही में हरियाणा के फरीदाबाद में एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया था, जहां से लगभग 2900 किलो विस्फोटक और अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए थे। उस मामले में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के संबंधों का खुलासा हुआ था। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली धमाके की जांच में इस नेटवर्क की संभावित कड़ी की भी पड़ताल की जा रही है।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर रेखा गुप्ता समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** भारतीय किसान संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत अन्य राज्य के मुख्यमंत्रियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, अद्वितीय संगठन शिल्पी और विलक्षण कर्मयोगी दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से उन्होंने भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच, समरसता मंच, ग्राम पंचायत संगठन और अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जैसे अनगिनत राष्ट्रव्यापी संगठनों की आधारशिला रखी। ये सभी संगठन आज भी राष्ट्र निर्माण के स्तंभ बने हुए हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन हमें यह शिक्षा देता है कि संगठित शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी और



प्रगति का मूल मंत्र है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने एक्स पोस्ट में लिखा, जनसेवा हेतु जीवन का हर क्षण समर्पित करने वाले भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच एवं भारतीय किसान संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन! उनके प्रखर विचार मां भारती की सेवा हेतु हम सभी को युग-युगांतर तक प्रेरित करते रहेंगे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय मजदूर संघ एवं भारतीय किसान संघ के संस्थापक, राष्ट्र ऋषि, श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर पर सादर नमन करता हूं।

## सऊदी अरब के साथ द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर; 2026 के लिए भारत का कोटा 1,75,025 तय

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने जेद्दा में द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत 2026 में इस यात्रा के लिए भारत का कोटा 1,75,025 होने की पुष्टि की गई है। रीजीजू ने सात से नौ नवंबर तक सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा के दौरान रविवार को जेद्दा में सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्री तौफीक बिन फवजान अल रबिया के साथ द्विपक्षीय बैठक की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने हज तैयारियों की समीक्षा की, समन्वय और रसद सहायता बढ़ाने के कदमों पर चर्चा की तथा भारतीय हज यात्रियों के लिए प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित करने को लेकर अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि सुचारू और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए बैठक में सुविधाओं, परिवहन, आवास और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। बयान में बताया कि बैठक के बाद दोनों पक्षों ने जेद्दा में हज-2026 के लिए भारत एवं सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर किए और भारत के लिए देश कोटा 1,75,025 होने की पुष्टि की गई। इसमें बताया गया कि इस दौरान रीजीजू ने हज-2026 की तैयारियों का आकलन करने के लिए भारतीय दूतावास रियाद और भारतीय महावाणिज्य दूतावास जेद्दा के अधिकारियों के साथ एक आंतरिक समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने भारतीय तीर्थयात्रियों के कल्याण और आराम को सुनिश्चित करने के लिए सऊदी अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में किए गए मिशन और वाणिज्य दूतावास के प्रयासों की सराहना की।

## मुख्यमंत्री धामी ने गैरसैंण में 142.25 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

उत्तराखण्ड की रजत जयंती के मौके पर ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में आयोजित हुआ दो दिवसीय समारोह



**उत्तम भारत संवाददाता, गैरसैंण (उत्तराखंड)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद की 142.25 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया, जिनमें 43.63 करोड़ की 27 विकास योजनाओं का लोकार्पण तथा 98.62 करोड़ रुपये की 33 विकास योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। खेल, शिक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को भी मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आईटीबीपी, आईआरबी, नागरिक पुलिस, होमगार्ड, महिला आरक्षी, नागरिक पुलिस/फायर सर्विस तथा एनसीसी महिला दस्ते ने 46वीं वाहिनी पीएसी के बैंड की धुन पर शानदार रैतिक परेड का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने रैतिक परेड का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्यवासियों को उत्तराखण्ड स्थापना की रजत जयंती की बधाई देते हुए देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों तथा उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सभी अमर बलिदानियों और राज्य आंदोलनकारियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखण्ड के रजत जयंती वर्ष के मुख्य कार्यक्रम में शिरकत कर राज्य का मान बढ़ाने का कार्य किया है। इस दौरान उन्होंने राज्य को 8,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी है और राज्य के विकास के लिए लक्ष्य भी निर्धारित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से उत्तराखण्ड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में तीर्थाटन विकास के लिए केदारखण्ड और मानसखण्ड में स्थित पौराणिक मंदिरों का पुनरुद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का भी भावपूर्ण स्मरण किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने हमें नया राज्य देने के साथ ही विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान कर राज्य को नई दिशा और मजबूती दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गैरसैंण के विकास के लिए विभिन्न विकास योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सारकोट गांव को गोद लेकर ग्रामीणों और विभागों के समन्वय से गांव को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही राज्य के समग्र विकास के लिए नई नीतियों और योजनाओं का नियोजन कर राज्य को विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। इसका परिणाम है कि उत्तराखण्ड राज्य आज देश की अनेक योजनाओं में अग्रणी राज्य के रूप में जाना जा रहा है। राज्य की विकास दर में तेजी से वृद्धि हुई है और कृषकों की आय में बढ़ोतरी हो रही है। राज्य में बेरोजगारी में 4.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। सतत विकास सूचकांक में उत्तराखण्ड को देश में प्रथम स्थान तथा मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट अवॉर्ड भी मिला है। केंद्र सरकार के सहयोग से बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, हवाई एवं रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में राज्य निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर माला मिशन, एक जिला एक मेला योजना और साहसिक पर्यटन को प्रोत्साहन देकर राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सख्त भू-कानून लागू किया गया है। भू-कानून लागू कर भू-माफिया पर अंकुश लगाया गया है। सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के लोकल टू ग्लोबल मंत्र को साकार करने में राज्य ने अग्रणी भूमिका निभाई है। इस दौरान उन्होंने गैरसैंण एवं आसपास के क्षेत्रों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करने के लिए मास्टर प्लान की डीपीआर तैयार कर कार्य करने की बात कही। साथ ही उन्होंने चौखुटिया, ज्योतिर्मठ और घनशाली को उड़ान योजना से जोड़ने की घोषणा की। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री एवं चमोली जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष बीकेटीसी ऋषि कुमार, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## प्रदेश के हर शैक्षणिक संस्थान में अनिवार्य कराएंगे वंदे मातरम का गायन : योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम का जो मंत्र भारत की आजादी का कारण बना हो, उस मंत्र को भी सांप्रदायिक बताकर कांग्रेस ने उसमें संशोधन करने का प्रयास किया



**उत्तम भारत संवाददाता, गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न से विभूषित एवं लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के उपलक्ष्य में सोमवार को प्रदेशभर के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों के लिए एकता यात्रा का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश के हर विद्यालय, हर शैक्षणिक संस्थान में वंदे मातरम का गायन अनिवार्य कराएंगे ताकि उत्तर प्रदेश के अंदर हर नागरिक के मन में भारत माता के प्रति, अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव जागृत हो सके। सीएम योगी ने कहा कि जिस राष्ट्र गीत, वंदे मातरम, ने आजादी के आंदोलन में भारत की सोयी हुई चेतना को जागृत किया, उसमें पहले कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए संशोधन किया और आज फिर कुछ लोग वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं। कोई भी व्यक्ति, मत, या मजहब राष्ट्र से बड़ा नहीं हो सकता। व्यक्तिगत आस्था यदि राष्ट्र के आड़े आए तो उसे एक छोर पर रख देना चाहिए। पर, कुछ लोगों के लिए आज भी उनका व्यक्तिगत मत और मजहब बड़ा है। सपा सांसद द्वारा वंदे मातरम गाने से इनकार करने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोग जिन्ना को सम्मान देने के लिए होने वाले कार्यक्रम में तो शामिल होते हैं, लेकिन लौह सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं होते। उन्होंने कहा कि यह सुखद अवसर है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के कार्यक्रम तो प्रारंभ हुए ही हैं, साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम के भी 150वें वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। सीएम ने कहा कि आजादी की लड़ाई के दौरान वंदे मातरम भारत की सोयी चेतना को जगाने वाला गीत था। 1876 के बाद हर क्रांतिकारी, बच्चा, विद्यार्थी, युवा, अधेड़, बुजुर्ग, महिला, और पुरुष ने इसका उद्घोष किया और आजादी आंदोलन में कूद पड़ा था। तब हर उम्र के व्यक्ति के लिए वंदे मातरम उसके जीवन का मंत्र बन गया था। देखते ही देखते वंदे मातरम का यही उद्घोष विदेशी दासता से भारत को मुक्त करने का मंत्र बन गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम का जो मंत्र भारत की आजादी का कारण बना हो, उस मंत्र को भी सांप्रदायिक बताकर कांग्रेस ने उसमें संशोधन करने का प्रयास किया। कांग्रेस ने कहा कि यह पांच और छह छंद का क्यों पढ़ना है, दो छंद में ही इसे पूरा किया जाए। जिस वंदे मातरम को कांग्रेस के 1896-97 के अधिवेशन में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने अपने स्वर में गाया था, उसका 1923 के अधिवेशन में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद अली जौहर ने विरोध किया। वंदे मातरम का गान शुरू होते ही जौहर अध्यक्ष के पद से उठकर के चले गए।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 11/10/2025 9:27 PM Page 1



# डीबीओएल असमोली मे नवीन पेराई सत्र का शुभारम्भ किसानों को किया गया सम्मानित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सोमवार को जनपद सम्भल के चीनी मिल असमोली के नवीन पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ विधिवत् रूप से पूजा अर्चना एवं मंत्रोउच्चारण के साथ जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज सिंह, तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार दीपक जुरेल, जिला गन्ना अधिकारी धनीराम, चौयरमैन गन्ना समिति असमोली मोहित चौधरी आदि द्वारा चौन में गन्ना डाल कर किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा प्रथम बैलगाड़ी के कृषक चुन्नीलाल पुत्र कुन्दन सिंह, ग्राम गरवारा को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया एवं अन्य अतिथियों द्वारा कृषक श्रीमति सुशीला देवी पत्नी हरपाल सिंह ग्राम मिलक बदनपुर बसई का गन्ने से भरा ट्रिपलर, जीवन सिंह पुत्र गंगाप्रसाद ग्राम भीकनपुर मुण्डा की गन्ने से भरी ट्राली एवं क्रय केन्द्र से आये ट्रक को तौलकर तौल कार्य का शुभारंभ किया गया। चीनी मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द प्रकाश मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष चीनी मिल प्रारम्भ से ही अपनी बढ़ी हुई पेराई क्षमता पर पेराई करेगी, जिससे चीनी मिल क्षेत्र के सभी कृषक अपना गन्ना समय से आपूर्ति कर सकेंगे। चीनी मिल के उपाध्यक्ष अभय सिंह यादव द्वारा सभी उपस्थित अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया गया तथा चीनी मिल के महा प्रबन्धक (गन्ना) प्रवीण सिंह द्वारा कृषकों से अपना समस्त गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति करने हेतु अनुरोध किया एंव उन्होने कृषकों को गत वर्षो की भांति त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान किये जाने का भरोसा दिया। इस अवसर पर माननीय जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सम्भल हरेन्द्र सिंह उर्फ रिन्कु, ब्लाक प्रमुख असमोली सन्तोष देवी, ब्लाक प्रमुख सम्भल कुलदीप चहल, पूर्व चैयरमैन गन्ना समिति असमोली त्ररनजीत सिंह, समिति सचिव विनोद त्रिपाठी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक असमोली देवेन्द्र कुमार तिवारी, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन रूद्र नारायन, विभागाध्यक्ष तकनीकी धमेन्द्र सिंह, विभागाध्यक्ष वित्त एवं लेखा अकुर शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक (गन्ना) उदयभान सिंह, लोकेन्द्र ढाका, अमित धामा, राजकुमार, सहायक प्रबन्धक कशिश भटनागर, भगवन्त सिंह व चीनी मिल के अन्य अधिकारी एवं प्रगतिशील कृषक सुधीर त्यागी, रोहिताश सिंह, नरोत्तम सिंह, सोपान सिंह, अमित चौधरी, अमरजीत सिंह, भमर प्रकाश, सुशील कुमार, बोवी चौधरी, यशपाल सिंह, विनोद प्रकाश शर्मा, राजपाल सिंह, अकबर हुसैन, मुख्त्यार हुसैन, राकेश आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों एवं गणना प्रपत्रों की प्रगति को निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखण्ड असमोली के प्राथमिक विद्यालय असमोली प्रथम, प्राथमिक विद्यालय मदाला फ्तेहपुर तथा विकासखण्ड सम्भल के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय नाहरठेर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय मण्डलाई में विशेष गहन पुनरीक्षण ( एस.आई.आर) के कार्यों तथा गणना प्रपत्र की प्रगति को लेकर निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम विकासखण्ड असमोली के प्राथमिक विद्यालय असमोली प्रथम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एसआईआर के अन्तर्गत बीएलओ से गणना प्रपत्रों के वितरण के विषय में जानकारी प्राप्त की। मैपिंग को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एम से मैरिड तथा डी से डाउट तथा ओ से बाहरी के संबंध में भी दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि 11 नवंबर तक शत प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत विजन डॉक्यूमेंट 2047 के लिए सुझाव फीडबैक प्राप्त करने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय में कुर्सियां क्रय करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों के स्वाध्याय के अंतर्गत पुस्तकों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड असमोली के प्राथमिक विद्यालय मदाला फ्तेहपुर का निरीक्षण किया गया। एसआईआर के अन्तर्गत गणना प्रपत्रों के वितरण के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा फार्म 6 एवं फार्म 8 को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एम से मैरिड तथा डी से डाउट तथा ओ से बाहरी वोटर के संबंध में प्रधान, पूर्व प्रधान तथा राशन डीलर के साथ क्रास वैरीफिकेशन को लेकर संबंधित को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय के शैड पर जाली लगाने को लेकर भी निर्देशित किया तथा विद्यालय के शिक्षकों को स्वाध्याय के लिए पुस्तकों के अध्ययन को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा जिलाधिकारी ने विद्यालय में साफसफाई को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया तथा मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के अंतर्गत बच्चों से साफ सफाई में सहयोग प्राप्त करने को लेकर भी निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विकासखण्ड सम्भल के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय नाहर ठेर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गणना प्रपत्र को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि 11 नवंबर तक गणना प्रपत्र शतप्रतिशत वितरित किये जाएं। जिलाधिकारी द्वारा गणना प्रपत्र रजिस्टर को भी चेक किया गया। मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के अन्तर्गत बच्चों के सहयोग से साफ सफाई कराने के भी निर्देश दिए तथा विद्यालय परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र के बंद रहने की ग्रामीणों की शिकायत पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री आसिफा को हटाने के निर्देश दिए। विद्यालय के बाहर के गड्ढे के भराव एवं अन्य कार्यों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी सम्भल को निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड सम्भल के उच्च प्राथमिक विद्यालय मण्डलाई का एसआईआर के कार्यों एवं गणना प्रपत्र के वितरण प्रगति को लेकर निरीक्षण किया तथा 11 नवंबर तक शत प्रतिशत गणना प्रपत्र के वितरण के संबंधित को निर्देश दिए। अध्यापकों द्वारा स्वाध्याय के लिए पुस्तकों के अध्ययन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय की शिक्षामित्र हसीवा अख्तर को हटाने को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया। विजन डॉक्यूमेंट के सुझाव फीडबैक के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं सुझाव फीडबैक अधिक से अधिक लोगों के प्राप्त करने को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा सम्भल स्थित प्राचीन 68 तीर्थ 19 कूपों में यमघण्ट तीर्थ के सौन्दर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी असमोली/सम्भल प्रेम पाल सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी असमोली अंशुल कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर मजिस्ट्रेट ने की कार एवं बाइक वॉशिंग सेंटरों पर छापामारी मचा हड़कम्प



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार द्वारा नगर संभल के मुरादाबाद रोड पर चंदौसी रोड तथा हसनपुर रोड समेत कुल 10 कार एवं बाइक वॉशिंग सेंटर का निरीक्षण किया गया। जिसमे नौबत सिंह पुत्र मोहर सिंह निवासी शहजादी सराय, सजल पुत्र संजीव सिंघल निवासी मोहल्ला ठेर संभल, अहजाजुल इस्लाम पुत्र नजर उल इस्लाम निवासी दिल्ली दरवाजा, मैराज पुत्र मुन्ना निवासी चमन सराय, निजामुद्दीन पुत्र अली अहमद निवासी चमन सराय, कासिम पुत्र नईम निवासी तुर्तीपुर आल्हा, फरमान पुत्र सरवर निवासी खग्गूपुरा, नायाब झूला पुत्र मुनव्वर हुसैन निवासी दीपा सराय, हाजी यमीन के यहां निरीक्षण के समय पाया गया कि इनके द्वारा कार एवं बाइक आदि वाहनों को धोने के लिए अत्यधिक पानी का इस्तेमाल किया जाता है परंतु इनके द्वारा भूगर्भ जल विभाग से कोई भी एनओसी नहीं ली गई है ना ही फ्लोमीटर लगवाया गया है। तथा उद्योग कार्यालय में भी रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है इस कारण इनके वाशिंग सेंटर को बंद कराकर निर्देश दिए गए की वह उपयुक्त अनुमति और रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत ही अपना वॉशिंग सेंटर संचालित करेंगे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया स्वदेशी संकल्प दिवस कार्यक्रम




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा सोमवार को भारत के महान चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक एवं स्वदेशी आंदोलन के प्रणेता पंडित दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की जयंती स्वदेशी संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।

प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर चौधरी के नेतृत्व में दिल्ली रोड पक्का बाग स्थित एआर रिसोर्ट होटल में संगठन के पदाधिकारी और व्यापारीयों की उपस्थिति में देशहित में स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का संकल्प लिया और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए ठेंगड़ी जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, स्वावलंबन और स्वदेशी के सिद्धांतों को समर्पित रहा। उनका मानना था कि भारत तभी सशक्त बन सकता है जब प्रत्येक नागरिक भारतीय उत्पादों को अपनाए और देश के संसाधनों को प्राथमिकता दे। आज के वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में स्वदेशी विचार ही भारत की आर्थिक आज़ादी का सबसे मजबूत स्तंभ है। गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि स्वदेशी हमारे देश की आत्मा है ठेंगड़ी जी ने भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ और स्वदेशी जागरण मंच जैसे राष्ट्रहितकारी संगठनों के माध्यम से समाज को एकजुट कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अभूतपूर्व योगदान दिया। आज आवश्यकता है कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर छोटे व्यापारियों, कुटीर उद्योगों और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें, ताकि भारत का व्यापारी वर्ग मज़बूत और आत्मनिर्भर बन सके। इस अवसर पर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया और स्वदेशी संकल्प पत्र भर कर स्वदेशी को आपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला संयोजक मो कासिम, जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सम्भल तहसील अध्यक्ष शाकिर हुसैन वास्ती, युवा अध्यक्ष हर्षित शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 13 दिसम्बर होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन निपटाये जायेंगे मामले

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी डा0 विदुषी सिंह के आदेशानुसार व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी विभांशु सुधीर के निर्देशन में दिन रविवार को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जनपद संभल के समस्त तहसील, ब्लाक व सहज दृश्य एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों व ग्राम पंचायत रुस्तमगढ़ उगिया विकासखण्ड बनियाखेडा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आम नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं, पीड़ित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता व्यवस्था तथा लोक अदालत की उपयोगिता के संबंध में जागरूक किया साथ ही कार्यक्रम में समाज के अंतिम व्यक्ति तक विधिक साक्षरता का संदेश पहुँचाए जाने व आमजन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनें, और यदि त्वरित समाधान संभव न हो तो उन्हें उचित विधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन अवश्य प्रदान किये जाने पर बल दिया गया। शिविर के दौरान उपस्थित आमजन को विधिक जागरूकता संबंधी विभिन्न जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान निशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी और साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस विधिक जागरूकता शिविर में बालिकाओं के अधिकारों, आर्थिक व सामाजिक विकास और महिला सशक्तिकरण के बारे में स्वास्थ्य विभाग से आशा बहुओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्तीयों द्वारा महिलाओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन मानस एंव महिलाओं और बालिकाओं में सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं कानूनी जागरुकता पर विशेष बल देना था। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से लिपिक व डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, संभल चंद्रपाल सिंह, पीएलवी अतुल चौहान व मुख्य चिकित्सा अधिकारी संभल तरुण पाठक, प्रा. स्व. केन्द्र से डॉ. विशिष्ट, डॉ. रजनी व विभिन्न विभागों के पदाधिकारी तथा समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। वहीं 13 दिसम्बर 2025 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सामूहिक वंदे मातरम का गायन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सामूहिक गायन के पश्चात राष्ट्रीय गीत को भारत और भारतीयता की आत्मा बताया गया।

चंदोसी रोड पर सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र छात्राओं अध्यापक और प्रबन्ध समिति सदस्यों तथा भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने सामूहिक रुप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गायन किया। समिति के जिला संरक्षक अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि देश के दुश्मनों को मौत के घाट उतारना और देश की बलि वेदी पर हंसते-हंसते बलिदान हो जाना वंदे मातरम सिखाता है। इसलिए वंदे मातरम भारत और भारतीयता की आत्मा है। देश और दुनिया में केवल भारत को ही मां कहकर वंदना करके गुणगान करने की परंपरा है। यहां के निवासी अर्थात 140 करोड भारतीय वंदे मातरम और भारत माता की जय जयकार करके नवस्फूर्ति, उत्साह, उल्लास और आनंद प्राप्त करते हैं। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने वंदे मातरम को अपने देश का मान बिंदु बताया। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 7 नवंबर 1875 को रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को संस्कार सेवा सहयोग समर्पण के माध्यम से अपनी विशेष पहचान बनाने का संकल्प भी दिलाया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पूर्व सदस्य संजय मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को देशवासियों का अभिमान बताकर 150 वीं वर्षगांठ पर सभी को शुभकामनाएं दीं। विजेंद्र सिंह, निरंकार गंगवार, सौरव सोमवंशी, आशीष, सचिन गुप्ता, कौशल बाबू शर्मा, पीयूष वर्मा आदि ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का अर्थ महत्व एवं इतिहास के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने किया।

# अभियान चलाकर हटाया गया अतिक्रमण बिना रजिस्टेऊशन ई-रिक्शा चलाने वालों पर कार्यवाही



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अतिक्रमण और बिना रजिस्टेऊशन चलने वाले ई-रिक्शा के खिलाफ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने अभियान चलाया। सड़क किनारे अतिक्रमण न करने की हिदायत दी तो वहीं रजिस्टेऊशन से ही ई-रिक्शा चलाने का आहवान किया गया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात, सम्भल दीपक कुमार द्वारा कस्बा हयातनगर, सरायतरीन, चौधरी सराय में बिना रजिस्ट्रेशन की ई-रिक्शा एवं सड़क किनारे पर अतिक्रमण करने वाले ठेलों आदि के विरुद्ध एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी सम्भल, अधिशासी अधिकारी डॉ0 मणिभूषण तिवारी सम्भल के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। नगर के चौधरी सराय चौराहा तथा हयातनगर आदि क्षेत्रों मे पहुंचे पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाये जाने और बिना रजिस्टेऊशन के ई-रिक्शा चलाने को लेकर अभियान चलाने के साथ ही जागरूक भी किया। इस अभियान को लेकर अतिक्रमणकारियों एवं बिना रजिस्टेऊशन ई-रिक्शा चलाने वालों में हड़कम्प मचा रहा। जल्द ही शहर को अतिक्रमण से मुक्त किया जाएगा तथा बिना रजिस्टेऊशन के ई-रिक्शा का संचालन रोका जायेगा इसी के दृष्टिगत अभियान चलाया गया है।

# बेंगलुरु जेल वीडियो विवाद: भाजपा नेताओं ने सीएम के खिलाफ किया प्रदर्शन, इस्तीफे की मांग

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु सेंट्रल जेल में कट्टरपंथी तत्वों, आईएसआईएस संचालकों और अपराधियों को कथित रूप से लग्जरी सुविधाएं मिलने के वीडियो सामने आने के बाद कर्नाटक भाजपा ने सोमवार को राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

राज्य भाजपा अध्यक्ष व विधायक बी.वाई. विजयेंद्र, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक, विधायक, विधान परिषद सदस्य और पूर्व मंत्रियों के नेतृत्व में पार्टी नेता मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निवास का घेराव करने निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने भाजपा नेताओं को जबरन बसों में बैठाकर अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और गृह मंत्री जी. परमेश्वर के इस्तीफे की मांग की।

विजयेंद्र ने कहा कि परप्पना अग्रहारा जेल ÷नाइटक्लब या एंटरटेनमेंट क्लब÷ बन चुका है, जहां आतंकियों, आईएसआईएस एजेंटों और कट्टरपंथियों को खास सुविधा दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कैदियों को टीवी, मोबाइल फोन और हथियार तक उपलब्ध कराए जा रहे हैं और यह सब सरकारी संरक्षण में ÷सहज तरीके से÷ चल रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की लापरवाही से स्पष्ट है कि राष्ट्रविरोधी तत्वों को जेल के अंदर विलासितापूर्ण सुविधाएं मिली हुई हैं। उन्होंने कहा, ÷अखबारों और टीवी चैनलों में रिपोर्ट आने के बाद भी सरकार ने कार्रवाई में देरी की।÷

विजयेंद्र ने कहा, ÷यह लोकतंत्र पर हमला है, जैसे कोई नरसंहार हो रहा हो।÷ उन्होंने दावा किया कि यदि सरकार ने कदम नहीं उठाए, तो राष्ट्रविरोधी मामलों की जांच ठप पड़ जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग दोहराई।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी हमला बोलते हुए पूछा कि क्या वह ÷विदेशी ताकतों के सहारे देश में अस्थिरता पैदा करने और आतंकी नेटवर्क को बढ़ावा देने÷ में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोबाइल फोन, विलासिता और 'फन टाइम' जैसी सुविधाओं ने कट्टरपंथियों के लिए जेलों को ÷मुफ्त हॉलीडे डेस्टिनेशन÷ बना दिया है।

आर. अशोक ने आरोप लगाया कि जेल से पाकिस्तान और अफगानिस्तान में फोन कॉल किए जा रहे हैं और यह सब सिद्धारमैया, डी.के. शिवकुमार और परमेश्वर के संरक्षण में हो रहा है। उन्होंने पूछा कि क्या पिछले दो साल से खुफिया एजेंसियां सोई हुई हैं और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पुलिस थानों को ÷पार्टी कार्यालय÷ बना दिया है।विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष चलावाड़ी नारायणस्वामी ने कहा कि कांग्रेस सरकार जेलों में आतंकियों के लिए ÷सुविधाओं का पैकेज÷ मुहैया करा रही है। भाजपा एमएलसी सी.टी. रवि ने कहा कि अपराधियों को रिसॉर्ट जाने की जरूरत नहीं, वे सीधे जेल जा सकते हैं।

# ऑल इण्डिया उलेमा मशाईख बोर्ड ने किया एसआईआर को लेकर जागरूक




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** आल इंडिया उलमा व माशाईख बोर्ड सम्भल यूनिट के तत्वाधान मे उपानगरी सरायतरीन के फैज गर्ल्स इंटर कॉलेज में उमीद पोर्टल और एस आई आर के बारे में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस में शकील एडवोकेट ने लोगों को बताया किस तरह हम फॉर्म फिल करें हैं।

प्रोफेसर अहमद ने कहा कि एसआईआर हम सब को इलेक्शन कमीशन का साथ देते हुए अपने कागजात तैयार करने चाहिएं और अपने दूसरे भाइयों की भी इस में मदद करें। उमेद अली एडवोकेट ने कहा हम सब को सब से पहले उमीद पोर्टल पर जा कर अपनी वक्फअमलाक को रजिस्ट्रीकरण करना चाहिए और एसआईआर में हम से जो कागजात मांगे जा रहे हैं

पहले अपने घरों में चेक करें वो हैं या नहीं अगर नहीं हैं तो हम से राब्ता करें हम उन सब को बनवाने में आप का साथ देंगे। इस्लाम एडवोकेट (प्रेसिडेंट बार एसोसिएशन सम्भल) ने बताया कि परेशान होने की जरूरत नहीं है सब से पहले हो 2003 की वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक करना है अगर फैमली में से किसी एक का भी नाम है तो उसी से बीएलओ का फॉर्म फिल हो जाएगा। इस मौके जनाब कलीम अशरफसलामी, मुफ्ती गुलफाम, तनवीर अशरफी, कारी मुशर्रफअशरफी, कसीम अशरफी, हाजी नदीम, मौलाना अदिल, मुफ्ती महबूब, कारी फहीम अशरफी,मौलाना आलिम और मोहम्मद अली रहे।

# वाहनों पर लगे अवैध हूटर हटाने के लिए आज़ाद अधिकार सैना ने सौंपा ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** वीआईपी कल्चर और वाहनों पर लगे हूटर आदि को लेकर एएसपी को ज्ञापन सौंपकर अभियान चलाकर बड़ी कार्यवाही करने की मांग की। आज़ाद अधिकार सैना के पदाधिकारियों ने प्रदेश महासचिव खिज़र गौस के नेतृत्व मे पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के नाम अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपे गये ज्ञापन मे कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वीआईपी कल्चर समाप्त करने के उद्देश्य से वाहनों पर हूटर, सायरन एवं लाल-नीली बत्तियों के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद जनपद संभल क्षेत्र में अनेक निजी एवं गैर-अधिकृत व्यक्तियों द्वारा अपने निजी वाहनों पर अवैध रूप से हूटर/सायरन का प्रयोग किया जा रहा है। इन टूटर लगी गाड़ियों के चलते आम जनता में भय एवं असुविधा की स्थिति उत्पन्न हो रही है तथा यह शासनादेशों का खुला उल्लंघन है। उक्त अवैध कृत्य से सरकारी छवि धूमिल हो रही है और कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे वाहनों की पहचान कर अवैध हूटर/सायरन हटाने हेतु तत्काल अभियान चलाया जाए। हूटर लगी गाड़ियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए। हूटर हटाओ अभियान को पूरे जनपद में प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति स्वयं को कानून से ऊपर न समझे। इस दौरान ज्ञापन देने वालों मे मंडल उपाध्यक्ष फैजान, जिला प्रभारी डा. शाहनवाज़ चौहान, विधानसभा उपाध्यक्ष रागिव हुसैन, नौशाद शेख, दिपक, फुरकान मिस्त्री, जुनैद, नईम, उसमान खान आदि मौजूद रहे।

# बीएलओ संग मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य कराने मे जुटे भाजपा कार्यकर्ता



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है तमाम राजनीति दल इसको लेकर वोटों की समीक्षा और लिस्ओ के मैनटेन मे जुट गये हैं। सोमवार को बूथ नंबर 307 मोहल्ला बदायूं दरवाजा सेक्टर आचार्य मुक्तेश हकीम राइस सरस्वती इंटर कॉलेज मंडल हयातनगर मे बीएलओ संजय कुमार के साथ भाजपा के सेक्टर संयोजक निवर्तमान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अध्यक्ष सैयद शान अली ने मतदाता गहन पुनिरीक्षण को लेकर घर घर जाकर फार्म वितरण कराए साथ मे वार्ड सभासद पति आज़म कुरैशी, शारुख खान, फारूक खान, शाहनवाज़ शेख, राजू, मुन्ना खान, रिज़वान अब्बासी, नाज़िम खान, यामीन खान आदि बूथ पदाधिकरियो ने बीएललो का सहयोग किया।

P-03:28 paga09_jhn.qxd 11/10/2025 8:11 PM Page 1



# प्रदूषण से दिल्ली के व्यापार को हर दिन 100 करोड़ का नुकसान, सीटीआई ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

● चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल ने इस गंभीर स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है

**लिशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ता वायु प्रदूषण अब सिर्फ लोगों की सेहत ही नहीं, बल्कि कारोबार पर भी भारी पड़ रहा है। हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच चुकी है और इसका सीधा असर दिल्ली के रिटेल बाजारों पर दिखाई दे रहा है। लोग अब खरीदारी के लिए बाजारों में आने से कतराने लगे हैं, जिससे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल ने इस गंभीर स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। उन्होंने प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और



राजस्थान सरकारों के साथ एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की मांग की है। बृजेश गोयल ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के कारण बाजारों में ग्राहक बेहद कम हो गए हैं। पहले जहां रोजाना एनसीआर से 3 से 4 लाख लोग दिल्ली में खरीदारी के लिए आते थे, अब उनकी संख्या घटकर लगभग 1 लाख रह गई है। प्रदूषण के चलते लोगों में डर है खासकर सांस के मरीज तो घर से निकलना ही नहीं चाहते। उन्होंने बताया कि यह समय शादी-विवाह के सीजन का होता है, जब बाजारों में रौनक चरम पर रहती है, लेकिन इस बार दुकानों पर सन्नाटा पसरा है। ग्राहक नहीं आ रहे हैं। डॉक्टरों के पास सांस और फेफड़ों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। प्रदूषण के कारण दिल्ली के व्यापार को हर दिन लगभग 100 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। सीटीआई महासचिव गुरमीत अरोड़ा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक गर्ग ने कहा कि यह समस्या केवल दिल्ली की नहीं, बल्कि पूरे एनसीआर की है। नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोनीपत सभी जगह हवा की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार अपने स्तर पर कोशिश कर रही है, लेकिन यह सिर्फ उसके बस की बात नहीं। जब तक हरियाणा, पंजाब, यूपी, राजस्थान और दिल्ली एक साथ नहीं बैठेंगे, तब तक समाधान नहीं निकलेगा।

# दिल्ली एनसीआर में सांस लेना मुश्किल, ज्यादातर इलाकों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच दर्ज

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के एनसीआर क्षेत्रों में एक बार फिर वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो गई है। पूरे शहर पर धुएं और धुंध की मोटी परत फैली हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह 7 बजे दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (ए.क्यू.आई.) 372 दर्ज हुआ, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इसका मतलब है कि यह हवा लोगों के स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। शहर के ज्यादातर इलाकों में ए.क्यू.आई. 300 से 400 के बीच दर्ज किया गया, जो बहुत खराब से गंभीर प्रदूषण की स्थिति को दिखाता है। आसपास के शहरों में भी स्थिति बेहतर नहीं रही, फरीदाबाद में यह 312, गाजियाबाद में 318, ग्रेटर नोएडा में 325, गुरुग्राम में 328 और नोएडा में 310 रहा, जो सभी बेहद खराब से लेकर गंभीर श्रेणी में आते



हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी हवा में लंबे समय तक रहने से सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और दिल व फेफड़ों की बीमारियां बढ़ सकती हैं। कई लोगों ने पहले ही सांस फूलने, गले में खुजली और आंखों में चुभन की शिकायत की हैं। उधर, दिल्ली-एनसीआर में सर्दी भी बढ़ रही है। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है। दिन का तापमान 27-28 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, आसमान साफ रहेगा और 15-20 किलोमीटर प्रति घंटा की ठंडी हवा चलेगी, जिससे सुबह और शाम ज्यादा ठंड महसूस होगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि कम हवा की रफ्तार, तापमान में गिरावट और बढ़ी नमी के कारण हवा में मौजूद प्रदूषक ऊपर नहीं जा पा रहे हैं। इसके अलावा, आसपास के राज्यों में पराली जलाने से भी धुएँ की परत और गहरी हो रही है। सरकार द्वारा गाड़ियों पर रोक, निर्माण कार्यों पर नियंत्रण और एंटी-स्मॉग गन के इस्तेमाल करने जैसे कदमों के बावजूद हालात में ज्यादा सुधार नहीं दिख रहा है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि लोग, खासकर बच्चे और बुजुर्ग, बाहर कम निकलें और बाहर जाने पर एन-95 मास्क पहनें।

# श्रीमद् भागवत सुनने से पापों से मुक्ति मिलती है: पूर्व महापौर

**उत्तम भारत संवाददतता, नई दिल्ली।** श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन राजगढ़ कॉलोनी गांधी नगर में व्यास गद्दी पर बैठे प्रदीप भारद्वाज द्वारा गोवर्धन पूजा की कथा का वर्णन करते हुए उसका महत्व भी बताया गया।कथा को सुनने वाले भक्तजन मंत्रमुखद होकर कथा को सुन रहे थे। आज पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल कथा में अतिथि के रूप में शामिल हुए जिनका कथा के मुख्य आयोजक भुवनेश गुप्ता ने पुष्पमाला पहनाकर एवं सतीश शर्मा ने पटका पहनाकर स्वागत किया।



श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा प्रदीप महाराज जी बहुत ही अच्छे ढंग से कथा का वर्णन कर रहे है सभी भक्तजन लगातार कई दिनों से आकर कथा ध्यान से सुन रहे है भागवत कथा सुनने का महत्व है कि यह मन को शुद्ध करती है, जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति दिलाती है और मोक्ष की ओर ले जाती है। इसके सुनने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, आध्यात्मिक विकास होता है और जीवन में शांति और सकारात्मकता आती है लेकिन कथा का लाभ उसी भक्त को मिलता है जो कथा को सुनकर उसे अपने जीवन में धारण करता है। कथा का आयोजन करने में रंजना गुप्ता, अर्चना शर्मा,विजय शर्मा, सीमा शर्मा,संजीव गाबा,रेखा गाबा ने सहयोग किया।

# सीबीआई ने पुलिस एएसआई को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा, संपत्ति सत्यापन के लिए 15 लाख मांगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने दिल्ली पुलिस के एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) को रिश्वतखोरी के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी एएसआई थाना ज्योति नगर में तैनात था और उसने कड़कड़डूमा कोर्ट में लंबित एक संपत्ति मामले में अनुकूल सत्यापन रिपोर्ट देने के लिए 15 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई ने 9 नवंबर को मामला दर्ज किया और उसी दिन जाल बिछाकर एएसआई को 2.4 लाख रुपए की आंशिक रिश्वत लेते पकड़ लिया। शिकायतकर्ता ने सीबीआई को बताया कि मीत नगर स्थित उनकी संपत्ति के सत्यापन के लिए एएसआई ने धमकी दी थी कि रिश्वत नहीं दी गई तो प्रतिकूल रिपोर्ट सौंपकर मामला बिगाड़ देगा। शिकायत मिलते ही सीबीआई की एंटी-करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने त्वरित कार्रवाई की। जांच टीम ने शिकायतकर्ता को निर्देश दिए और 9 नवंबर शाम को ऑपरेशन चलाया। एएसआई को रिश्वत की राशि स्वीकार करते हुए मौके पर धर दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर लिया गया है। जांच अभी जारी है और एएसआई के अन्य संभावित लिंक की तलाश की जा रही है। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को दर्शाती है। हम लोक सेवकों में व्याप्त रिश्वतखोरी पर सख्ती से अंकुश लगा रहे हैं। एजेंसी ने आम जनता से अपील की है कि सरकारी अधिकारियों द्वारा रिश्वत मांगने या भ्रष्टाचार के किसी भी मामले की सूचना तुरंत दें। शिकायतकर्ता सीबीआई के एसीबी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से आ सकते हैं या फोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। यह घटना दिल्ली पुलिस के लिए बड़ा झटका है, जहां पहले भी कई अधिकारी रिश्वत मामलों में फंसे हैं।

# दिल्ली के जंतर-मंतर पर शख्स ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

● दिल्ली पुलिस की ओर से उसे प्रदर्शन की अनुमति भी मिल चुकी थी। सोमवार सुबह करीब 9 बजे यह व्यक्ति जंतर-मंतर पर पहुंचा था। बताया जाता है कि यह प्रदर्शनकारी यहां पर ह्यके साथ आया था और उसी कट्टे से उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की।

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक व्यक्ति ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की। फिलहाल, दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। शुरूआती जानकारी सामने आई कि यह व्यक्ति मध्य प्रदेश का रहने वाला था, जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करने आया था। दिल्ली पुलिस की ओर से उसे प्रदर्शन की अनुमति भी मिल चुकी थी। सोमवार सुबह करीब 9 बजे यह व्यक्ति जंतर-मंतर पर पहुंचा था। बताया जाता है कि यह प्रदर्शनकारी यहां पर ह्यके साथ आया था और उसी कट्टे से उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की। उसने दिल्ली पुलिस की ओर से लगाए गए मेटल डिटेक्टर गेट से पहले ही एक चाय की दुकान के पास खुद को गोली मार ली। अभी प्रदर्शनकारी की पहचान नहीं हो पाई है। उसके आत्महत्या करने के कारणों का भी पता नहीं चला है। फिलहाल, पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद हैं और घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। वहीं, दिल्ली के महिपालपुर इलाके में 23 साल की महिला की संदिग्ध मौत की घटना से सनसनी फैल गई। यह महिला नॉर्थ-ईस्ट की रहने वाली थी और गुरुग्राम की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करती थी। दिल्ली पुलिस को सोमवार सुबह एक मकान में महिला का शव होने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने देखा कि महिला बाथरूम के अंदर मृत पड़ी थी। पुलिस ने आशंका जताई है कि बाथरूम में रॉड हीटर से टच होने पर करेंट लगने से उसकी मौत हुई। इसके बाद, पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

# दिल्ली के पश्चिमी विनोद नगर में हो रहे उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**उत्तम भारत संवाददतता, नई दिल्ली।** वार्ड नम्बर 198 पश्चिमी विनोद नगर में पार्षद रवि नेगी के विधायक बनने के बाद यह सीट खाली हो गई थी। इस सीट को भरने के लिए चुनाव आयोग ने चुनाव कराने की घोषणा की। इसी घोषणा के सभी पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा की। जिसमें भाजपा ने पूर्व पार्षद सरला चौधरी को फिर से मौका देकर विश्वास जताया। पूर्व पार्षद सरला चौधरी का अपने वार्ड में अच्छी पकड़ है। वह हमेशा जनता के बीच में उपलब्ध रहती है। पार्षद नहीं होते हुए भी उनके दुःख सुख को अपना समझती हैं और सभी के साथ हमेशा खड़ी रहती है। वहीं आप ने अपनी पार्टी से पूर्व पार्षद




गीता रावत पर दांव लगाया। गीता रावत के बारे में कहा जाता है कि वो अपने कार्यकाल में सभी लोगां को बराबर लेकर चलती थी। वह सभी के काम जल्दी करवा देती थी। कांग्रेस ने पूर्व पार्षद प्रत्याशी विनय शंकर दूबे पर भरोसा जताया। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार बीरेन्द्र सिंह बिष्ट ने नामांकन किया। निर्दलीय उम्मीदवार बीरेन्द्र सिंह बिष्ट के बारे में बताया जा रहा है कि वो भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर नाराज हो गये और नामांकन कर लिया।

# दिल्ली से थार चोरी कर बिहार में बेचीं, पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रंजीत नगर थाना क्षेत्र में थार चोरी होने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने उससे 1 लाख रुपए कैश, एक एप्पल आईपॉड, डिजाइनर गॉगल्स और महंगे जूते बरामद किए गए हैं। पूछताछ में पता चला कि वह अब तक कई लग्जरी एसयूवी चोरी की वारदात में शामिल रहा है। 28 अक्टूबर को उत्तराखंड निवासी एक व्यक्ति अपने दोस्त से मिलने के लिए दिल्ली आया था। उसने अपनी थार बाहर पार्क की थी। अगली सुबह उठने पर वाहन गायब मिला। इस संबंध में रंजीत नगर थाने में केस दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएचओ रंजीत नगर त्रिभुवन नेगी के नेतृत्व और एसीपी/पटेल नगर सुनील कुमार गुप्ता की देखरेख में टीम बनाई गई। टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सबूतों का गहराई से विश्लेषण किया। चोरी हुई थार में रखे एप्पल आईपॉड की लोकेशन को ट्रेस किया गया, जिससे गाड़ी की मूवमेंट सिकंदराबाद, बुलंदशहर (यूपी) तक ट्रैक हुई। गुप्त ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने एक किराए के मकान की पहचान की। 31 अक्टूबर को जब संदिग्ध वहां पहुंचा तो टीम ने दबिश देकर अनिल ( 25 वर्ष) निवासी सिकंदराबाद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अनिल ने खुलासा किया कि उसने चोरी की गई थार को अपने साथी राजू की मदद से सीवान में 2.5 लाख रुपए में बेच दी। उसे 1 लाख रुपए कैश एडवांस में मिला था, जबकि बाकी रकम बाद में देने की बात तय हुई थी। इसके बाद टीम ने बिहार में भी ऑपरेशन चलाया। सीसीटीवी फुटेज से दो व्यक्तियों की पहचान हुई जो आरोपी से डील कर रहे थे। इनमें से एक चोरी की थार लेकर हाईवे की ओर गया और दूसरा अनिल को रेलवे स्टेशन छोड़ने गया। पुलिस ने वहां इस्तेमाल हुई मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन ट्रेस किया, जो मोहम्मद कयूम नामक व्यक्ति तक पहुंचा। उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई। गिरफ्तार अनिल के खिलाफ दिल्ली के जामा मस्जिद, राजौरी गार्डन, कृष्णा नगर, आनंद विहार, फर्श बाजार और मानसरोवर पार्क थाने और उत्तर प्रदेश में 9 आपराधिक केस पहले से दर्ज हैं, जिनमें चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। पुलिस अब चोरी की गई एसयूवी की बरामदगी और फरार आरोपी राजू व बिहार में मौजूद वाहन के खरीदारों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# दिल्ली का विकास सरकार की प्राथमिकता : रेखा गुप्ता

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली में स्वच्छता और हरियाली बढाने के साथ साथ इसका विकास करना सरकार की प्राथमिकता में है। श्रीमती रेखा गुप्ता ने नगर निगम उपचुनाव में भाजपी प्रत्याशी के समर्थन में शालीमार बाग में निकाले गये रोड शो के दौरान कहा कि यह उपचुनाव दिल्ली के स्थानीय विकास, स्वच्छता, और व्यवस्था को सतत सुनिश्चित करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी प्रत्याशी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ जनता की सेवा



करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गौरतलब है कि दिल्ली नगर निगम में बारह सीटों पर 30 नवंबर को उपचुनाव होना है। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि भाजपा के कुल 12 उम्मीदवारों में से आठ महिलाएं हैं। यह नारी शक्ति को नेतृत्व और उचित प्रतिनिधित्व देने की हमारी प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। उन्होंने कहा कि उन्हें दृढ़ विश्वास है कि दिल्ली के प्रबुद्ध नागरिक सेवा के इस संकल्प को अपना बहुमूल्य आशीर्वाद और समर्थन प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली जिन परिस्थितियों के दबाव में इतने सालों से थी अब उनके धीरे धीरे समाधान का समय आ गया है। अब नगर निगम के उपचुनाव में बारह सीटों पर भाजपा का विजयी होना जरूरी है। दिल्ली का विकास, दिल्ली में स्वच्छता और हरियाली हमारा लक्ष्य है। इससे पहले की सरकारों ने सिर्फ राजनीति करने काम किया है लेकिन अब मिलकर दिल्ली का विकास करना है।

# शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों और डीयू परिवार के साथ ली स्वदेशी संकल्प की शपथ

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामजस कॉलेज में सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेज प्रो. बलराम पाणी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम का एक-एक शब्द मां को समर्पित है और मां कभी सांप्रदायिक नहीं हो सकती। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने सामूहिक रूप से विद्यार्थियों और समूचे दिल्ली विश्वविद्यालय परिवार के साथ स्वदेशी संकल्प की शपथ भी ली। धर्मेंद्र प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि 150 साल पहले वंदे मातरम्ह गीत की रचना की गई थी। 19वीं सदी में भारत को बहुत सारी परिस्थितियों से गुजरना पड़ा। सभी जगह विद्रोह का माहौल बना हुआ था, 1857 भी इसकी एक घटना




मात्र है। देश के विभिन्न भागों में उससे पहले भी विद्रोह की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों ने एक लंबी लड़ाई के बाद 1947 में देश को आजाद करवाया। ये आजादी एकाएक एक क्षण में नहीं आई, बल्कि अनेक प्रयासों के बाद मिली। उस स्थिति में जो मुख्य घटनाएं हुई, उसी दौरान राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने के लिए बंकिम चंद्र चटर्जी के द्वारा लिखी गई आनंद मठ की ये कविता वंदे मातरम चेतना की वाहक है जिसने देश को एकत्रित किया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ये वंदे मातरम भारतीयों के लिए कालजयी रचना है। काल निर्पक्ष है-काल सापक्ष है। वंदे मातरम की जो भावना है और उसमें जो प्रेरणा है वह सभी समय में हमारे लिए प्रासंगिक है। आने वाले 22 साल में भारत आजादी की शताब्दी मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्ष्य रखा है कि 2047 तक देश विकसित होना चाहिए। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि वंदे मातरम के गान की आवश्यकता इसलिए पड़ी है कि दुनिया में भारत देश को एक बार फिर से मजबूत करना है और उसमें दिल्ली विश्वविद्यालय की एक प्रमुख भूमिका है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में वंदे मातरम का पूर्णांग गायन नहीं हो पाया। अब भारत सरकार ने निर्णय किया है कि अब से वंदे मातरम का पूर्णांग गायन होगा। इसको जन आंदोलन में परिवर्तित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी निर्णय से यह जन आंदोलन में परिवर्तित नहीं होगा।

## समाचार

# डेंगू मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** विधायक रवि नेगी के वार्ड 198 वेस्ट विनोद नगर दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय हांडा, कीट विशेषज्ञ डॉ शालिनी कोहली, एसएमआई अशोक पारचा, मलेरिया निरीक्षक संजीव कौशिक के दिशा निर्देश से डेंगू, मलेरिया से बचने के लिए घरों में चेकिंग अभियान चलाया गया। मेघराज सिंह मलेरिया विभाग के द्वारा विधायक रवि नेगी जी के वार्ड में डेंगू मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया। मेघराज सिंह एमटीएस चेकर ने पश्चिमी विनोद नगर में डेंगू जागरूकता और जांच अभियान चलाया। मेघराज सिंह एमटीएस चेकर ने कहा कि सभी भाई बहनों को चार-पांच दिन का रुका हुआ पानी जैसे फ्रिज ट्रे मनी प्लांट बोतलों में न रहने दें। पानी पक्षियों का बर्तन पानी वाले पौधे के नीचे प्लास्टिक की प्लेट में रुके हुए पानी को प्रत्येक दिन बदलेंगे और अपील की जागरूक रहे औरों को भी जागरूक करें अभी भी मच्छर की उत्पत्ति पाई जा रही है इसीलिए आपका सहयोग आपकी जागरूकता से ही हम डेंगू मलेरिया मच्छरों से होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव कर सकते हैं अपील कर रहा है दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र।



# खजूरी खास में दो वर्षीय बच्चे की हत्या का मामला सुलझा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में दो साल के बच्चे की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना खजूरी खास की टीम ने लगातार प्रयास करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शाका उर्फ पप्पू उर्फ पागल (40) के रूप में हुई है। आरोपित आवारा है। पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम ने अहम सुराग जुटाने के लिए कई जगहों पर दबिश दी। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में बने संभावित ठिकानों पर छापेमारी के बाद आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित शाका ने अपराध कबूल कर लिया। उसने बताया कि वारदात वाली रात उसकी बच्चे के माता-पिता से कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद उसने गुस्से में आकर यह जघन्य कदम उठाया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपित इससे पहले चोरी के एक मामले में भी शामिल रह चुका है। फिलहाल, पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# एनएसयूआई का वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन, चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को बड़ी संख्या में छात्रों ने एनएसयूआई मुख्यालय से चुनाव आयोग (ईसीआई) तक मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन राहुल गांधी की एच-फाइल्स में किए गए खुलासों के बाद आयोजित किया गया। इस बीच दिल्ली पुलिस ने मार्च को रास्ते में ही रोक दिया। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी की एच-फाइल्स ने एक सच उजागर किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी से जुड़ी चिंताओं को राष्ट्र के समक्ष रखा है, जिससे निर्वाचन पारदर्शिता पर चर्चा शुरू हुई। चुनाव आयोग, जिसे लोकतंत्र का संरक्षक होना चाहिए, हरियाणा में वोट चोरी का माध्यम बन गया। किसी भी राज्य में 25 लाख फर्जी मतदाताओं का पाया जाना एक सुनियोजित षड्यंत्र है। वरुण चौधरी ने कहा कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने हरियाणा में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी की, जिसमें 25 लाख से अधिक फर्जी और दोहराए गए मतदाताओं के नाम शामिल किए गए। उन्होंने कहा कि इस हेराफेरी का सीधा प्रभाव हरियाणा विधानसभा चुनावों पर पड़ा, जहां कांग्रेस मात्र 22 हजार मतों से पराजित हुई। उन्होंने कहा कि भारत का जेन-जेड युवा तब चुप नहीं बैठ सकता जब लोकतंत्र की रक्षा करने वाली संस्थाएं ही समझौता कर लें। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष जारी रहेगा ताकि हर वास्तविक मत की शक्ति बनी रहे और कोई भी फर्जी मत भविष्य का निर्णय न करे।

# बिजली का करंट लगने से युवती की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर इलाके में रविवार रात एक 23 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस को यह मामला बिजली का करंट लगने का प्रतीत हो रहा है। जांच में मृतका की पहचान मणिपुर की रहने वाली फ्लोरेंस के रूप में हुई है। वह किराये के कमरे में रहती थी। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 8 बजकर 19 मिनट पर थाना वसंत कुंज साउथ में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि महिपालपुर स्थित एक कमरे में एक महिला मृत पाई गई है और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। सूचना मिलते ही जांच अधिकारी व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पुलिस ने देखा कि युवती बाथरूम में गिरी पड़ी थी और उसके हाथ में इलेक्ट्रिक रॉड थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वह नहाने के लिए बाथरूम में गई थी और पानी गर्म करने के लिए रॉड का इस्तेमाल कर रही थी। काफी समय तक बाहर न निकलने पर उसकी सहेली, जो उसी इमारत में रहती है, ने जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर क्राइम टीम को बुलाया गया और मौके का निरीक्षण किया गया। शव को सफदरजंग अस्पताल के शवगृह में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कोई भी साजिश या आपराधिक गतिविधि के संकेत नहीं मिले हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# किराए के विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** सुभाष प्लेस इलाके में रविवार को एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। वारदात का कारण किराए का विवाद बताया जा रहा है। युवक की मौत के बाद से आरोपी मकान मालिक फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने मृतक के दोस्त की शिकायत पर हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 26 वर्षीय तमन्ने खां के तौर पर हुई है। मृतक के दोस्त नाजिम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तमन्ने अपने दोस्त वीरेंद्र के साथ शकूरपुर में इरशाद के मकान में किराए पर रहता था। किराए के विवाद में इरशाद ने तमन्ने और वीरेंद्र के साथ पांच नवंबर को बुरी तरह मारपीट की थी। इसके बाद दोनों को कमरे में बंद कर दिया था। सात नवंबर को दोनों किसी तरह कमरे से निकलकर भागने में कामयाब रहे। नाजिम ने बताया कि तमन्ने जब उसके पास आया, तो उसकी हालत काफी खराब थी। शरीर पर मारपीट के गंभीर निशान थे। उसने तमन्ने का कई जगह इलाज कराया, लेकिन उसकी हालत बिगड़ती गई। रविवार को तमन्ने की हालात ज्यादा खराब होने पर वह उसे भगवान महावीर अस्पताल ले गया। यहां पर इलाज के दौरान तमन्ने ने दम तोड़ दिया। मामले की जांच कर रहे इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने बताया कि फरार मकान मालिक की तलाश की जा रही है। पिता का सहारा था तमन्ने नाजिम ने बताया कि तमन्ने समस्तीपुर का रहने वाला था। उसकी मां की पहले ही मौत हो चुकी थी और अब परिवार में पिता मोहम्मद ताहिर हैं। ताहिर की तबीयत भी खराब रहती है। तमन्ने तीन साल से लारेंस रोड स्थित जूता-चप्पल की फैक्टरी में काम कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# सड़कों पर जल्द बढ़ेगी 200 एंटी स्मॉग गन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा कई उपाय किए जा रहे हैं। इनमें से एक उपाय गाड़ियों पर लगे एंटी स्मॉग गन द्वारा पानी का छिड़काव भी है। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में गाड़ियों पर लगे एंटी स्मॉग गन के माध्यम से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। लेकिन प्रदूषण को देखते हुए इनकी संख्या बढ़ाने पर काम किया जा रहा है।

# अस्पताल के लिए स्कूल से बिल्डिंग छीन ली, अस्पताल भी नहीं बनाया: राजेश यादव

- सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर नहीं दे रही ध्यान
- कांग्रेस नेता राजेश यादव ने उठाई नागरिक अस्पताल बनाने की मांग



**गुरुग्राम।** भाजपा सरकार प्रदेश में ना स्वास्थ्य पर कोई ध्यान दे रही है, ना शिक्षा के प्रति गंभीर है। इसका बड़ा उदाहरण यह है कि अस्पताल के लिए सरकारी स्कूल से बिल्डिंग छीन ली और अस्पताल बनाया ही नहीं। अस्पताल की भी बिल्डिंग भी तोड़ दी गई। सात साल में दावों का खेल चलता रहा, जमीन पर काम नहीं किया गया। यह कहना है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का। उन्होंने सोमवार को पुराने नागरिक अस्पताल परिसर का दौरा करके जनता के हित की आवाज उठाई। राजेश यादव ने कहा कि वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। इस अस्पताल के लिए जमीन कम पड़ रही थी। सरकार ने अस्पताल के साथ लगते सरकारी स्कूल की कुछ जमीन शिक्षा विभाग से स्वास्थ्य विभाग को दिलाई। 100 साल से पुरानी सरकारी स्कूल की इमारत इस जमीन के बीच में आ गई। कायदे से उस इमारत को ऐतिहासिक घोषित किया जाना चाहिए था, लेकिन सरकार ने अस्पताल के विस्तार के लिए इसे अस्पताल के विस्तार में शामिल कर लिया। जमीन भी स्वास्थ्य विभाग को दिला दी गई, मगर आगे कोई कार्यवाही नहीं की गई। राजेश यादव ने कहा कि अस्पताल की बिल्डिंग तोड़ दी गई है। स्कूल की बंद की गई बिल्डिंग पर बड़, पीपल व खरपतवार उगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह बिल्डिंग छीनी नहीं जाती तो यहां कम से कम स्कूल में बच्चे तो पढ़ते। राजेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक का मूलभूत सुविधाओं की तरफ कोई ध्यान नहीं है। यहां फव्वारे के नाम पर 9-10 करोड़ रुपये खर्च करते हैं। ग्रीन बेल्ड के नाम पर एक-दो करोड़ खर्च कर दिए जाते हैं। चाय-पानी पर लाखों रुपये खर्च कर दिए जाते हैं, मगर गरीब जनता के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य की तरफ देखना भी पसंद नहीं करते। सरकार के पास अस्पताल, स्कूलों के लिए कुछ नहीं है। क्योंकि इन नेताओं के बच्चे तो यहां पढ़ते नहीं। इनका इलाज सरकारी अस्पतालों में होता नहीं। इसलिए इनके एजेंडे में स्कूल, अस्पताल नहीं हैं। अगर ऐसा होता तो 2018 में अस्पताल बनाने की घोषणा के तीन-चार में अस्पताल बन चुका होता। अब तक डीपीआर तक नहीं बन पाई है।

# अखिल भारतीय लोहा व्यापार संघ ने दिल्ली में दी दस्तक, चुने गए पदाधिकारी

- राजधानी में संगठन के औपचारिक विस्तार को बताया ऐतिहासिक कदम
- व्यापारी समुदाय के बीच तालमेल बढ़ाना है संघ का उद्देश्य: अमित गुप्ता कासनिया



**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय लोहा व्यापार संघ की अहम बैठक में दिल्ली शाखा का दिल्ली के प्रमुख लोहा व्यापारियों की उपस्थिति में विधिवत गठन किया गया। इस आयोजन में केवल दिल्ली के विभिन्न इलाकों से जुड़े डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने भाग लिया। राजधानी में संगठन का औपचारिक विस्तार ऐतिहासिक कदम माना गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता कासनिया और गुरुग्राम शाखा के प्रधान सुमित अरोड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता कासनिया का कहना है कि यह पहल हरियाणा लोहा व्यापार संघ के सफल एवं सक्रिय कार्य मॉडल से प्रेरित है, जो पिछले साढ़े तीन वर्षों से उद्योग हित में लगातार कार्यरत है। उस अनुभव के आधार पर अब दिल्ली में भी एक मजबूत मंच तैयार किया गया है। जिसका उद्देश्य व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा, उद्योग से जुड़ी समस्याओं का समाधान और व्यापारी समुदाय के बीच तालमेल बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि सर्वसम्मति से दिल्ली शाखा की संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमेंनितेश गुप्ता (बिट्टू), राज गुप्ता, सीए अंकुश गोयल, राजन दुआ और एस.के. मित्तल को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गईं। राज्यीय संयोजक के रूप में राजीव गर्ग, जितेंद्र गर्ग, नरेंद्र बंसल, नितेश गर्ग, प्रतीक राठी और पंकज गर्ग को नामित किया गया। एसोसिएशन के बेहतर संचालन के लिए दिल्ली को पांच भौगोलिक जोन में विभाजित किया गया। इसमें पूर्व दिल्ली से पवन बंसल को, पश्चिमी दिल्ली से गंगा शरण को, उत्तरी दिल्ली से अंशुल गुप्ता को, दक्षिणी दिल्ली से अश्विनी सचदेवा को और केंद्रीय दिल्ली से संजय गर्ग को जिम्मेदारी दी गई है।इस अवसर पर नरेंद्र एवं रुचिर ने कहा कि जब यह संगठन देशव्यापी स्तर पर विस्तार करेगा, तब यह न केवल व्यापारिक समस्याओं के समाधान का माध्यम होगा, बल्कि पूरे भारत के लोहा व्यापारियों के बीच आपसी भाईचारा, विश्वास और व्यवसायिक विकास की नई परंपरा स्थापित करेगा। इससे उद्योग में नई ऊर्जा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलेगा। दिल्ली शाखा का गठन, संगठन के राष्ट्रीय विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम है, जो आने वाले समय में उद्योग जगत में एकता और प्रगति की नई दिशा तय करेगा। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि संगठन व्यापारियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ उद्योग में सहयोग, पारदर्शिता और पारस्परिक विकास की भावना को भी मजबूत करेगा। प्रतिनिधियों ने कहा कि दिल्ली शाखा भविष्य में व्यापार से जुड़े मुद्दों जैसे कर व्यवस्था, परिवहन, और प्रशासनिक समन्वय पर सक्रिय भूमिका निभाएगी, ताकि कारोबारी माहौल और सुगम बने।

# सडक, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाने की निगम की लगातार कार्रवाई

- स्ट्रीट वेंडिंग मैनेजमेंट टीम ने कई अस्थाई ढांचे हटाए गए, सामान किया जब्त

**गुरुग्राम।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और सडक, फुटपाथ, बाजार व सार्वजनिक स्थानों पर सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम की स्ट्रीट वेंडिंग मैनेजमेंट टीम लगातार विशेष अभियान चला रही है। सोमवार को टीम ने महावीर चौक, अग्रसेन चौक, गुरुग्राम बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्रों और महरौली रोड सहित कई प्रमुख स्थानों पर व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान फुटपाथों, सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर लगे रेहड़ी-पटरी, खोखे, ढाबे, टपरीनुमा और शेडनुमा संरचनाओं समेत अन्य प्रकार के अस्थायी ढांचों को मौके पर ही हटाया गया। टीम ने अवैध रूप से लगाई गई दुकानों का सामान जब्त कर निगम स्टोर में जमा कराया। कई स्थानों पर वर्षों से जमे अस्थाई ठेले और स्टॉल भी हटवाए गए, जिससे सड़क की चौड़ाई बहाल हो सकी और यातायात सुचारू हुआ। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि अतिक्रमण न केवल यातायात अवरोध पैदा करता है, बल्कि पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए निगम लगातार अभियान चला रहा है और आगे भी कार्रवाई इसी गति से जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा, ठेले, खोखे या निर्माण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों के तहत पहले भी बार-बार चेतावनी दी गई थी। उन्होंने कहा कि निगम की अतिक्रमण मुक्त गुरुग्राम की मुहिम में सभी सहयोग करें और किसी भी प्रकार का अस्थाई ढांचा सार्वजनिक मार्गों पर न खड़ा करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति दोबारा अतिक्रमण करता पाया गया तो उसके खिलाफ चालान सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गुड़ का सेवन करने से शरीर में होता है नई स्फूर्ति व ऊर्जा का संचार

- पश्चिम उत्तरप्रदेश से गुड़ की बिक्री करने के लिए आते हैं लोग



**गुरुग्राम।** वृद्धजनों व आयुर्वेदिक चिकित्सकों का भी कहना है कि सर्दी के मौसम में यदि गुड़ का इस्तेमाल किया जाता है तो वह शरीर के लिए फायदेमंद होता है। शरीर में नई स्फूर्ति व ऊर्जा का संचार होता है। गुड़ का सेवन करने से विभिन्न बीमारियां भी पास नहीं फटकती। गुडगांव क्षेत्र में गन्ने की फसल नहीं होती। गन्ने से ही गुड़ बनाया जाता है। पश्चिम उत्तरप्रदेश के लोनी, बागपत, बड़ौत, शामली, रमाला आदि क्षेत्रों में गन्ने की फसल बड़ी मात्रा में होती है। इन क्षेत्रों में गन्ने से गुड़ भी बनाया जाता है। गुडगांव में प्रतिवर्ष इन क्षेत्रों से लोग गुड़ व शक्कर की बिक्री करने के लिए आते हैं। क्योंकि बड़ी संख्या में गुडगांव में सभी प्रदेशों के लोग निवास करते हैं। सर्दी के दिनों में उन्हें गुड़ बहुत पसंद है। इसलिए पश्चिम उत्तरप्रदेश से बैलगाडियों में गुड़ बेचने के लिए लोग गुडगांव के विभिन्न क्षेत्रों में आते हैं। शहरवासी अपनी जरुरत के हिसाब से गुड़ खरीदते भी हैं।

चमत्कारी गुण समाए हुए हैं गुड़ में लोग गुड़ खाने के चमत्कारी फायदे बताने से नहीं थकते। इनका कहना है कि यदि चने के साथ गुड़ का सेवन किया जाता है तो शरीर बहुत ताकतवर हो जाएगा और थकान भी नहीं होगी। जिम जाने वालों के लिए भी गुड़ चमत्कार के समान है। विज्ञान भी मानता है कि गुडं में काफी मात्रा में विटामिन्स पाए जाते हैं। गुड़ को सदैव अपनी डाइट में शामिल किया जाना चाहिए। गुड़ का सेवन करने से प्रदूषण भी अधिक परेशान नहीं करता। दमे की शिकायत कभी नहीं होती। गुड़ शरीर से सारा अपशिष्ट पदार्थ को बाहर निकालने में भी मदद करता है। गुड़ का सेवन करने से खून भी साफ रहता है। चेहरे पर कील-मुहांसे व फुंसियां नहीं होती। आंखों की रोशनी के लिए भी गुड़ लाभदायक होता है। गुड़ में विटामिन ए पाया जाता है, इसलिए गुड का नियमित रुप से इस्तेमाल किया जाना चाहिए ताकि आंखों की रोशनी बनी रहे।

# नागरिक सुविधाओं के संचालन में किसी भी स्तर की कोताही नहीं होगी स्वीकार्य: नायब सिंह सैनी

- मुख्यमंत्री ने ली जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक
- 17 में से 15 मामलों का हुआ समाधान




**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को यहां स्वतंत्रता सेनानी हॉल में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली। बैठक में रखे गए 17 मामलों में से 15 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने शहर में टैंकर माफिया पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही इंतकाल को ऑनलाइन ना करने पर नायब तहसीलदार के खिलाफ जांच के निर्देश दिए। उन्होंने बिल्डर तय एग्रीमेंट के तहत रेजिडेंट्स को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ऐसा नहीं किया जाता है तो बिल्डर पर कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम जैसे आधुनिक शहर में अवैध रूप से पानी की सप्लाई करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति गैरकानूनी रूप से जल आपूर्ति या शोधन का कार्य करता पाया जाता है तो संबंधित विभाग तुरंत नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करे। साथ ही उन्होंने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में नागरिकों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लें। संबंधित क्षेत्र के एसएचओ द्वारा प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति में कोई बाधा न हो। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिल्डर्स से संबंधित शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी बिल्डर अपने प्रोजेक्ट से जुड़े निवासियों को एग्रीमेंट में तय की गई मूलभूत सुविधाएं पानी, बिजली, सीवर, सडक और सुरक्षा व्यवस्था समय पर उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि यदि कोई बिल्डर ऐसा करने में लापरवाही बरतता है या नागरिकों के साथ अनुबंध के विपरीत व्यवहार करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पटौदी के लोकरा गांव से आए एक शिकायतकर्ता की बात पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित नायब तहसीलदार के खिलाफ जांच के आदेश जारी किए। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसका इंतकाल लंबे समय से ऑनलाइन दर्ज नहीं किया जा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ होना चाहिए, और किसी भी अधिकारी द्वारा लापरवाही या देरी को गंभीरता से लिया जाएगा। गांव बोहड़ा कलां में तीन साल से अधूरे पड़े सीवर कार्य पर मुख्यमंत्री ने लापरवाह अधिकारी का इंक्रीमेंट रोकने के निर्देश दिए। बैठक में गांव बोहड़ा कलां के सरपंच मनवीर सिंह ने अवगत कराया कि गांव में सीवर लाइन बिछाने का कार्य पिछले तीन वर्षों से जारी है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। इस दौरान विभाग ने पूरे मार्ग की खुदाई कर दी है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न विभागों से अनुमति और एनओसी जारी होने में देरी के कारण कार्य अधूरा रह गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में देरी अस्वीकार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिस अधिकारी की लापरवाही से फाइल पेंडिंग रही है, उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए और उसका इंक्रीमेंट रोका जाए, ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी अपने दायित्वों से विमुख न हो। बैठक में कुल 17 मामले रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 15 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि 2 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन लंबित मामलों की स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

# अनाज मंडी व अस्पताल में दिलाई गई स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्ति की शपथ

- नगर निगम गुरुग्राम ने डा. अग्रवाल नेत्र अस्पताल में किया जागरुकता कार्यक्रम




**गुरुग्राम।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सोमवार को सेक्टर-29 स्थित डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल में एक विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा एनएच-8 सर्विस लेन अनाज मंडी क्षेत्र में दुकानदारों और ग्राहकों को कपड़े के थैले उपयोग करने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक करने और शपथ दिलाने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

इस मौके पर कुलदीप हिन्दुस्तानी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है कि वह अपने आसपास की सफाई का ध्यान रखे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह, अस्पताल स्टाफ और हाउसकीपिंग टीम को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक घर और कार्यस्थल पर गीले और सूखे कचरे के लिए दो अलग-अलग कूड़ेदान अवश्य होने चाहिए। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करने का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन की नींव है। जब हम स्वयं अपने परिवेश को स्वच्छ रखेंगे, तभी हमारा शहर और देश स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बन सकेगा। सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। सभी ने प्रतिज्ञा ली कि वे अपने घर, कार्यस्थल और आसपास सफाई बनाए रखेंगे, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल की टीम, विशेषकर सेंटर मैनेजर नेहा, लोकेश, नर्सिंग स्टाफ, डॉक्टरों तथा हाउसकीपिंग सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मैरिंगो एशिया अस्पताल ने शुरू की 24&7 ब्रेन स्ट्रोक हेल्पलाइन

- सूफी सुरों के जरिए दी स्वास्थ्य संदेश की प्रेरणा




**गुरुग्राम।** स्ट्रोक के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर इलाज के महत्व को समझाने के लिए मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम ने शहर की पहली 24&7 ब्रेन स्ट्रोक हेल्पलाइन 1800-309-0247 शुरू की है। यह पहल स्ट्राइक आउड स्ट्रोक (एसओएस) अभियान के तहत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य है—स्ट्रोक के मरीजों और उनके परिवारों को उस समय तुरंत मेडिकल सहायता उपलब्ध कराना, जब हर सेकंड कीमती होता है। प्रसिद्ध सूफी गायिका उस्तादमा जिला खान ने अपने सुरों से लोगों के दिलों को छुआ और संगीत के माध्यम से स्वास्थ्य संदेश दिया। यह कार्यक्रम ओराना कन्वेंशन्स, गुरुग्राम में आयोजित हुआ। मैरिंगो एशिया इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूरो एंड स्पाइन मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स चेयरमैन डॉ. प्रवीण गुप्ता ने बताया कि कई मरीज अस्पताल देर से पहुंचते हैं क्योंकि परिवार स्ट्रोक के शुरूआती संकेतों को पहचान नहीं पाता। यह हेल्पलाइन मरीजों को सीधे न्यूरोलॉजिस्ट और इमरजेंसी टीम से जोड़ती है, जिससे इलाज के बेहतर नतीजे मिलते हैं। डॉ. राजीव सिंगल ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ एडवांस न्यूरो केयर देना नहीं है, बल्कि इसके चारों ओर एक मजबूत इकोसिस्टम बनाना है ऐसा इकोसिस्टम जो क्लिनिकल विशेषज्ञता, निरंतर ट्रेनिंग और नवाचार के प्रति समर्पण पर आधारित हो। डॉ. सौरभ लाल वाइस प्रेसिडेंट और फैसिलिटी डायरेक्टर कहा, हमारा विजन है कि गुरुग्राम को एक स्ट्रोक-रेडी सिटी बनाया जाए। हमारे पास 250 बिस्तरों वाला मल्टी-सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, स्ट्रोक आईसीयू, रिहैबिलिटेशन यूनिट और 24&7 विशेषज्ञ न्यूरो टीम मौजूद है, जो मरीजों को संपूर्ण और एडवांस्ड स्ट्रोक केयर प्रदान करती है।

## समाचार

# एस डी एम कार्यालय से चोरी करते हुए चोर को चौकीदार ने पकड़ पुलिस को सौंपा

**सोहना।** रविवार को छुट्टी वाले दिन एस डी एम कार्यालय में चौकीदार द्वारा चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया ।जहां चौकीदार के साथ चोर ने हाथपाई कर दी ।वहीं चौकीदार ने तुरंत पुलिस को फोन पर सूचना देकर चोर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया ।जहां चोर की पहचान सकील निवासी सोहना के रूप में हुई है ।चौकीदार धनीराम की शिकायत पर चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया ।चोरी को लेकर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह का कहना है मामला दर्ज कर चोर को गिरफ्तार कर लिया ।मामले की जांच जारी है।

# शरद मल्होत्रा निप्पॉन पेंट इंडिया के प्रबंध निदेशक नियुक्त

**गुरुग्राम।** पेंट निर्मात्री जापान की निप्पॉन पेंट होल्डिंग्स की सहायक कंपनी निप्सिया ग्रुप ने शरद मल्होत्रा को निप्पॉन पेंट इंडिया का प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति एक दिसंबर से प्रभावी होगी। शरद मल्होत्रा, प्रबंध निदेशक के रूप में जॉन टैन का स्थान लेंगे और ग्रुप के सीईओ वी स्यू किम को रिपोर्ट करेंगे। अब मल्होत्रा कंपनी में इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। निप्पॉन पेंट राजस्व के मामले में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी पेंट कंपनी और एशिया प्रशांत क्षेत्र में नंबर वन पेंट्स और कोटिंग्स कंपनी है। उनकी नियुक्ति से कंपनी का कारोबार और अधिक बढ़ेगा। मल्होत्रा को निप्पॉन पेंट में 15 वर्ष का अनुभव है। शरद मल्होत्रा का कहना है कि अपनी नियुक्ति से वे बड़े उत्साहित हैं। उन्हें जो जिम्मेदारियां सौंपी गई है, उसका वह बखूवी निर्वाह कर प्रतिष्ठान को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# गाँव रिठौज में खुली नि:शुल्क लाइब्रेरी बनी परिवर्तन की मिसाल

**40 वर्षों में पहली बार चार युवाओं को मिली सरकारी नौकरी।**

**सोहना।** गुरुग्राम जिले के ग्राम रिठौज में संचालित नि:शुल्क लाइब्रेरी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। इस लाइब्रेरी में अध्ययन करने वाले चार युवाओं ने हाल ही में सरकारी नौकरियाँ प्राप्त कीं, जो कि गाँव



के इतिहास में पिछले 40 वर्षों में पहली बार हुआ है ।इन चारों युवाओं का संबंध रिठौज, नया गाँव और बेरका गाँव से है। इनकी सफलता के उपलक्ष्य में लाइब्रेरी परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों, अभिभावकों और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया ।सम्मान समारोह के दौरान युवाओं ने अपने संघर्ष की कहानियाँ साझा कीं — उन्होंने बताया कि किस प्रकार संसाधनों की कमी और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। कई बार उन्होंने लाइब्रेरी में ही बिस्तर लगाकर रातभर अध्ययन किया, और आज उनकी मेहनत रंग लाई है ।ग्रामीणों ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि आने वाले समय में हर गाँव, हर क्षेत्र, हर वार्ड में इसी तरह की नि:शुल्क लाइब्रेरी और पाठशाला स्थापित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक युवा शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक पहुँच सकें ।लाइब्रेरी संचालकों का कहना है कि यह उपलब्धि केवल शुरूआत है। गाँव के युवाओं को प्रेरित करने के लिए अब लाइब्रेरी में कैरियर मार्गदर्शन सत्र, कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी कक्षाएँ, और मेंटॉरशिप कार्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे।

# कार्यशाला का आयोजन कर बताया योग का महतव

**स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन करें योगाभ्यास**

**गुरुग्राम।** जरुरतमंद लोगों की सहायता में जुटी सामाजिक संस्था ऑल स्किल एंड रिसर्च (एएसआर) फाउंडेशन तथा भारतीय योगिनी एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रुप से सैक्टर 4 स्थित अंबेडकर भवन परिसर में स्वास्थ्य के लिए योग संतुलित जीवन का मार्ग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े सदस्य,



क्षेत्रवासी व गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। फाउण्डेशन के अध्यक्ष एमपी शर्मा का कहना है कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कैनविन फाउण्डेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल शामिल हुए। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। माधव गौसेवा धाम के सतीश तायल का कहना है कि स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन सुबह योग, प्राणायाम एवं सैर करना बेहद लाभकारी है। केवल स्वस्थ शरीर ही सुखी जीवन का आधार है। इंडियन योगिनी एसोसिएशन की संस्थापक अध्यक्ष डा. आरएच लता का कहना है कि योग केवल आसनों का अभ्यास न होकर, जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। यह शरीर, मन और आत्मा के मध्य समरसता स्थापित करता है। आयोजन को मौली कर्माकर, गोपा घोषाल, नेहा तनेजा आदि ने भी संबोधित किया। रवि काम्बोज ने कार्यक्रम का संचालन किया। योग गुरु शालिनी भल्ला झाम्ब ने आए हुए लोगों को योगाभ्यास कराया और उन्हें योग के बारे में वि स्तार से जानकारी दी। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य, आहार एवं योगाभ्यास से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों से विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# पार्कों में लाईटें तो लगी हैं, लेकिन जलती नहीं

**सैक्टर 9ए क्षेत्रवासी हैं परेशान, निगम प्रशासन दे ध्यान**

**गुरुग्राम।** नगर निगम व जीएमडीए प्रशासन ने आवासीय क्षेत्रों में पार्कों की व्यवस्था की हुई है और पार्कों में व्यायामशाला भी स्थापित की गई हैं, ताकि क्षेत्रवासी व्यायामशाला का लाभ उठा सकें और पार्कों में प्रातः व सायं टहलकर स्वस्थ रह सकें। नगर निगम ने इन पार्कों में लाईट की व्यवस्था भी की हुई है, लेकिन अधिकांश पार्कों में रात्रि के समय लगी लाईटें बंद ही रहती हैं, जिससे देर सायं क्षेत्रवासी इन पार्कों में जाने से भी कतराते हैं। क्योंकि देर सायं पार्कों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है और कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। इसी प्रकार सैक्टर 9ए क्षेत्र स्थित पार्क में लाईटें तो लगी हैं, लेकिन पिछले कई माह से ये लाईटें खराब पड़ी हैं। इनको ठीक



करने के लिए क्षेत्रवासी व आस-पास क्षेत्र के लोग भी नगर निगम से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। क्षेत्र के निवर्तमान निगम पार्षद संजय प्रधान का भी कहना है कि इस बारे में निगम के कर्मचारियों से आग्रह भी किया जा चुका है कि वे पार्क में लगी लाईटों की जांच कर उन्हें चुस्त-दुरुस्त बनाएं ताकि वे रात्रि में प्रकाश फैला सकें और संभावित अप्रिय घटनाओं को टाला जा सके। क्षेत्रवासियों का कहना है कि महिलाएं व बच्चे भी बड़ी संख्या में इस पार्क में प्रातः व सायं टहलने के लिए आते रहे हैं, लेकिन लाईटें खराब होने के कारण अब उन्होंने भी आना बंद कर दिया है। निगम प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर पार्क में लगी लाईटों को ठीक कराना चाहिए, ताकि क्षेत्रवासी पार्क का पूरा लाभ उठा सकें।

# माल विद्या को बढ़ावा हेतु सरकार और समाजसेवी आगे आये : उपमन्यु



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** राया के क्षेत्र गांव भंकरपुर बसैला में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया इस कुश्ती दंगल में छोटे बड़े सैकड़ों पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाएं

इस विराट कुश्ती दंगल को शुभारंभ ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर किया। उन्होंने कहा कि आज देहात में कुश्ती दंगल जैसे आयोजन दूर होते जा रहे हैं। सरकार और समाजसेवियों को कुश्ती दंगल एवं पहलवानों के प्रोत्साहन हेतु सहयोग करने के लिए दिल खोल कर आगे आना चाहिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों से होनहार प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलता है और चरित्र निर्माण एवं भाई चारे की की भावना को भी बढ़ावा मिलता है हमें ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस विराट कुश्ती दंगल का आयोजन रामहरि प्रधान द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें आखिरी कुश्ती 5 लाख 51 हजार रुपये एक मोटरसाइकिल इनाम रखी गई थी।

कुश्ती दंगल में पूर्व सेल टैक्स असिस्टेंट कमिश्नर चंद्रपाल सिंह पूर्णिया एडवोकेट सूबेदार पंडित समाजसेवी मनोज गोयल अज्जू पहलवान, कान्हा पहलवान ,सोनू पहलवान बसैला, विपिन पहलवान, कहेरी पहलवान बसैला,अजित पहलवान विसावली,सोहिल मथुरा, राममोहन विसावली,नरेश धर्मपुरा,ने अपने अपने प्रतिद्वंद्वी पहलवानों को पराजित कर जीत हासिल की कुश्ती दंगल में चन्द्रपाल सिंह,शिब्वो पहलवान, भूपेश अग्रवाल, हरेन्द्र सिंह, हरिओम पहलवान आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए हुआ एक्सपोजर कार्यशाला का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** एफ़डीडीआई , फुरसतगंज, रायबरेली द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा के सहयोग से जनपद के राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयो के प्रधानाचार्यो का ÷एक्सपोजर कार्यशाला÷ का आयोजन किशोरी रमण इंटर कॉलेज, मथुरा में किया गया। यह कार्यशाला स्कूल के प्रधानाचार्यो को नई शिक्षा नीति-2020 के तहत ऐसे संस्थानो से संबधित जानकारी के लिए था जो स्किल शिक्षा के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण काम कर रहे है।

इस कार्यक्रम में मुरलीधर शर्मा, प्रधानाचार्य, किशोरी रमन इंटर कॉलेज व सुश्री कविता सक्सेना, नोडल ऑफिसर विशिष्ट अतिथि रहे।

इस सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एफ डी डी आई के कार्यकारी निदेशक सुनील द्विवेदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति वोकेशनल शिक्षा स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण स्तम्भ है। जैसा कि शिक्षा नीति कहती है कक्षा 6 से आगे स्कूल मे स्किल शिक्षा अनिवार्य है। इसी को ध्यान मे रखते हुए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिससे स्कूल प्रधानाचार्य यह जान सके कि उनके आस पास के संस्थान किस स्किल की शिक्षा दे रहे है एवं वे अपने स्कूल के लिए इन संस्थानो से किस प्रकार की सहभागिता कर सकते है। इस कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयो से आए प्रधानाचार्यो को फुटवियर एवं फ़ैशन के क्षेत्र मे हो रहे नए प्रयोग एवं तकनीकी से रूबरू कराया गया। जिसे वे अपने छात्रो के साथ साझा करेंगे और छात्रो को सेवा रोजगार तथा व्यासयपरक शिक्षा के नए आयामों से अवगत कराएंगे। इस विजिट के माध्यम से एफ़डीडीआई द्वारा स्कूल नेतृत्व तथा छात्रो को नवीनतम कौशलपरक पाठ्यक्रमो के लिए प्रेरित किया गया ताकि उनके सुनहरे भविष्य की आधारशिला रखी जा सके। इसी अनुक्रम में उन्होंने यह भी बताया की एफ़डीडीआई अपने 4 वर्षीय बीडिज़ाइन फ़ैशन डिज़ाइन ,बी.डिजाइन फुटवियर डिज़ाइन, बी.डिजाइन लेदर लाइफस्टाइल एंड प्रोडक्ट डिजाइन एवं एमबीए रीटेल कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आगामी माह से शुरू करेगा। विद्यार्थी इस हेतू संस्थान में मोबाइल नंबर 7310108020 पर वरुण गुप्ता से संपर्क कर सकते हैं। कार्यकारी निदेशक ने आगे की कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए बताया की एफ़डीडीआई फुरसतगंज केंपस के साथ साथ इसके सैटेलाइट केंपस बंथर, उन्नाव में भी 1 साल की अवधि के कुल तीन डिप्लोमा प्रोग्राम भी शुरू करने जा रहा हैं। यह कोर्स फुटवियर टेक्नोलॉजी, फैशन डिजाइन वह रिटेल फैशन मैनेजमेंट के अत्यंत रोजगार उन्मुख क्षेत्रो में होंगे। इन कोर्सेज की दो खास बातें हैं। प्रथम यह है की छात्र कोर्स से 6 माह या एक सेमेस्टर करने के बाद सर्टिफिकेट लेकर एक्ज़िट भी कर सकते है तथा अगला सेमेस्टर बाद में कभी भी पूरा कर सकते हैं, हालांकि दो सेमेस्टर पूरा करने पर ही डिप्लोमा दिया जाएगा। दोनों सेमेस्टर पूरा करने वाले छात्रों को एफ़डीडीआई द्वारा प्लेसमेंट भी कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया की एफ़डीडीआई को आईआईआरएफ रैंकिंग-2025 में डिज़ाइन कैटेगरी के सरकारी संस्थानो में प्रदेश में द्वितीय स्थान एवं देश मे पंद्रहवा स्थान प्राप्त हुआ है, जो गौरव का विषय है।

# पुलिस ने किया यातामाह को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक




**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** सोमवार को यातायात माह का कार्यक्रम यातायात पुलिस द्वारा श्रीराधा माधव इंटर कॉलेज गोवर्धन रोड मथुरा में आयोजित किया गया जिसमें टीएसआई हरि मोहन त्रिपाठी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को यातायात संकेत, यातायात चिन्ह, यातायात नियमों का पालन ,एमबी एक्ट की महत्वपूर्ण धाराओं के बारे में जानकारी दी गई तथा टीएसआई देव सिंह पाल द्वारा सभी छात्रों को दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाना एवं गोल्डन हावर, वाहन चलाते समय चालक के कर्तव्य, एवं यातायात नियमों को पालन करने के लिए सभी छात्रों को जानकारी दी गई तथा स्टोर प्रभारी हेड कांस्टेबल आदेश कुमार द्वारा शहर में लगे विभिन्न कैमरों के माध्यम से होने वाले चालान एवं यातायात उल्लंघन तथा यातायात नियम का पालन करने के लिए जागरूक किया गया कार्यक्रम की समाप्ति के बाद टीएसआई हरिमोहन त्रिपाठी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों को पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई। स्कूल के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र पचोरी एवं अध्यापक राकेश कुमार पचौरी एवं अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रति जागरूक होकर यातायात पुलिस की प्रशंसा की गई तथा उन्हें ऐसे कार्यक्रमों को स्कूल में पुनः करने के लिए अनुरोध किया गया।

# अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** शासन द्वारा निर्गत आदेशों-निर्देशों के क्रम में आज पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान डीआईजी सहारनपुर ने आमजनमानस की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना तथा समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# भाजपा जितना पाप करेगी, चुनाव आयोग उस पर पर्दा डालेगा : तेजस्वी यादव

**पटना।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में जनता का मूड बदलाव का दिखता है। उन्होंने चुनाव आयोग को लेकर सवाल उठाया कि प्रथम चरण के मतदान के चार दिन गुजर जाने के बाद भी उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि भाजपा जितना पाप करेगी, चुनाव आयोग उस पर पर्दा डालेगी।

पटना में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि वे इस चुनाव में 171 सभाएं कर चुके हैं। सभी लोगों ने एक ही बात की। लोग गरीबी, पलायन, बेरोजगारी से परेशान हैं। बिहार के लोग अब बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में 20 साल से एनडीए की सरकार है, लेकिन बिहार को देश के सबसे निचले पायदान पर छोड़ दिया गया। डबल इंजन की सरकार का कोई फायदा नहीं हुआ। पिछले दो दशकों में लाखों लोग शिक्षा, रोजगार और इलाज के लिए बिहार छोड़कर चले गए। एनडीए को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए चाहती, तो बिहार को नंबर वन राज्य बना देती। बिहार के लोग अब ऐसी सरकार चाहते हैं जो प्रदेश में दवाई, कमाई की व्यवस्था करे। लोग अब सब कुछ यहां ही चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग इतिहास रचने जा रहे हैं। वे नौकरी वाली सरकार लाने जा रहे हैं। बिहार में कलम राज आएगा। अब बिहार सुर्खियों में नहीं सफलताओं में रहेगा। विकसित राज्यों में गिना जाएगा। बिहारी को दूसरे राज्य में नहीं जाना पड़े, ऐसा राज्य बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग घबराए हुए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री डेरा डाले हुए हैं। सीएम हाउस से भी बड़े अधिकारी बुलाए जा रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इस बार जनता सजग है। अधिकारियों को निर्देश दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्ट्रांग रूम का सीसीटीवी बंद हो जा रहा है। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों से पुलिस बल और अधिकारियों को बुलाने के संबंध में भी सवाल उठाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनाव में नकारात्मक बातें कीं। उन्होंने रोड मैप नहीं बताया। उन्हें अपने नेताओं का भ्रष्टाचार नहीं दिखता। उनकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है।

# हत्या के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

*** महावन क्षेत्र में गोली लगने से एक घायल, मृतक का मोबाइल और बाइक बरामद**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** महावन थाना क्षेत्र में पुलिस और वांछित अभियुक्तों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरे को मौके से दबोच लिया गया। पुलिस ने उनके पास से अवैध हथियार, कारतूस, मृतक का मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। यह मुठभेड़ रविवार बीतीरात यमुना एक्सप्रेसवे पर मदनपुर जाने वाली सर्विस रोड पर हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि मुअसं 316/2025 (धारा 103(1)/238 बीएनएस) में वांछित अभियुक्त इस इलाके में मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी की, जिसके बाद बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उजाला पुत्र रामबाबू (23, निवासी कौली पाड़ा, महावन) गोली लगने से घायल हो गया। उसे तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी छौली बलदेव भेजा गया।मुठभेड़ स्थल से उजाला के पास से एक .315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस और तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए। वहीं, गिरफ्तार किए गए दूसरे आरोपी लखन पुत्र रामवीर (22, निवासी प्रेमनगर, महावन) के पास से एक .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस मिला। घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और दो खोखा कारतूस भी बरामद किए गए। क्षेत्राधिकारी महावन संजीव राय ने बताया घायल आरोपी उजाला का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ थाना महावन में चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित पांच मुकदमे दर्ज हैं। महावन थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह व चौकी प्रभारी अरविंद पुनिया ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मीना पाड़ा, महावन निवासी गौरव का शव गोकुल यमुना किनारे बल्लभघाट पर मिला था। परिजनों ने गौरव की हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि गौरव की हत्या रुपये के लेन-देन को लेकर की गई थी।

# मण्डल स्तरीय एथलेटिक्स व हैण्डबाल चयन/ट्रायल हुआ सम्पन्न

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** खेल निदेशालय उ0प्र0 खेल भवन लखनऊ के तत्वाधान में विभिन्न प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभाग हेतु आज मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल का आयोजन राहुल चोपडा क्रीडाधिकारी के दिशा निर्देशन में प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग) की देख-रेख में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता सचिव जिला एथलेटिक्स एवं हैण्डबाल संघ सहारनपुर, यशपाल सिंह पुण्डीर उपाध्यक्ष एथलेटिक्स संघ सहारनपुर, लाल धर्मेन्द्र प्रताप एथलेटिक्स प्रशिक्षक, रवि कान्त धीमान, काजल सिसोदिया, मायरा भारद्वाज, सुप्रिया रानी चयनित खिलाड़ी निम्न प्रकार हैः-1-समन्वय जूनियर बालक/बालिका एथलेटिक्स मण्डल स्तर पर चयनित खिलाडी-

बालक वर्ग-आर्यन, विष्णु, निखिल, गोविन्द, अरनव शर्मा, विशाल, मुसर्रफ, हिमांशू, अंशुल दास, आकाश, वैभव शर्मा, बादल, सुशील कुमार, अभिषेक, विवेक राणा, पंकज, शिव कुमार, आर्यन (सहारनपुर), आरव मौर्या, मो0 हसन (मु0नगर) बालिका वर्ग -एकता, शिया बालियान (मु0नगर), वंशिका (शामली), वैष्णवी, तन्नु, तानिया, नन्दनी त्यागी, वैष्णवी, अंजलि, तन्नु, तन्नु, अंशिका, खुशी (सहारनपुर)

उपरोक्त एथलेटिक्स मण्डल स्तरी पर चयनित खिलाडी दिनांक 13 से 14 नवम्बर, 2025 तक वाराणसी में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक/बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें।

2-पं0 दीन दयाल सीनियर महिला हैण्डबाल मण्डल स्तर पर चयनित खिलाडी-सृष्टि, साहना रावत, आस्था सैनी, प्रिंशी, अंजली, अनोखी सैनी, कशिश सैनी, प्रज्ञा सैनी, वंशिका कश्यप, तन्नु, मायरा भारद्वाज, लक्ष्मी (सहारनपुर)

आरक्षित खिलाडी-वर्तिका, शगुन

उक्त मण्डल स्तर पर चयनित हैण्डबाल महिला खिलाडी दिनांक 13 से 16 नवम्बर, 2025 तक बस्ती में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय पं0 दीन दयाल सीनियर महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें।

# मध्य प्रदेश में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1500 रुपए, सरकार ने बढ़ाई 'लाड़ली बहना योजना' की राशि

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' के तहत महिलाओं को मिलने वाली सहायता राशि को 1250 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति महीना करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई।

मार्च 2023 से 1000 रुपए मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ यह योजना शुरू की गई थी। सितंबर 2023 से 1,250 रुपए मासिक आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' में 250 रुपए की वृद्धि कर नवंबर 2025 से 1500 रुपए मासिक आर्थिक सहायता राशि दिए जाने की स्वीकृति दी गई है।

बैठक में फैसला लिया गया कि 12 नवंबर को सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 1 करोड़ 26 लाख महिलाओं के खातों में यह राशि भेजी जाएगी।

योजना में 250 रुपए की वृद्धि किए जाने पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,793 करोड़ 75 लाख रुपए के अतिरिक्त बजट की जरूरत होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 20,450 करोड़ 99 लाख रुपए संभावित व्यय होगा।

इसके अलावा, बैठक में आचार्य शंकर संग्रहालय 'अद्वैत लोक' के निर्माण के लिए मंजूर लागत को बढ़ाने का फैसला लिया गया। जून 2025 में 2195 करोड़ 54 लाख रुपए मंजूर किए गए थे, लेकिन सोमवार को मंत्रिमंडल ने इसमें संशोधन करते हुए लागत 2424 करोड़ 369 लाख रुपए करने की स्वीकृति दी।

संस्कृति विभाग की ओर से ओंकारेश्वर में एकात्म धाम परियोजना में आचार्य शंकर की 108 फीट की बहुधातु प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर आधारित शंकर संग्रहालय 'अद्वैत लोक' का निर्माण, आचार्य शंकर अंतरराष्ट्रीय वेदांत संस्थान और अद्वैत निलयम के निर्माण कार्य किए जाएंगे। मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने शासकीय भवनों में 'पीपीपी' मॉडल पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों को मंजूरी दी है। वहीं, खंडवा जिले के मांधाता में सिविल कोर्ट की स्थापना के साथ 7 नए पदों के सृजन का फैसला लिया गया।

# संभावित डुप्लीकैट मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कराकर करें वेरीफाई

*** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही पाये जाने पर दोषी कार्मिक के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई**

*** जिलाधिकारी मनीष बंसल के सराहनीय प्रयासों की सराहना की**




**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** विशेष कार्याधिकारी, विभागाध्यक्ष राज्य निर्वाचन आयोग डॉक्टर अखिलेश कुमार मिश्रा द्वारा सर्किट हाउस सभागार में सहारनपुर मंडल के तीनों जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली में पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्यों की समीक्षा की गई।

डॉक्टर अखिलेश कुमार मिश्रा द्वारा समीक्षा में संभावित डुप्लीकैट मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कराकर वेरीफाई करने पर जोर दिया। उन्होने कम प्रगति वाले तहसीलों को लेकर नाराजगी जताई और त्वरित गति से पंचायत डुप्लीकेट वेरिफिकेशन कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने का निर्देश दिए। उन्होने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाये जाने पर दोषी कार्मिक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी। सहारनपुर में घर घर जाकर गणना कार्य करने तथा शत-प्रतिशत कार्य ई-बीएलओ ऐप के माध्यम से पूर्ण करने तथा पंचायत निर्वाचन कार्यालय के जीर्णोद्धार कार्य के लिए डीएम सहारनपुर श्री मनीष बंसल के दृढ़ निश्चय एवं सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए बाकी जिलों को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए निर्देशित किया। डीएम सहारनपुर श्री मनीष बंसल द्वारा प्रति बीएलओ 200 रुपये डेटा भत्ता की धनराशि जारी करने की माँग किये जाने पर डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा ने अतिशीघ्र धनराशि जारी करने की बात कही।

समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहारनपुर श्री सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शामली श्री सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मुजफ्फरनगर श्री गजेन्द्र कुमार, एसडीएम श्री युवराज सिंह, श्री सुबोध कुमार, श्री मानवेन्द्र सिंह, पूर्वा शर्मा, श्री सुरेन्द्र कुमार, एडीईओ (पंचायत) श्री मनोज सिंह, श्री जसवंत सिंह, श्री अंकित खोखर, ईडीएम श्री अमित यादव, श्री अर्जुन सिंह, श्री पंकज निर्वाल आदि उपस्थित रहे।

# पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, मथुरा में राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ




*** पशु जन्म नियंत्रण (श्वान कल्याण एवं जनस्वास्थ्य जागरूकता) विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा में आज से सात दिवसीय ÷पशु जन्म नियंत्रण (श्वान कल्याण एवं जनस्वास्थ्य जागरूकता)÷ विषय पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र के मार्गदर्शन में 10 से 16 नवम्बर, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में देश के 13 राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना एवं कर्नाटक से आए 25 पशुचिकित्सक भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पशु कल्याण बोर्ड, भारत सरकार, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य पशुचिकित्सकों को श्वानो की जनसंख्या नियंत्रण, पशु कल्याण एवं जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में अद्यतन ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। सात दिनों के इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को 21 व्याख्यान एवं 7 व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनमें शामिल हैं। उद्घाटन सत्र में कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने वैज्ञानिक एवं मानवीय दृष्टिकोण से आवारा श्वान की जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया तथा समुदाय के स्वास्थ्य एवं पशुओं के प्रति करुणा के महत्व को रेखांकित किया। सप्ताह भर चलने वाला यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्यों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करेगा तथा पशुचिकित्सकों को देशभर में वैज्ञानिक एवं नैतिक पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्षम बनाएगा।

# राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्य सचिव मनोज दास का राजभवन में अभिनंदन समारोह

**गांधीनगर।** गुजरात राजभवन में सोमवार को एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नवनियुक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार दास का अभिनंदन किया और उन्हें बधाई दी।

राज्यपाल ने कामना की कि उनके कार्यकाल में गुजरात की विकास यात्रा और तेजी से आगे बढ़े। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशासनिक सुधारों पर बल देते हुए कहा कि सरकारी कामकाज को और अधिक सुगम, सरल और जनहितैषी बनाना चाहिए।

समारोह में मुख्य सचिव मनोज कुमार दास ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार के सभी अधिकारी और कर्मचारी नागरिकों की सेवा के लिए पूरी निष्ठा से जुटे हैं। दिन-रात मेहनत करने वाले ये लोग नवाचार और आधुनिक तकनीक का सहारा लेकर आवेदकों के कामों को तेजी से निपटाने में लगे हैं। दास ने आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर रहेगा।

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चल रहे राष्ट्रीय अभियानों का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' और 'प्राकृतिक कृषि' जैसे अभियानों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाना चाहिए।÷

राज्यपाल ने जन जागरूकता पैदा करने के प्रयासों को और प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने और स्वास्थ्य सुरक्षा का भी मजबूत आधार है।

राज्यपाल ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि इन अभियानों को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि गुजरात हमेशा से विकास का मॉडल रहा है और अब प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ सतत विकास की दिशा में भी अग्रणी बने।

मुख्य सचिव मनोज दास ने राज्यपाल की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि विभागीय स्तर पर इन योजनाओं को लागू करने के लिए विशेष टीम गठित की जाएगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल गवर्नेंस और ई-गवर्नेंस के जरिए पहले से ही कई सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिससे आम जनता को राहत मिल रही है।

P-06:28 paga09_jhn.qxd 11/10/2025 6:13 PM Page 1



# सम्पादकीय

## बिहार चुनाव में उतर मध्य-पश्चिम की दहलीज पर सियासी रथ

11 नवम्बर को 122 सीटो पर मतदान होगा। गया, मधुबनी की दस दस सीटे और 12 सीटे ईस्ट चंपारण आदि की सीटें का समावेश है। सीमांचल में 4 जिले आते है। कटियार, अररिया, पूर्णिया और किशनगंज इन चार जिलों में 24 विधानसभा सीटे है। बिहार में इस चुनाव के बाद 14 नवम्बर को परिणाम घोषित होगा। पूर्णिया, धमदाहा, बनमनखी, रुपौली, बैसी, अमौर पूर्णिया जिले में आती है। यह सीमांचल का हिस्सा है। सीमांचल की लगभग 45 फीसदी से 50 फीसदी आबादी मुस्लिम है, जो बिहार के अन्य हिस्सों से काफी अधिक है। किशनगंज जिला तो लगभग 70 फीसदी मुस्लिम बहुल है। अररिया, कटिहार और पूर्णिया में भी मुस्लिम आबादी 40-45 फीसदी तक है। यही कारण है कि यहां एआईयूडीएफ, एआईएमआईएम और जेडीयू और कभी-कभी कांग्रेस को मुस्लिम वोटरों का अच्छा समर्थन मिलता है। यादव जाति मुख्यतः आरजेडी का पारंपरिक वोट बैंक भी सीमांचल में प्रभावशाली है, विशेषकर पूर्णिया व अररिया जिलों में। इसके अलावा कुर्मी, कोयरी, निषाद, मल्लाह, बनिया, कुशवाहा जैसी जातियाँ भी अच्छी संख्या में हैं। पासी, मुसहर, चमार समुदाय भी सीमांचल के ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में मौजूद हैं। इनका वोट आमतौर पर आरजेडी कॉंग्रेस या जेडीयू में बँटता है। ब्राह्मण, भूमिहार, राजपूत और कायस्थ जातियाँ भी शहरी केंद्रों जैसे कटिहार और पूर्णिया में हैं, परंतु इनकी संख्या अपेक्षाकृत कम है। यह वर्ग प्रायः बीजेपी या जेडीयूको समर्थन देता है। सीमांचल की 24 सीटें राज्य की सत्ता निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यहाँ के वोट बैंक धार्मिक एकता और स्थानीय मुद्दों पर आधारित होते हैं, न कि केवल जातीय समीकरणों पर। पिछले चुनावों मेआरजेडी और कांग्रेस गठबंधन को मुस्लिम-यादव समीकरण से लाभ एआईएमआईएम ने कुछ सीटों पर मुस्लिम वोटों में सेंध लगाई जैसे-किशनगंज, अमौर, जोकीहाट भाजपा को सवर्ण और गैर-मुस्लिम पिछड़ी जातियों का समर्थन मिला। लेकिन जहां पर लालू और कांग्रेस का गठबंधन था, वहा पर आज भी लोग आस लगाए हुए है। इनको वोट चाहिए। विकास के नाम पर गुमराह किया जाता है। इस बार लालू और कांग्रेस को फायदा होने वाला नही है। अब इस बार एनडीए की तरफ ज्यादा झुके हुए है। सीमांचल के ज़िले कटिहार, पूर्णिया, अररिया, किशनगंजकुल सीटें24मुख्य प्रभावशाली समुदाय मुस्लिम, यादव, कुर्मी, कोयरी, पासी, ब्राह्मण, भूमिहारराजनीतिक रूप से सक्रिय दल आरजेडी, कांग्रेस, जेडीयू एआईएमआईएम और भाजपा है। मुख्य मुद्दे बेरोजगारी, बाढ़, विकास, शिक्षा, अल्पसंख्यक सुरसीमांचल के बाद बिहार का वह क्षेत्र जहाँ भाजपा मजबूत है। सीमांचल कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया, अररिया के बाद भाजपा का सबसे मजबूत क्षेत्र मिथिलांचल और मगध क्षेत्र माना जाता है। मिथिलांचल क्षेत्र में मुख्य जिले है। दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, शिवहर जिसमे भाजपा का गढ़ माना गया है। यहाँ उच्च जाति ब्राह्मण, राजपूत, बनिया और मध्यम वर्गीय मतदाता भाजपा के कोर वोटर हैं।

# विशेष

## भारत-अमेरिका विवाद में क्वाड का भविष्य दांव पर

-नित्य चक्रवर्ती-

कुछ अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि अमेरिका भारत को छोड़कर क्वाड शिखर सम्मेलन आयोजित कर सकता है जिसमें फिलीपींस भी शामिल होगा। इसका उद्देश्य भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान को भ्रमित करना है। फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता क्योंकि फिलीपींस, भारत का विकल्प नहीं है, जो एक प्रमुख आर्थिक और समुद्री शक्ति है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पसंदीदा समूह क्वाड की सुरक्षा वार्ता हेतु नई दिल्ली में इस साल के अन्त तक प्रस्तावित क्वाड शिखर सम्मेलन-2025 अब भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव, जिसमें व्यापार और राजनीतिक दोनों मुद्दे शामिल हैं, के कारण गहरे संकट में है। साथ ही, इस साल मई में चार दिनों के लिए भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति की भूमिका को लेकर ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच व्यक्तिगत संबंधों में भी गिरावट आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फरवरी 2025 की व्हाइट हाउस यात्रा के दौरान तय किए गए मूल कार्यक्रम के अनुसार, यह निर्णय लिया गया था कि भारत 2025 की दूसरी छमाही में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा और ट्रंप भारत का दौरा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के सूत्रों ने स्पष्ट रूप से बताया कि कार्यक्रम तय करने का काम केवल भारतीय प्रधानमंत्री पर छोड़ दिया गया था। अब 7 नवंबर तक, प्रधानमंत्री कार्यालय या विदेश मंत्रालय की ओर से इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि क्वाड शिखर सम्मेलन हो रहा है और उसकी तैयारियां की जा रही हैं। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों में यह संकेत दिया गया था कि क्वाड बरकरार रहेगा, लेकिन उन्होंने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की कि भारत इसकी मेजबानी करेगा या नहीं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 2017 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान प्रचारित क्वाड में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। अमेरिका इसे एशिया-प्रशांत देशों के एक समूह के रूप में देखता था जो प्रशांत क्षेत्र में दीर्घकालिक सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए चारों देशों के लिए एक सामूहिक तंत्र के रूप में कार्य करेगा। उस समय आधिकारिक दस्तावेज में चीन का नाम आधिकारिक तौर पर नहीं लिया गया था, लेकिन यह स्पष्ट था कि अमेरिका एशिया-प्रशांत में चीनी सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए क्वाड के माध्यम से भारत को एक प्रमुख भागीदार के रूप में देखना चाहता था। यही वह दौर था जब नरेंद्र मोदी ट्रम्प के अच्छे मित्र थे और उनकी व्यक्तिगत समझ उच्च कोटि की थी। चीन का मुद्दा भारतीय प्रधानमंत्री के लिए लगातार चिंता का विषय रहा है और उन्होंने चीन के विरुद्ध ट्रंप की एशिया-प्रशांत समुद्री सुरक्षा रणनीति का हिस्सा बनने के लिए खुशी-खुशी सहमति जताई। जुलाई 2020 में भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में हुई झड़पों, जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए, के बाद क्वाड के प्रति यह लगाव और भी प्रबल हो गया। बाइडेन के कार्यकाल में क्वाड दृष्टिकोण 2024 तक और ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले दो महीनों के दौरान अप्रैल 2025 तक जारी रहा। लेकिन भारत के लिए, इस वर्ष अप्रैल के बाद और अगस्त से स्थिति में भारी बदलाव आया, जब अमेरिका को भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत का कुल टैरिफ लागू हो गया, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। अमेरिका ने भारत को कच्चा तेल निर्यात करने वाली रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए और इससे एक संकट की स्थिति पैदा हो गई जब भारतीय कंपनियों को रूस से आपूर्ति कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए चल रही तमाम मौजूदा बातचीत के बावजूद, अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। ट्रंप और मोदी के बीच कभी-कभार होने वाली बातचीत और एक-दूसरे को नमस्कार कहने के बावजूद भारत-अमेरिका संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। अमेरिकी सूत्रों के अनुसार, ट्रंप इस साल 30 अगस्त को चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ नरेंद्र मोदी की मुलाकात के दौरान भारत द्वारा चीन के साथ दोस्ती के नए कदमों से काफी नाराज हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अधिकारी इस बात का आकलन करने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या यह भारत द्वारा चीन को खुश करने की कोई नीतिगत पहल थी, या नाराज मोदी की ओर से ट्रंप को कोई संकेत देने की एक अस्थायी चाल थी।

# सड़कों पर मौत की रफ़्तार पर ब्रेक कब लगेगा ?

-डॉ. प्रियंका सौरभ-

भारत की सड़कों पर हर दिन लगभग चार सौ लोग अपनी जान गंवाते हैं। यह आँकड़ा किसी आपदा या महामारी से नहीं, बल्कि हमारी सड़कों पर व्याप्त अव्यवस्था और लापरवाही से जुड़ा है। अनेक योजनाएँ, अभियान और कानून बनने के बावजूद भारत आज भी दुनिया के सबसे अधिक सड़क दुर्घटना मृत्यु दर वाले देशों में गिना जाता है। सवाल यह नहीं कि सरकार ने कुछ किया या नहीं, बल्कि यह है कि हमने सड़क सुरक्षा को कितनी प्राथमिकता दी। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक असफलता है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक संस्कृति की भी परीक्षा है।

भारत में सड़क सुरक्षा पर चर्चा अक्सर किसी बड़ी दुर्घटना या प्रसिद्ध व्यक्ति के हादसे के बाद तेज होती है, लेकिन कुछ दिनों में सब सामान्य हो जाता है। सड़क सुरक्षा को लेकर जो नीतियाँ बनती हैं, वे अधिकतर कागजों तक सीमित रह जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत विश्व की कुल सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का लगभग ग्यारह प्रतिशत अकेले वहन करता है, जबकि हमारे पास विश्व की कुल गाड़ियों का हिस्सा मात्र एक प्रतिशत है। यह असंतुलन किसी भी जिम्मेदार राष्ट्र के लिए चेतावनी है।

सड़क दुर्घटनाओं के पीछे कई गहरे और परस्पर जुड़े कारण हैं। सबसे प्रमुख कारण है-अवसंरचना की गुणवत्ता और डिजाइन में गंभीर खामियाँ। हमारे अनेक राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर संकेतक, डिवाइडर, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा अवरोधक नहीं हैं। कई बार सड़कों का चौड़ीकरण बिना यातायात प्रवाह के वैज्ञानिक अध्ययन के किया जाता है। छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में सड़कें वर्षा में टूट जाती हैं और वर्षों तक बिना मरम्मत के उपयोग में रहती हैं। सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और निम्न गुणवत्ता के कारण लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है।

दूसरा बड़ा कारण है-कमजोर प्रवर्तन प्रणाली। भारत में यातायात नियम तो हैं, पर उनके पालन की संस्कृति नहीं है। तेज रफ़्तार, गलत दिशा में वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के यात्रा करना और नशे की हालत में गाड़ी चलाना आम बात है। पुलिस बलों के पास न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही तकनीकी प्रशिक्षण कि वे इन नियमों को सख़्ती से लागू करा सकें। ह्लई-चालानह्व जैसी पहलें केवल बड़े शहरों तक सीमित रह जाती हैं, जबकि ग्रामीण भारत में यातायात नियंत्रण लगभग नाममात्र का है। तीसरा कारण है-ड्राइविंग लाइसेंस व्यवस्था की खामियाँ। भारत में ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना कौशल का नहीं, बल्कि प्रक्रिया की औपचारिकता का प्रतीक बन गया है। प्रशिक्षण केंद्रों की कमी और भ्रष्टाचार के कारण बिना समुचित परीक्षण के लाइसेंस जारी कर दिए जाते हैं। परिणामस्वरूप असुरक्षित चालक सड़कों पर उतर जाते हैं। कई देशों में वाहन चलाना एक जिम्मेदारी का प्रतीक माना जाता है, जबकि भारत में यह केवल एक अधिकार की तरह देखा जाता है।

इसके अतिरिक्त, वाहनों की तकनीकी सुरक्षा प्रणाली का अभाव भी दुर्घटनाओं में मृत्यु का बड़ा कारण है। अधिकांश वाहनों, विशेषकर ट्रक, बस और ऑटो श्रेणी में टक्कर-चेतावनी प्रणाली, एयरबैग, या ऊर्जा-अवशोषक ढाँचा नहीं होता। विकसित देशों में वाहन निर्माण के समय सुरक्षा प्रावधान अनिवार्य हैं, परंतु भारत में ये केवल महंगे मॉडलों तक सीमित रहते हैं। वाहन उद्योग और नियामक संस्थाओं के बीच जवाबदेही का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है। दुर्घटना के बाद की स्थिति और भी भयावह है। ट्रॉमा केयर और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था की कमी के कारण घायल व्यक्ति समय पर उपचार नहीं पा पाते। स्वर्णिम घंटा यानी दुर्घटना के बाद का पहला घंटा जीवन बचाने के लिए निर्णायक होता है, परंतु हमारे देश में यह घंटा अक्सर सड़कों पर तड़पते हुए बीत जाता है। ग्रामीण इलाकों में एम्बुलेंस सेवाएँ भी सीमित हैं, और जो हैं, वे ईंधन या स्टाफ की कमी से प्रभावित रहती हैं।

सड़क दुर्घटनाओं का आर्थिक पक्ष भी गंभीर है। नीति आयोग के अनुसार, भारत हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग तीन प्रतिशत तक खो देता है। यानी न केवल लोग मर रहे हैं, बल्कि विकास की रफ़्तार भी घट रही है। एक व्यक्ति की मृत्यु परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए स्थायी क्षति है। यह केवल आँकड़ों की बात नहीं, बल्कि मानवीय जीवन के सम्मान का प्रश्न है।

अब प्रश्न यह है कि इस स्थिति को बदला कैसे जाए? सबसे पहले तो सड़क सुरक्षा को प्रतिक्रियात्मक नहीं, निवारक नीति के रूप में अपनाना होगा। इसका अर्थ है कि दुर्घटनाओं के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले से ऐसा तंत्र विकसित किया जाए जो दुर्घटनाओं को रोके। इसके लिए सड़क निर्माण, वाहन प्रौद्योगिकी, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं में समन्वित दृष्टिकोण आवश्यक है।

पहला कदम होना चाहिए-वैज्ञानिक सड़क डिजाइन और रखरखाव। हर सड़क परियोजना में निर्माण से पहले सड़क सुरक्षा लेखा-परीक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए। सड़कें केवल चौड़ी नहीं, बल्कि सुरक्षित और समझदार हों। संकेतक, गति अवरोधक, क्रैश बैरियर और रात्रि प्रकाश जैसे तत्वों को डिजाइन का अभिन्न भाग बनाना होगा। उदाहरण के लिए, चेन्नई और पुणे जैसे शहरों में शून्य मृत्यु गलियारा योजना के तहत मृत्यु दर में पचास प्रतिशत तक कमी आई है। दूसरा कदम, लाइसेंस व्यवस्था में सुधार। पासपोर्ट सेवा केंद्र की तरह लाइसेंस सेवा केंद्र बनाकर पारदर्शी, डिजिटल और कौशल आधारित मूल्यांकन किया जा सकता है। प्रत्येक चालक को सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण से गुजरना अनिवार्य किया जाए। इससे भ्रष्टाचार घटेगा और योग्य चालक सड़कों पर उतरेंगे। तीसरा कदम, वाहनों में सुरक्षा प्रौद्योगिकी का प्रसार। सरकार को सभी वाहनों में एयरबैग, सेंसर और टक्कर चेतावनी प्रणाली जैसे फीचर अनिवार्य करने चाहिए। भारत वाहन सुरक्षा मूल्यांकन कार्यक्रम (भारत एनसीएपी) सही दिशा में है, परंतु इसे प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है। चौथा कदम, पैदल यात्रियों और गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए सुरक्षित अवसंरचना का विकास। हमारे शहरों में फुटपाथ अक्सर गायब हैं या दुकानों और पार्किंग में बदल जाते हैं। सुरक्षित जेब्रा क्रॉसिंग, फुटओवर पुल और संकेत व्यवस्था से हजारों जानें बचाई जा सकती हैं। कोपेनहेगन और टोक्यो जैसे शहरों की तरह पैदल और साइकिल यात्रियों के लिए समर्पित मार्ग विकसित करने होंगे। पाँचवाँ कदम, आपातकालीन प्रतिक्रिया नेटवर्क को मजबूत करना। हर पचास किलोमीटर पर ट्रॉमा केंद्र, चौबीस घंटे एम्बुलेंस सेवा और हेल्पलाइन के साथ राष्ट्रीय दुर्घटना प्रतिक्रिया जाल तैयार किया जा सकता है। उपग्रह आधारित प्रणाली से एम्बुलेंस को शीघ्रतम मार्ग मिल सकता है। निजी अस्पतालों को दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने का दायित्व कानूनी रूप से लागू किया जाना चाहिए। साथ ही, जनजागरूकता का पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सड़क सुरक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि नागरिकों की जिम्मेदारी भी है। विद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा शिक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट अभियान, तथा मीडिया के माध्यम से निरंतर जनसंवाद से व्यवहार में परिवर्तन लाया जा सकता है। जब तक नागरिक स्वयं जिम्मेदारी नहीं लेंगे, तब तक कोई भी नीति स्थायी परिणाम नहीं दे पाएगी। कई देशों में सड़क सुरक्षा को राष्ट्र-निर्माण का अंग माना गया है। स्वीडन की विजन जीरो नीति इसका उदाहरण है, जहाँ 1997 से यह लक्ष्य रखा गया कि किसी को भी सड़क पर मरना नहीं चाहिए। इस नीति ने डिजाइन, प्रवर्तन और तकनीक के संयोजन से मृत्यु दर को आधे से अधिक घटा दिया। भारत को भी इसी सोच के साथ आगे बढ़ना होगा, जहाँ मानव जीवन की कीमत सर्वोपरि हो। अंततः यह स्वीकार करना होगा कि भारत की सड़क सुरक्षा समस्या केवल अवसंरचना की नहीं, बल्कि मानसिकता की भी है। जब तक लोग स्वयं अनुशासन को अपनाने और दूसरों के जीवन का सम्मान करने नहीं सीखेंगे, तब तक कोई भी कानून कारगर नहीं होगा। सड़क सुरक्षा को राजनीतिक नारे से आगे बढ़ाकर सामाजिक आंदोलन बनाना होगा। भारत आज आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, पर यह विडंबना है कि हर साल लाखों लोग केवल इसलिए मर जाते हैं क्योंकि हमारी सड़कें असुरक्षित हैं। विकास का वास्तविक अर्थ तभी होगा जब सड़कों पर चलने वाला हर व्यक्ति-चाहे वह चालक हो, साइकिल सवार या पैदल यात्री-स्वयं को सुरक्षित महसूस करे।

# स्वदेशी, आत्मनिर्भरता व आर्थिक सुधार

-डा. जयंतीलाल भंडारी-

हाल ही में 7 नवंबर को प्रकाशित विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। अब भारत को 2047 तक 30000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2017 में पिछले एफएसए के बाद से भारत की वित्तीय प्रणाली अधिक मजबूत, विविध और समावेशी हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्तीय क्षेत्र में सुधारों ने भारत को 2010 के दशक के विभिन्न संकटों और महामारी से उबरने में मदद की। रिपोर्ट में खाता उपयोग को और बढ़ावा देने और व्यक्तियों तथा एमएसएमई के लिए वित्तीय उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच को आसान बनाने के सुझाव भी दिए गए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने एसबीआई कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से स्वदेशी आत्मनिर्भरता और आर्थिक सुधार देश की अर्थव्यवस्था बड़ा सहारा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना एक ऐसे राष्ट्र की है, जो अपने लिए और दुनिया के लिए डिजाइन, उत्पादन और नवाचार करता है। साथ ही एक ऐसी अर्थव्यवस्था की है, जो आत्मविश्वास, उद्यमिता और संवेदनशीलता से प्रेरित हो। आत्मनिर्भर भारत के पांच प्रमुख आयाम हैं, जिसमें आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक आत्मनिर्भरता, तकनीकी आत्मनिर्भता, सामरिक आत्मनिर्भरता और ऊर्जा आत्मनिर्भरता शामिल हैं। सीतारमण ने कहा है कि आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से अलग-थलग रहना नहीं है, बल्कि यह एक मजबूत और सक्षम परस्पर निर्भरता है, जो घरेलू जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ वैश्विक वैल्यू चेन से जुडड्डे की क्षमता रखती है।

स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का अंतिम लक्ष्य 2047 तक आम आदमी के विकास के साथ विकसित भारत का निर्माण करना है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में भारत स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के साथ अपने आर्थिक, वित्तीय और अन्य सुधारों के दम पर वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूती से आगे बढ़ा है। साथ ही भारत की घरेलू खपत भी भारत की आर्थिक शक्ति बन गई है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है। साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। इसी तरह एसबीआई कैपिटल मार्केट्स की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय वैश्विक व्यापार की चुनौतियों और ट्रंप के 50 फीसदी उच्च टैरिफ के चलते भारत की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही यानी अक्टूबर से मार्च के बीच मजबूत घरेलू खपत और सरकार के पूंजीगत व्यय अर्थव्यवस्था को सहारा देते हुए दिखाई देंगे। बीते माह अक्टूबर 2025 में घरेलू खपत तेजी से बढ़ी है। निःसंदेह स्वदेशी और आत्मनिर्भरता से भारत की नई आर्थिक अनुकूलताओं और विकास की नई संभावनाओं का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। इस समय महंगाई घटने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से भारत की घरेलू खपत तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। पिछले दिनों दिवाली के त्योहारी बाजार में बिक्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर रही है। ई-कॉमर्स ने दमदार उछाल दर्ज की है। यह भी महत्वपूर्ण है कि फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक जहां वर्ष 2023 में दिवाली के त्योहारी बाजार में 3.75 लाख करोड़ रुपये और वर्ष 2024 में 4.25 लाख करोड़ रुपये की खरीददारी हुई थी, वहीं इस बार त्योहारी सीजन के तहत खरीददारी छह लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई। निश्चित रूप से इस वर्ष 2025 में कर संरचना को सरल बनाने वाले जीएसटी तथा आयकर सुधारों के बाद अब सरकार अगली पीढ़ी के सीमा शुल्क सहित अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से काम कर रही है। इसी के आधार पर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई दे सकेगी। ऐसे में अब कई अहम बातों पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। पेट्रोल और डीजल को भी जीएसटी व्यवस्था में शामिल करने की तैयारी करनी होगी। एक बार जब पेट्रोल और डीजल को जीएसटी प्रणाली में शामिल कर लिया जाएगा, तो इनके उपभोक्ताओं को तो लाभ होगा ही, लेकिन इनका उपयोग करने वाली प्रत्येक कंपनी को भी लाभ होगा, क्योंकि वे इन उत्पादों पर दिए गए कर को अपने अंतिम कर भुगतान के विरुद्ध समायोजित कर लाभ ले सकेंगी। अब जीएसटी कर मूल्यांकन प्रणाली को व्यवस्थित करना भी आवश्यक है। इस बात पर ध्यान देना होगा कि जिस प्रकार इनकम टैक्स मूल्यांकन प्रणाली अब पूरी तरह से ऑनलाइन हो चुकी है और इसमें आम तौर पर किसी मानव हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती, वैसा ही अब जीएसटी प्रणाली को पूरी तरह ऑनलाइन और फेसलेस बनाने के लिए आगे बढ़ा जाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि लोगों के जीवन को आसान बनाने व आर्थिक मजबूती के लिए अब सरकार को आगामी पीढ़ी के सुधार एजेंडा पर तेजी से आगे बढड्डा होगा। सरकार को कृषि, बैंकिंग, श्रम, डिजिटलीकरण और वित्तीय क्षेत्र में सुधारों की डगर पर आगे बढड्डा होगा। डिजिटलीकरण से वित्तीय समावेशन में मदद बढ़ाना होगी। घरेलू बाजार को और मजबूत बनाने के मद्देनजर लॉजिस्टिक लागत घटाने के लिए नई लॉजिस्टिक नीति के अनुरूप तेजी से आगे बढड्डा होगा। इनके साथ-साथ विनिवेश पर नए सिरे से जोर देने की आवश्यकता है। देश में विनिवेश एक नया नहीं बल्कि पुराना एजेंडा है। सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान एक नई रणनीतिक विनिवेश नीति की घोषणा की थी। इस नीति के मुताबिक सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) में अपनी मौजूदगी न्यूनतम करेगी। इस बारे में कुछ रणनीतिक क्षेत्रों की ओर ध्यान दिया जाना होगा। इनमें बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि प्रमुख हैं। साथ ही सरकार को गैर रणनीतिक क्षेत्रों के सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण या उन्हें बंद किए जाने के मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि विनिवेश से प्राप्त राशि का एक हिस्सा सार्वजनिक ऋण की अदायगी में भी उपयोग किया जा सकता है। ऐसे में सरकार पर ब्याज भुगतान का बोझ कम होगा और राजकोषीय गुंजाइश बढ़ेगी। ऐसी स्थिति सरकार और अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगी। उम्मीद करें कि सरकार देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के साथ नए आर्थिक एवं वित्तीय सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सुरक्षा और पशु कल्याण की दिशा में बड़ा कदम

-कांतिलाल मांडोत-

देश में बढ़ते सड़क हादसों, अव्यवस्था और पशु क्रूरता की घटनाओं के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि वे राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों से आवारा पशुओं और आवारा कुत्तों को तुरंत हटाएं और उन्हें सुरक्षित आश्रयों में रखें। यह आदेश न केवल सड़क सुरक्षा से जुड़ा है बल्कि यह पशु-कल्याण, सार्वजनिक स्वच्छता और मानवीय संवेदना से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर 2025 को सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकारें, स्थानीय निकाय, एनएचएआई और सार्वजनिक निर्माण विभाग यह सुनिश्चित करें कि राजमार्गों, एक्सप्रेसवे और सार्वजनिक स्थलों पर कोई भी आवारा पशु या कुत्ता न दिखे।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इन पशुओं को मारना या दूर फेंकना नहीं, बल्कि उन्हें पशु आश्रयों में उचित देखभाल के साथ रखा जाए। संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी और इसका पालन करना जरूरी है। वरना अधिकारियों को व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इस मामले में तीन हफ्ते से स्टेट रिपोर्ट और हलफननामा मांगने को कहा है। सड़को पर समूह में गाय और भैंसे बैठ जाती है। आवारा कुत्तों का आतंक भी देश के शहरों की गलियो और गांव के मोहल्ले में आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना और आवारा कुत्तों के काटने की घटना अक्सर होती है। आवारा पशुओं के कारण यातायात प्रभावित होता है। इतना ही नही, आवारा पशु सड़क पर बैठे रहते है तो दुर्घताग्रस्त होते देखे गए है। पशुओ के हटाने का आदेश सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने पहले भी दिया है। राजमार्गो से पशुओ को हटाने के निर्देश और आवारा कुत्तों पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था। आवारा कुत्तों की मौजूदगी से मुक्त करने का उद्देश्य विफल भी हुआ था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए प्रत्येक हाईवे के किनारे हेल्पलाइन नंबर और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि कोई भी व्यक्ति तुरंत सूचना दे सके। नगरपालिकाएं और पंचायतें मिलकर स्थायी आश्रय गृह बनाएं, जहाँ चिकित्सा, भोजन और सुरक्षा की उचित व्यवस्था हो। सड़क सुरक्षा और जनहित का पक्ष लेते हुए सुप्रीम ने निर्देश दिए है। हररोज दुर्घटना आवारा पशुओं के कारण होती है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण आवारा पशु और कुत्ते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जिम्मेदारी तय कर रिपोर्ट देने का आदेश जारी किया है। जिसमे स्कूल, अस्पताल, बस स्टैंड से अगले आठ हफ़्तों से आवारा कुते हटाना होगा। भूटान में आवारा कुत्तों की नसबंदी के अभियान में सम्पूर्ण सफलता मिली है। उसी की तरह नीदरलैंड पहला यूरोपीय देश है, जहा सड़को पर आवारा कुत्ते नही है। भारत मे हर गांव में सैकड़ो कुत्ते मिल जाएंगे। जिनका कहर निर्दोष मासूमो पर बरपाया जाता है। क्योकि नन्हे बच्चे कुतो का सामना नही कर सकते है। कभी कभी बड़े बुजुर्ग भी डॉग बाइट का शिकार होते है। भारत में आवारा कुत्तों तथा अन्य मुक्त घूमने वाले पशुओं के हमले-दुर्घटनाएँ एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन चुकी हैं। न सिर्फ काटने - हमले के कष्ट बल्कि रोग संक्रमण रेबीज और दुर्घटनाओं के रूप में इसका व्यापक प्रभाव है।

भारत में वर्ष 2024 में लगभग 3, 717, 336 37.17 लाख कुत्तों द्वारा काटे जाने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। वर्ष 2023 में लगभग 30.43 लाख कुत्तों द्वारा काटे जाने के मामले थे, जिनमें 286 लोगों की मृत्यु हुई। एक अन्य सरकारी आंकड़े के अनुसार, वर्ष 2024 में कुत्तों द्वारा काटे जाने के लगभग 21.95 लाख मामले और अन्य जानवरों जैसे बन्दर आदि द्वारा लगभग 5.04 लाख मामले थे, तथा इस दौरान लगभग 48 लोगों की मौत हुई। विशेष रूप से बच्चों की स्थिति चिंताजनक है। वर्ष 2024 में कुत्तों द्वारा काटे जाने वाले कुल मामलों में लगभग 5, 19, 704 मामले केवल 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के थे। हालांकि सरकार द्वारा 2024 के लिए अनुमानित कुल मानव रेबीज मृत्यु सिर्फ 54 बताई गई है। लेकिन शोध एवं अन्य सर्वेक्षण बताते हैं कि वास्तविक मृत्यु संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। भारत में हर साल लगभग 18, 000-20, 000 रेबीज मृत्यु होती हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि कुत्तों और अन्य आवारा पशुओं द्वारा काटे जाने की घटनाएँ लाखों में हैं, और इससे जुड़ी मृत्यु-दर तथा दुर्घटनाओं की संख्या चिंताजनक रूप ले रही है। आवारा कुत्तों की संख्या एवं मानवीय-पर्यावरणीय स्थिति चिंताजनक है। भारत में बड़े-बड़े शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या बहुत अधिक है। उदाहरण के लिए, एक सर्वेक्षण में बताया गया कि भारत में लगभग 6.2 करोड़ 62 मिलियन आवारा कुत्ते हो सकते हैं। कचरा प्रबंधन, खाद्य स्रोत, अनियंत्रित प्रजनन, और आवासीय-शहरी विस्तार जैसी स्थितियों ने इन जानवरों के मानव निवास के करीब आने की संभावना बढ़ा दी है। कुत्तों एवं अन्य जानवरों द्वारा मानवों पर हमला या काटने की स्थितियाँ बढ़ रही हैं, विशेष रूप से बच्चों, वृद्धों और काम करने वाले लोगों में अधिक है। वर्ष 2024 में लगभग 60 घंटों में एक बार बच्चों द्वारा कुत्तों द्वारा काटे जाने की दर सामने आई थी। इसके अलावा वाहन-दुर्घटनाएँ भी होती है। आवारा पशु अचानक सड़क पर आने से वाहन चालक अनियंत्रित हो सकते हैं या दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। विशेष रूप से रात में व ग्रामीण इलाकों में यह जोखिम अधिक है। रेबीज-संक्रमण का खतरा कुत्तों द्वारा काटे जाने के बाद यदि समय पर एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं पशु-क्षेत्र की निगरानी न हो तो मृत्युदर बहुत अधिक हो सकती है। रेबीज एक-बार लक्षण दिखने के बाद लगभग 100 फीसदी घातक है। भारत में रेबीज के लिए लक्षित कार्यक्रम चल रहे हैं लेकिन अभी तक स्थितियाँ लक्ष्य के अनुरूप नहीं हैं। अधिकारियों द्वारा दर्ज की गयी संख्या व अनुमानित संख्या में अंतर है। सरकार द्वारा घोषित 54 मौतें और कुछ शोधों के अनुसार लगभग 5, 700 अनुमानित मौतों के अंतर को लेकर चिंताएँ हैं। वैकसीनेशन और पशु-संख्या नियंत्रण में कमियों के कारण समस्या गंभीर है। भारत में 2024 तक एनीमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) नियम2023 जैसे निर्देश जारी किये गए लेकिन उनका क्रियान्वयन सुचारू नहीं है। स्थानीय-शहरी-ग्रामीण भिन्नताएँ है। शहरी क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का चयन, मानव-पशु संघर्ष अधिक देखा जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य-सुविधाओं की कमी जोखिम बढ़ाती है। दुर्घटनाओं की संख्या का स्पष्ट आँकड़ा नहीं मिलना है। जहाँ काटे जाने की संख्या उपलब्ध है, वाहन और अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं जैसे वाहन-पशु टक्कर के कारणों व संख्या पर विश्वसनीय डेटा कम है। जब एक आवारा कुत्ता काटता है, तब समस्या सिर्फ शारीरिक घाव तक सीमित नहीं रहती। इसके बाद ये स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। काटे जाने से डर-चोट की वजह से लोगों का जीवन प्रभावित होता है। खेल-कूद से दूर रहने, सामाजिक गतिविधियों में कमी आदि पर चिंतन किया जाना चाहिए। वाहन चलाते समय अचानक कुत्ता सड़क पर आ जाने से वाहन चालक फिसल सकते हैं, ब्रेक अचानक लगा सकते हैं, या टकराने-उछलने की वजह से दुर्घटना हो सकती है। शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य-व्यय बढ़ता है। आवारा कुत्तों का जनसंख्या नियंत्रण एवं टीकाकरण के निर्देश सुप्रीम कोर्ट दे चुकी है। लेकिन यह मुहिम टाय टाय फीस होती गई। स्थानीय निकायों नगर-पंचायती को सक्रिय रूप से स्टेरिलाइजेशन -टीकाकरण कार्यक्रम चलाना होगा।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 11/10/2025 8:20 PM Page 1



# डॉक्टर मिश्रा की विदाई समारोह पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

***बुद्धिजीवियों ,राजनीतिक व समाज सेवायों ने किया सम्मानित**
***काव्य गोष्ठी में कवियों ने बांधा समा**
***भावुकहुए डॉ मिश्रा**

**उत्तम भारत संवाददाता**




**चांदपुर।** नगर व क्षेत्र मे चिकित्सा मे अपनी अलग पहचान बनाकर स्नेह व सम्मान का पात्र बने डॉक्टर एस एस मिश्रा को अपनी कर्मभूमि नगर व क्षेत्र में 40 साल सेवा देने के उपरांत अपने घर उड़ीसा जाने पर नगर के बुद्धिजीवियों, समाजसेवियो, शिक्षाविदों ,राजनीतिज्ञियो ने उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने अपने काव्य पाठ के द्वारा समा बांधे रखा ।इस मौके पर डॉक्टर मिश्रा क्षेत्र से मिले प्यार व सनेह से कई बार कई बार भावुक हुए और अपने आंसू नहीं रोक सके।

आर्य समाज मंदिर में सुरेंद्र अरोड़ा व अतुल भाटिया द्वारा आयोजित विदाई व सम्मान समारोह में शिक्षक नेता सुरेंद्र मलिक ,विनेश कुमार त्यागी, भाजपा के जिला महामंत्री विवेक कर्णवाल, देश के प्रख्यात शायर शकील जमाली,सुरेन्द्र अरोड़ा, विशाल कर्णवाल मंजु त्यागी ,सजीव बंसल आदि ने चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टर मिश्रा की उपलब्धियां का गुणगान करते हुए उन्हें एक नेक गरीबों का हितेषी इंसान बताया तथा सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यों में उनकी सहभागिता की सराहना की।

इसके पश्चात आयोजित काव्य गोष्ठी में देश के प्रख्यात शायर शकील जमाली इन इन शेरों को बहुत सराह गया- ÷हालात ने मेरी ही जवानी नहीं छीनी , तुमसे भी अब सुई में धागा नहीं पड़ता*।, ÷शब्द को चेहरा ऊपर वाला देता, हम तो खाली कागज काला करते है÷ । डॉ विकास तोमर परितोष ने अपने शब्दों को कुछ यू बया किया- ÷ धूल फाकती गुल्लक के सिक्कों को बजाकर देख लो, महसूस कर पाओगे भूख के एहसास को सड़क किनारे उन बच्चों को खाना खिला कर देख लो÷ को बहुत पसंद किया गया। जाने माने शहर अरशद अली के शेर को बहुत दाद मिली- ÷ बेहिसी किस कदर तेज रफ्तार है, कोई रुकता नहीं हादसा देखकर,। पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रख्यत शायर अतहर आज़मी ने अपना दर्द कुछ इस तरह बया किया - ÷धूप बढ़ने लगी तो याद आए, घर के बूढ़े दरख्त के साए÷ ,उनसे ख्वाबों में बात कर लेते ,मसअला ये है कि नींद तो आए÷ को बहुत पसंद किया गया। कवि सुभाष जावा की उन पंक्तियों को भी बहुत पसंद किया गया - ÷उन आंखों का नूर ना था, फिर भी दिल से दूर न था, त्योहारों पर मिलते थे ,कोई दिल से दूर न था÷

शायर तबस्सुम जिया के इस इस शेर पर खूब तालियां बजी- ÷घर रख नहीं पाया अभी गिरवी तेरा बाबा, डोली को उठाने में जरा देर लगेगी÷ गोष्ठी का संचालन शकील जमाली ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक सुरेंद्र अरोड़ा में नीतू अरोड़ा अतिथियों आभार व्यक्त करते डॉक्टर एस एस मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर व शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक नेता सुरेंद्र मलिक और संचालन अतुल भाटिया द्वारा किया गया ।

# उर्दू दिवस पर शायरों ने अपने कलाम पर खूब तालियाँ बटोरी

**उत्तम भारत, संवाददाता**



**धामपुर।** बज़्म-ए-क़मर धामपुर के तत्वावधान में यौम-ए-उर्दू पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सदर क़ारी नोशाद आलम 'शाद' ने की तथा संचालन इरशाद धामपुरी ने किया।

मोहल्ला बंदूकचियान स्थित हैदर अली आढ़ती के निवास पर अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ आयोजित मुशायरे मे वक्ताओं ने उर्दू भाषा के इतिहास और उसके भविष्य पर विचार व्यक्त किए। अल्लामा इक़बाल की जीवन-गाथा और उनकी सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही शिक्षा को इंसान का मूल अधिकार बताने वाले महान विचारक मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की उर्दू और शिक्षा के क्षेत्र में की गई मेहनत और प्रयासों पर भी रोशनी डाली गई। स्वतंत्रता संग्राम में मौलाना मोहम्मद अली जौहर की कुर्बानियों और शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को भी याद किया गया। इस मौके पर एक काव्य-गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें शायरों ने अपना कलाम सुनाकर खूब तालियां बटोरी। मुख्य शेर प्रस्तुत हैं। नूर आलम नूर जो भी सरकार-ए-दो आलम का दीवाना होगा, उसके कदमों के तले सारा ज़माना होगा, जो भी रखता है हसद मेरे नबी से ऐ नूर उसका जन्नत नहीं, दोज़ख़ में ठिकाना होगा। नोशाद आलम 'शाद', अलीग, शायर एक से एक बढ़कर है जहाँ में मोतबर, पर कोई इक़बाल के जैसा नहीं आता नज़र। राशिद हमीदी मसाइल से मिल्लत के बेचैन हूँ मैं, सिवा इसके राशिद नहीं कोई ग़म भी हबीब, तूने ग़ुलाम-ए-मुस्तफ़ा पर फिर सितम ढाए तो हैं, यह निशाना भी तेरा ज़ालिम ख़ता हो जाएगा। शहज़ाद आलम 'शहज़ाद', चाहतों के सफ़र का यह दस्तूर है, आतिश-ए-इश्क़ को फ़ासला चाहिए। शमशेर अली शम्स मैं कभी भी न इसको छोड़ूँगा, मेरी माँ की ज़बान है उर्दू। नफ़ीस मंज़र धामपुरी यह अलग बात कि इम्तिहानों में हूँ, शोहरतों के मगर आसमानों में हूँ। आरिफ़ रसूलपुरी मांगकर रब से फूल-सी बेटी, अपने आँगन में रोशनी कर ली। अनवर अहमद क्या मैं था, क्या बना गई औरत, ज़िंदगी को मिटा गई औरत। नईम जज़्बी मेरे बच्चों के यह दामन को भिगोने वाले रोज़ आ जाते हैं कमबख़्त खिलौने वाले। इरशाद धामपुरी यक़ीनन बदगुमानी दूर कर देती है रिश्तों को, अगर हो दिल में चाहत, हुस्न-ए-ज़न मैला नहीं होता। यौम-ए-उर्दू के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उर्दू-प्रेमियों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। इस मोके पर हैदर अली, शफ़ीक़ अहमद मुन्ना, शकील अहमद, नफ़ीस अहमद, शहज़ाद लाला, अरहान, मोहम्मद इक़बाल आदि ने शायरों को दिल खोलकर दाद और प्रशंसा से नवाज़ा।

# जनजातीय गौरव दिवस का किया गया आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**





**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में जनजातीय गौरव दिवस ह.स्.स् के तत्वाधान मे कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 उदिता राजपूत तथा मौ0 आरिफ के निर्देशन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान, महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के समक्ष महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन वृत (स्त्रद्धद्ब स्न्नश्वह्4) का स्क्रीन पर प्रसारण किया गया। महाविद्यालय के प्रोफेसर दिनेश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के साथ-साथ तिलका मांझी, गोविंद गुरु, वीर नारायण सिंह, सिद्धू और कान्हू मुर्मू जैसे आदिवासी नायकों के महत्वपूर्ण योगदान और बलिदान का विस्तार पूर्वक परिचय दिया तथा साथ ही उनके विभिन्न आंदोलनों जैसे दामिन विद्रोह, संथाल विद्रोह, उलगुलान विद्रोह आदि के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को देश के जनजातीय इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान से सफलतापूर्वक परिचित कराकर, एक नई जागरूकता की दिशा में अग्रसर करते हैं।कार्यक्रम के समापन पर, महाविद्यालय की प्राचार्या, प्रोफेसर साधना ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से इन महान आदिवासी नायकों के जीवन और संघर्षों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक गण, शिक्षकेतर कर्मचारी तथा अधिसंख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ0 उदिता राजपूत ने किया।

# गृह कलह के चलते जहरीला पदार्थ खानेवाली मां की मौत

*** बेटे की हालत गंभीर,पुलिस जांच में जुटी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर ।** मंडावर इलाके के ग्राम मोहडिया में एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान मां की मृत्यु हो गई ,जबकि बेटे का निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

गांव मोहंडिया निवासी लक्ष्मी (25 ) पत्नी मोनू ने अपने बेटे वासु (7 ) के साथ जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

हालत बिगड़ने पर परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मां-बेटे को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मां की मृत्यु हो गई और बेटे का उपचार किया जा रहा है।

ग्रामीणों का मानना है कि इसके पीछे गृह क्लेश के चलते लक्ष्मी ने कदम उठाया है। वहीं मृतका के पति मोनू की लगभग आठ महीने पहले पारिवारिक विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई थी। लक्ष्मी अपने सास-ससुर और तीन बच्चों के साथ रह रही थी। मंडावर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# जिला अभ्यास वर्ग सत्र क्रमांक-01 उदघाटन, प्रस्ताविकी एवं इतिहास विकास सत्र के साथ प्रारंभ हुआ

**उत्तम भारत संवाददाता**




**नगीना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मेरठ प्रांत धामपुर जिला का जिला अभ्यास वर्ग( 9नवम्बर2025 ) सत्र क्रमांक-01 उदघाटन,प्रस्ताविकी एवं इतिहास विकास सत्र के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें तरुण चौहान जी (प्रांत संगठन मंत्री मेरठ प्रांत) डॉ0 जूही अग्रवाल जी (प्रांत उपाध्यक्ष) सतेंद्र सिंह जी (विभाग संगठन मंत्री बिजनौर विभाग) सुधांशु चाहल जी (प्रांत सह मंत्री) हनी अहलावत (विभाग संयोजक) अनुज राजपूत (जिला संयोजक धामपुर) सचिन चौहान (जिला प्रमुख) उपस्थित रहे। तहसील संयोजक नगीनाः वरुण चौहान जिला संयोजक SFD अंश कर्णवाल जिला संयोजक SFS अनुज शर्मा जिला संयोजक RKM गौरव तोमर तहसील संयोजक नगीना शानू शेख तहसील संयोजक धामपुर भुवन चंद्र तहसील सहसंयोजक धामपुर ,मनु शर्मा तहसील सहसंयोजक धामपुर देव कुमार नगर मंत्री बूंदकी आदि एबीवीपी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर किया पोषण आहार किट का वितरण

*** पोषण समिति की बैठक में लिया गया निर्णय**

**उत्तम भारत संवाददाता**





**बिजनौर ।** कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बिजनौर ने नवंबर माह में पोषण आहार किट का वितरण करने का निर्णय लिया, इस मौके पर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर समीक्षा भी की गई । कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में लगातार बदलाव पर संतोष जताया गया।

बिजनौर नगर पालिका परिषद के डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में चेयरमैन श्रीमती इंदिरा सिंह की अध्यक्षता तथा अधिशासी अधिकारी विकास कुमार के संचालन में पोषण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पोषण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि जून से अक्टूबर माह तक नगर क्षेत्र में संचालित 41 आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण आहार प्राप्त करने वाले बच्चो के स्वास्थ्य में बदलाव में पाया गया,बदलाव में पाया गया कि 852 कुपोषित बच्चो में से 637बच्चे सामान्य श्रेणी में आ गये तथा शेष 215 बच्चो को कुपोषण से पोषण के स्थिति में लाये जाने हेतु पोषण आहार किट वितरित करने का निर्णय लिया गया। पोषण आहार किट 35 सैम व 180 मैम कुल 215 बच्चों को नवंबर माह में वितरित की जायेगी।

इस मौके पर अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि कुपोषित बच्चों में लगातार बदलाव सामूहिक प्रयास से ही संभव हुआ है , कुपोषित बच्चों से मुक्त नगर बनाने के लिए और प्रयास करने की आवश्यकता है। बैठक में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक गोविन्द चौधरी ,अवर अभियंता जल कल गौरव शर्मा,एसबीएम लिपिक संदीप कुमार, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर श्रीमती भावना भारद्वाज,नगर क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकत्री बबीता शर्मा, संतोष देवी ,शिक्षा कुमारी, लक्ष्मी देवी, सीमा शर्मा, सुषमा, संजय, शबाना , निहाल फातिमा, सुमन देवी, शबाना सिद्दीकी, जीनत परवीन, शाहजहां, रिचा सैनी ,आमना तथा पालिका के सफाई नायक व पालिका स्टाफ ने हिस्सा लिया ।

# लापता युवक का शव आम के बाग से बरामद

*** परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर दर्ज कराया मामला**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर ।** स्योहारा इलाके में घर से गायब युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई । शव आम के बाग में मिला तो हड़कंप मच गया। शव की पहचान सलमान पुत्र नफीस निवासी बुढेरन के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।बुढ़ेरन गांव निवासी सलमान शनिवार रात घर से लापता था। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। ग्रामीणों ने आम के बाग में शव पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त सलमान के रूप में कराई । मृतक की पांच माह पहले थाना नौगांवा जिला अमरोहा की रहने वाली एक लड़की से शादी हुई थी। सलमान तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह ने बताया है कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

# डॉ. कपिल की माता ने फीता काटकर किया उद्धाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**




**नगीना ।** पल दो पल रेस्टोरेंट का उद्घाटन डॉक्टर कपिल की माता ने फीता काटकर किया। साथ डॉक्टर कपिल में आने पुत्र का केक काटकर जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया और बेटे के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी ने आश्रीवाद दिया।

नगीना - धामपुर फ़ॉर लाइन हाइवे निकट सिटी डिग्री कॉलेज के पीछे पल दो पल रेस्टोरेंट का उद्घाटन डॉ. कपिल कुमार की माता ने फीता काटकर किया साथ ही डॉक्टर ने अपने पुत्र का केक काटकर जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया और सभी रिश्तेदारों व नगर क्षेत्र व आसपास के गांवों के लोगों आदि ने भी इस मौके पर डॉक्टर साहब के पुत्र को आशीर्वाद देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की उधर डॉक्टर से ने कहा कि मैंने अपने पुत्र के जन्मदिन के मौके पर पल दो पल रेस्टोरेंट का उद्घाटन अपनी माता के हाथों से फीता काटकर किया जिसमें विभिन्न प्रकार की सुविधाएं जिसमें उत्तराखंड हरिद्वार देहरादून व आसपास के शहरों कोटद्वार, नजीबाबाद, बिजनौर से कोतवाली, काशीपुर, मुरादाबाद, बरेली, जसपुर आदि सभी टूरिस्टों के लिए सुबह को नाश्ते के समय में स्पेशल चाय पकौड़ा, लंच, डिनर एसी नॉन एसी कमरों की उपलब्ध दी जा रही हैं।

# महिला को झांसा देकर पांच हजार की ठगी

*** पीड़िता ने पुलिस में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर ।** बढ़ापुर के मोहल्ला पक्काबाग निवासी महिला रूपा देवी से उसके पति का परिचित होने का हवाला देकर साइबर ठग ने उसके मोबाइल नंबर पर बीस हजार रुपए का फर्जी मैसेज भेज कर पांच हजार रुपए ठग लिए। महिला ने थाने में तहरीर देकर ठग के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है।

कस्बे के मुहल्ला पक्काबाग निवासी रूपा देवी का पति नितिन उत्तराखंड के वागेश्वर में रहकर मजदूरी करता है। रविवार को उसके मोबाइल फोन पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने रूपा से कहा कि उसका पति इस समय वागेश्वर में कार्य कर रहा है वह उसका परिचित है उसने आपके मोबाइल नंबर पर सात हजार रुपए डालने को कहा है इसलिए मैं पैसे डाल रहा हूं कुछ समय बाद रूपा के मोबाइल पर बीस हजार रुपए का एक मैसेज आया। मैसेज को उसने सही मान लिया लेकिन अपना बैलेंस चेक नही किया। तभी ठग का फोन आया कि गलती से सात हजार रुपए की जगह बीस हजार रुपए सेंट हो गए है कृपया मेरे शेष 13000 हजार रुपए मेरे द्वारा भेजे गए स्कैनर पर भेज दो। रूपा ने बिना कुछ सोचे समझे ठग के स्कैनर पर दो-दो हजार रुपए दो बार व एक हजार रुपए एक बार भेजकर कुल पांच हजार रुपए भेज दिए। शेष रकम भेजने को जब उसने अपना बैलेंस चेक किया तो अपने रुपए खाते से गायब पाए। रूपा ने तुरंत ठग के फोन पर फोन किया तो ठग ने उसका मोबाइल नंबर ब्लैक कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है।

# कर्मचारियों ने समस्याओं के निराकरण के लिए दिया ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**



**बिजनौर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार चतुर्थ श्रेणी संघ सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आवाहन पर जनपद शाखा बिजनौर द्वारा राकेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए संबोधित एक ज्ञापन 10 नवंबर 2025 को दोपहर 1:00 बजे जिलाधिकारी बिजनौर श्रीमती जसजीत कौर को दिया महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व संचालित नियमों को संशोधित करते हुए नया शासनादेश जारी किया है जिसमें स्पष्ट किया गया है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मृतक आश्रित को नौकरी उनकी योग्यता के अनुसार ना देकर केवल चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में ही की जाएगी इससे प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में रोष उत्पन्न हो गया है इसके समाधान के लिए पूर्व की भांति मृतक आश्रित को उनकी योग्यता के अनुसार नियुक्ति प्रदान करने ,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती पर लगी रोक हटाते हुए रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति किए

# श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 14 मछुआरों को गिरफ्तार किया, स्टालिन ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किये गये 14 तमिल मछुआरों की शीघ्र रिहाई की मांग को लेकर सोमवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मयिलादुथुराई जिले के ये मछुआरे नेदुनथीवु के पास खुले समुद्र में रविवार देर रात मछली पकड़ रहे थे तभी उन्हें कथित तौर पर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और उनके जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में श्रीलंका नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया । उनकी नाव जब्त कर ली गई और गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कार्रवाई के लिए श्रीलंका के कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया। श्री स्टालिन ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. जयशंकर को लिखे एक अर्ध-सरकारी पत्र में आग्रह किया कि वे श्रीलंकाई हिरासत से इन मछुआरों और उनकी नावों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाएँ। इस पत्र की प्रतियाँ यहाँ मीडिया को जारी की गई हैं।

श्री स्टालिन ने कहा कि यह गहरी चिंता का विषय है कि भारतीय मछुआरों और नावों को श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने की घटनाएँ लगातार हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2024 में पकड़े गए कई मछुआरे अभी भी हिरासत में हैं और तमिलनाडु के कुल 128 मछुआरे और 248 मछली पकड़ने वाली नावें श्रीलंकाई हिरासत में हैं।

श्री स्टालिन ने कहा, ÷मछुआरों की लगातार गिरफ़्तारी और उनकी नावों की ज़ब्ती ने उनके परिवारों को गंभीर कठिनाई डाल दिया है और मछली पकड़ने को अपनी प्राथमिक आजीविका के रूप में अपनाने वाले इन समुदायों को भी बहुत प्रभावित किया है।÷

उन्होंने केंद्र सरकार से मछुआरा संघों और सरकारी प्राधिकारियों वाले संयुक्त कार्य समूह तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस कदम उठाने और इस लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे के पारस्परिक रूप से स्वीकार्य और स्थायी समाधान की दिशा में काम करने का भी आग्रह किया। श्री स्टालिन ने विदेश मंत्री से सभी मछुआरों की शीघ्र रिहाई और सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# शाह कहते हैं जमीन नहीं, नीतीश कहते हैं समुद्र नहीं, कांग्रेस बोली: 'फिर विकास कौन करेगा'



**पटना।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा है कि अगर महागठबंधन को मौका मिला तो वह यह साबित करेगी कि भूमि से घीरे राज्य में भी तीव्र विकास किया जा सकता है।

राजधानी पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस सांसद श्री हुसैन ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोनों बिहार की समस्याओं को बहाने के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, 'अमित शाह कहते हैं कि बिहार में जमीन नहीं है इसलिये उद्योग नहीं लग पा रहे हैं और नीतीश कुमार कहते हैं कि समुद्र नहीं है इसलिये तरक्की नहीं हो पा रही, लेकिन हम दिखाएंगे कि अगर नीयत हो तो बिना समुद्र के भी प्रगति की राह बनाई जा सकती है।'

कांग्रेस सांसद श्री हुसैन ने दावा किया कि हमारी पार्टी ने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में सारे चुनावी वादे पूरे किये हैं और बिहार में भी सरकार बनते ही हर परिवार के कम से कम एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा निभाया जायेगा।

उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिये बिना कहा कि, 'ये सबसे बड़े घुसपैठिये हैं। बीस सालों से राज्य में इनकी सरकार है, लेकिन अपनी उपलब्धियों पर बात करने की बजाय जनता को भटकाने का काम कर रहे हैं। इन नेताओं ने राजनीतिक बहस का स्तर गिरा दिया है।'

कांग्रेस सांसद श्री हुसैन ने सवाल उठाया कि अगर बिहार में विकास हुआ है तो पलायन क्यों जारी है। अगर प्रदेश में उद्योग लगे होते, नौकरियां दी गई होतीं, तो डेढ़ करोड़ बिहारियों को दूसरे राज्यों में काम करने नहीं जाना पड़ता।

उन्होंने दावा किया कि इस बार के बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनेगी और 2029 में इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर सत्ता संभालेगा।

इस अवसर पर सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार की जनता बदलाव के मूड में है। राजग के 20 साल के शासन ने बिहार को बदहाल कर दिया है। उद्योग नहीं लगे, बेरोजगारी बढ़ी है और पलायन जारी है। इस बार महागठबंधन की जीत बड़े अंतर से तय है।

# सीएम भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में जनगणना गुजरात की नई वेबसाइट का किया शुभारंभ

**गांधीनगर।** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में जनगणना गुजरात की नवीनतम वेबसाइट https//gujarat.census.gov.in/ का शुभारंभ किया। गुजरात, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के जनगणना निदेशालय द्वारा तैयार की गई यह वेबसाइट उपयोगकर्ताओं को आधुनिक सुविधाओं, आसान मेनू और बहुभाषी सुविधाओं के साथ आसान पहुंच प्रदान करेगी।

इस वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जन कल्याण की सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नियोजन के माध्यम से संतुलित विकास का जो लक्ष्य रखा गया है, वह जनगणना के माध्यम से जनकल्याण की टैगलाइन के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि नई वेबसाइट के शुभारंभ से इसे और बल मिलेगा।

इस बार देश की आगामी जनगणना पहली बार मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से पूरी तरह से डिजिटल रूप से आयोजित किए जाने की सराहना करते हुए सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि पहली बार स्व-गणना सुविधा भी शुरू की जा रही है, ताकि नागरिक अपना डेटा एक वेब पोर्टल के माध्यम से सुरक्षित रूप से जमा कर सकें। इससे पायलट प्रोजेक्ट में चयनित जिलों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा। राज्य जनगणना निदेशक सुजल मयात्रा ने इस वेबसाइट की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 2027 की जनगणना के लिए पूर्वाभ्यास किया जा चुका है और विभिन्न मोबाइल ऐप्स का परीक्षण किया जा चुका है।इस जनगणना 2027 के पूर्व-परीक्षण के लिए गुजरात के सूरत नगर निगम के 133 ब्लॉक, दाहोद के देवगढ़बरिया तालुका के 26 गांवों के 70 ब्लॉक और मोरबी के टंकारा तालुका के 25 गांवों के 60 ब्लॉक चुने गए हैं।

# ऑपरेशन डी-हंट: केरल में 156 व्यक्ति गिरफ्तार, मादक पदार्थ जब्त

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में ऑपरेशन डी-हंट के अंतर्गत राज्यव्यापी विशेष अभियान में मादक पदार्थ रखने एवं बेचने के आरोप में 156 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। समन्वित कार्रवाई के अंतर्गत, केरल पुलिस ने पूरे केरल में 1,700 संदिग्ध लोगों की जांच की और मादक पदार्थ रखने से संबंधित 144 मामले दर्ज किए।

यह अभियान आठ नवंबर को चलाया गया जिसके परिणामस्वरूप कई प्रतिबंधित मादक पदार्थों को जब्त किया गया। इनमें 0.2018 किलोग्राम एमडीएमए, 0.2831 किलोग्राम गांजा और 96 गांजा-रोल्ड बीड़ी शामिल है।

अवैध मादक पदार्थों का भंडारण एवं वितरण में शामिल लोगों की पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के लिए पूरे राज्य में ऑपरेशन डी-हंट चलाया गया।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 11/10/2025 8:09 PM Page 1



# अस्पताल में महिला के साथ मारपीट, डॉक्टर समेत कई लोगों पर लगा आरोप

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के फेजुल्लाह नगर निवासी हाजी इमरान अली ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी पुत्री फरहीना को 29 अक्तूबर 2025 को प्रसव पीड़ा होने पर यूपी 22 हॉस्पिटल, घोषियान में भर्ती कराया गया था।रात लगभग 8 बजे ऑपरेशन के बाद पुत्री ने बच्ची को जन्म दिया, लेकिन उसके पेट में सूजन आने लगी जिससे उसे अत्यधिक तकलीफ होने लगी। इस पर डॉक्टर ने ज़12,500 की राशि जमा कर इलाज जारी रखने की बात कही। पीड़ित का आरोप है कि डॉक्टर नाजिम पुत्र अब्दुल्ला के साथ इलाज के दौरान विवाद हो गया, जिसके बाद डॉक्टर ने 7-8 युवकों को बुला लिया। उन युवकों ने मिलकर पीड़ित हाजी इमरान अली, उनके दामाद उस्मान अली और अन्य पर हमला कर दिया। बताया गया कि अस्पताल के अंदर ही पीड़ितों को कमरे में बंद कर लाल घूंसे, थप्पड़ों और लातों से मारा गया तथा गाली-गलौज की गई। इतना ही नहीं, पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। यह घटना 31 अक्तूबर की दोपहर लगभग 3:50 बजे हुई, जिसका पूरा दृश्य अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद बताया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसने 112 नंबर पर शिकायत भी की, लेकिन अब तक पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब पीड़ित ने पुनः थाना कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# बैठक में वक्फ बोर्ड की दी जानकारी और एसआईआर सर्वे को लेकर जागरूक किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** वक्फ बोर्ड और एसआईआर सर्वे प्रक्रिया को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।इसमें कब्रिस्तान,मदरसे और मस्जिद के मुतावल्ली और सभासद मौजूद रहे।सोमवार की पूर्वाह्न नगर के मुहल्ला भट्टी टोला में वार्ड दस में सभासद मोहसिन खांन के आवास पर अमलताश वाली मस्जिद के मुतावल्ली सय्यद रियासत मियां की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बताया गया कि वक्फ बोर्ड बिल संशोधन लाया गया है,इसमें निर्धारित पांच दिसंबर से पहले ही अपनी मस्जिद,मदरसे और कब्रिस्तान का रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं।साथ ही उनसे यह भी आग्रह किया गया कि इन धार्मिक स्थलों में मुतावल्ली,खजांची आदि मुस्तैद करने से पहले यह भी जरूर ध्यान दें कि वह कितना शिक्षित हैं,और उसे जो जिम्मेदारी सौंपी जा रही है



वह व्यक्ति उस जिम्मेदारी के काबिल भी है या नहीं,इसके सभासदों ने एसआईआर (सर्वे)को लेकर भी भ्रम दूर करने के बाद प्रेरित किया गया।इस बैठक में मुफ्ती बिलाल,बिस्मिल रज़ा,सलीम अहमद,अहमद नबी,मौलाना अब्दुल कदीर,सभासद फैज़ान खांन,भूरा खां,मोहम्मद इमरान प्रतिनिधि सभासद,सलीम अहमद,मोहम्मद इस्माइल,गुच्छन खांन आदि मौजूद रहे।

# आजम से तकरार के बीच फैसल लाला से मिले सांसद नदवी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राजनीति में हलचल बढ़ाने वाली एक अहम मुलाक़ात में रामपुर के सांसद मौलाना मोहिबुल्ला नदवी रविवार की देर रात आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल ख़ां लाला से मिलने पहुँचे।यह मुलाक़ात बरेली गेट स्थित आम आदमी पार्टी के ज़िला कार्यालय पर हुई और लगभग दो घंटे तक चली,जिसमें 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा हुई।बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने रामपुर की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था,बढ़ती बेरोज़गारी और विकास की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की।नदवी ने कहा कि रामपुर को व्यक्तिगत राजनीति और परिवारवाद के कारण पीछे धकेला गया है,अब समय है कि यहाँ नई राजनीति और जवाबदेही की संस्कृति स्थापित हो।दोनों नेताओं ने सहमति जताई कि आगे जनता के वास्तविक मुद्दे–रोज़गार, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास– को केंद्र में रखकर कार्य किया जाएगा।वहीं फैसल ख़ां लाला ने कहा कि ÷रामपुर को अब सिर्फ भाषणों या नारों की नहीं, बल्कि ज़मीनी काम की ज़रूरत है। जनता अब उन लोगों से ऊब चुकी है जिन्होंने रामपुर को अपनी जागीर समझ लिया था।÷ राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह मुलाक़ात मौजूदा हालात में आज़म ख़ां की राजनीति के लिए बड़ा संदेश है, क्योंकि फैसल ख़ां लाला लंबे समय से आज़म ख़ां की नीतियों के मुखर आलोचक रहे हैं।इससे रामपुर की राजनीति में नई समीकरणों के संकेत मिल रहे हैं।इस मौके पर सभासद मोहम्मद ज़फ़र, सभासद यासीन उर्फ गुड्डू, सभासद सरफ़राज़ अली, सभासद आरिफ सिकंदर राजू, नासिर हुसैन,शिराज़ जमील ख़ां, आलमगीर, अल्तमश,महेश सैनी और मुकेश यादव मौजूद रहे।

# रामपुर में रहस्य गहराया: आत्महत्या का मामला अब हत्या में बदला, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** किला परिसर में रिटायर्ड लैब तकनीशियन की गोली लगने से हुई मौत का मामला अब रहस्यमय मोड़ ले चुका है। पहले जिसे आत्महत्या बताया जा रहा था, अब मृतक के परिजनों ने इसे सोची-समझी हत्या करार देते हुए थाना कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटना सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे की है, जब 61 वर्षीय अब्दुल रहीम खान पुत्र स्वर्गीय दूल्हा खान, निवासी मोहल्ला बाजौड़ी टोला थाना गंज वर्तमान पता बजरिया मुल्ला जरीफ थाना कोतवाली ने अपनी स्कूटी (UP AH 0025) किला परिसर स्थित राजकीय बालिका आईटीआई कॉलेज के सामने खड़ी की थी। कुछ देर बाद गोली चलने की आवाज से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने उन्हें लहूलुहान हालत में पाया।

शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे आत्महत्या माना और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन अब परिजनों ने आरोप लगाया है कि अब्दुल रहीम की हत्या अब्दुल सलाम पुत्र महमूद हसन खां निवासी मोहल्ला कुंडा थाना



कोतवाली तथा कुछ अन्य लोगों ने मिलकर की है। तहरीर में कहा गया है कि अब्दुल रहीम खान के पास लगभग एक करोड़ आठ हजार रुपये थे, जिसे लेकर विवाद चल रहा था। परिजनों का दावा है कि इसी रकम को लेकर अब्दुल सलाम और उसके साथियों ने षड्यंत्रपूर्वक हत्या को अंजाम दिया और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की।पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब मामला हत्या के तहत दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम ने नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह वास्तव में आत्महत्या थी या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा।फिलहाल, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों की रैंकिंग में जनपद रामपुर प्रदेश में 9वें स्थान पर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित नवीनतम रैंकिंग में जनपद रामपुर ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है।विकास कार्यों की अक्टूबर माह की रैंकिंग में रामपुर ने प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि यह उपलब्धि जनपद के सभी विभागों के संयुक्त, समन्वित एवं सतत प्रयासों का परिणाम है।उन्होंने बताया कि विकास कार्यों की प्रगति में प्रत्येक विभाग ने अपने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सराहनीय कार्य किया है।जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जनसुनवाई, जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं राजस्व कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है।इस प्रणाली से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा दक्षता सुनिश्चित हुई है, जिससे शासन की प्राथमिकताओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सका है।उन्होंने सभी जनपदीय अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि इसी उत्साह और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए जनपद रामपुर को प्रदेश में शीर्ष स्थानों पर लाने का प्रयास जारी रखा जाए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं की प्रगति की निरंतर समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की गहन समीक्षा

*** दर्ज शिकायतें एवं योजनाएँ शासन की प्राथमिकता में हैं,किसी भी स्तर पर विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी:डीएम**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में विभागवार प्रगति,लंबित प्रकरणों तथा विभिन्न योजनाओं के निस्तारण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज शिकायतें एवं योजनाएँ शासन की प्राथमिकता में हैं,किसी भी स्तर पर विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना से जुड़े आवेदनों का निस्तारण समय से न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने मण्डी निरीक्षक,मण्डी समिति शाहबाद का 3 दिन का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने जनपद में मण्डियों में लक्ष्य के सापेक्ष आवक की स्थिति कम पाए जाने पर मण्डी सचिव रामपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के भी निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को दिए।साथ ही मण्डी सचिव को निर्देशित किया कि जनपद की मण्डियों में आवक की स्थिति में तत्काल सुधार लाया जाए।नमूना संग्रहण में जनपद की खराब रैंकिंग पर जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति में प्रगति कम करने पर जिला आबकारी अधिकारी का वेतन बाधित करने के साथ ही प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने पीओ डूडा तथा खनन अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि विभागीय रैंकिंग में सुधार लाने हेतु प्रभावी एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने प्रकरणों की वास्तविक प्रगति सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करें तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा,अपर जिलाधिकारी न्यायिक जंग बहादुर,नगर मजिस्ट्रेट सालिकराम सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम की निर्धारित तिथि हुई स्थागित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग,अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा जनपद में सामूहिक विवाह की तिथियां 12 नबम्बर 2025 निश्चित की गई थी।उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में निर्धारित तिथि 12 नवम्बर 2025 अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।कार्यक्रम में अग्रिम तिथि पृथक से सूचित की जाएगी।

# हिंदी की नई विधा सजल लेखन पर रामपुर के 3 साहित्यकार मथुरा में हुए सम्मानित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** आध्यात्मिक साहित्यिक संस्था काव्य धारा के संस्थापक -अध्यक्ष जितेन्द्र कमल आनंद, महासचिव राम किशोर वर्मा और सदस्य नीलम रानी सक्सेना को मथुरा में हिंदी सजल सर्जना समिति द्वारा सजल प्रस्तुति पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मथुरा में देश के विभिन्न प्रदेशों से आये साहित्यकारों के 82 सजल संग्रहों का विमोचन भी किया गया जिसमें रामपुर के जितेन्द्र कमल आनंद के आनंद सजल-माला, सजल स्वर्णाक्षरा और सजल काव्यधारा का एवं नीलम रानी सक्सेना के सजल सुधा का



विमोचन भी किया गया ।

इस अवसर पर डॉ 0 गीता मिश्रा गीत, उषा गुप्ता, डॉ 0 संगम लाल भ्रमर, सुभाष राहत बरेलवी, लक्षेश्वर राजू, अलका गुप्ता, माहेश्वरी कनेरी, सुलोचना परमार उत्तरांचली, प्रमेश लता पाण्डेय, संध्या निगम, राजवीर सिंह राज, सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी, डॉ 0 विमलेश अवस्थी, चन्द्रवती दीक्षित, प्रीति चौरसिया गुप्ता, रंजीता, ऋतेश साहनी, पतराम सिंह आदि ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं ।

# आज तहसील भवन में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे किसान

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** धान खरीद, सरकारी भूमियों को कब्जामुक्त,बिजली व नहरों की सफाई आदि मांगों को लेकर भाकियू भानु कार्यकर्ता मंगलवार (आज) स्थानीय तहसील में प्रदर्शन करेगें।साथ ही एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपेंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने सोमवार को बताया कि आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे तहसील परिसर स्थित पार्क में मासिक पंचायत का आयोजन किया जाएगा,इसके बाद धान खरीद,बिजली,नहरों की सफाई तथा सरकारी भूमियों को कब्जामुक्त कराने आदि समस्याओं के समाधान के लिए उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. सुनीता के कुशल निर्देशन में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य संबंधित विषय पर एक विशेष व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रो. साबिहा परवीन ने छात्राओं को महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित विषय की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उक्त कार्यक्रम में संयोजक प्रो सबीहा परवीन का मुख्य योगदान



रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रीतिलता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ सोनू पुरी,डॉ. यामिनी सिंह,डॉ. प्रतिभा यादव एवं समस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और व्याख्यान से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं। कार्यक्रम में लगभग 30-35 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में यौम-ए-उर्दू का भव्य आयोजन

*** उर्दू अदब में रामपुर की हिस्सेदारी विषय पर परिचर्चा**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शायर-ए-मशरिक़ डॉ. अल्लामा इक़बाल की जयंती पर सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में ÷यौम-ए-उर्दू÷ का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर ÷उर्दू अदब में रामपुर की हिस्सेदारी÷ विषय पर परिचर्चा एवं ÷शाम-ए-ग़ज़ल व चारबैत÷ का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महमूद अली ख़ाँ (अध्यक्ष, सौलत पब्लिक लाइब्रेरी) ने की, जबकि प्रसिद्ध शोधकर्ता अतीक़ जीलानी सालिक,प्रो.ज़हीर रहमती (दिल्ली विश्वविद्यालय) और डॉ. रबाब अंजुम (मुस्लिम कॉलेज, मुरादाबाद) ने अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अदनान ज़ियाई ने किया।जश्न की शुरुआत डॉ. सैयद अनवारुल हसन क़ादरी की तिलावत-ए-क़ुरआन से हुई, इसके बाद कु. समरीन अहमद और अज़हर इनायती ने नात पेश की। कार्यक्रम संयोजक ज़ीशान मोहम्मद ख़ाँ मुराद ने अतिथियों का स्वागत किया।परिचर्चा में वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली और लखनऊ के



बाद उर्दू अदब का तीसरा दबिस्तान रामपुर माना जाता है।यहाँ के साहित्यकारों ने न केवल कविता, शोध और आलोचना में योगदान दिया बल्कि गद्य,अफ़साना और कहानी लेखन में भी इतिहास रचा।रामपुर को ÷दारुस्सरूर÷ और ÷बुख़ारा-ए-हिंद÷ जैसी उपाधियाँ मिलीं। वक्ताओं ने कहा कि जब दिल्ली और लखनऊ की अदबी महफ़िलें उजड़ गईं,तब रामपुर ने उर्दू को पनाह दी।ग़ालिब,दाग़ देहलवी,अमीर मिनाई, मोमिन, क़ुदरतुल्लाह शौक़ जैसे शायरों ने यहाँ रहकर अपनी शायरी को नई ऊँचाइयाँ दीं।आज भी शाद आरफ़ी, अज़हर इनायती, हसन इक़बाल, होश नुमानी, शहज़ादा गुलरेज़ जैसे समकालीन शायर रामपुर की उर्दू विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।वक्ताओं ने कहा कि रामपुर में अफ़साना-निगारी की परंपरा बेहद समृद्ध रही है,जहाँ राज़ यज़दानी, तालिब मिनाई, वाजीद सहरी, नईमा मसऊद,अतीक़ जीलानी सालिक, डॉ.अतहर मसऊद ख़ाँ जैसे नाम उर्दू अदब को गौरवान्वित करते हैं।कार्यक्रम के समापन पर प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक जमील अहमद ने रामपुर के शायरों की ग़ज़लें प्रस्तुत कीं,जबकि अहमद ख़ाँ ज़ियाई और उनके साथियों ने चारबैत पेश कर समां बाँध दिया।कार्यक्रम में डॉ. हसन अहमद निज़ामी,अबू सअद इस्लाही, नईम नजमी,डॉ.महदी हसन, मसरूर अदीब,अब्दुल वहाब सुखन,जुनैद महबूब ख़ाँ, ताजदार मोहम्मद ख़ाँ, इरम नाज़,डॉ.शरीफ़ क़ादरी, सैयद सरोश सईद सहित अनेक विद्वान,शायर और शिक्षाविद उपस्थित रहे।

# नव निर्मित चार वाहनों का चेयरमैन ने पूजन कर रवाना किया






*** बोलें–सफाई व्यवस्था और पथ प्रकाश में लगेंगे चार चांद**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** नगर में सफाई व्यवस्था और पथ प्रकाश को बेहतर रखने के लिए नगरपालिका को मिलें चार नव निर्मित वाहनों की पूजा-अर्चना के बाद चेयरमैन ने रवाना किया। सोमवार की शाम हाईवे स्थित शिव मंदिर के सामने नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान नव निर्मित दो टैम्पों,एक ट्रैक्टर और एक स्काई लिफ्ट आदि का पालिका चेयरमैन चित्रक मित्तल ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद रवाना किया।इस दौरान चेयरमैन ने कहा कि यह नव निर्मित वाहन नगर में पथ प्रकाश व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को और बेहतर रखने में अपनी भूमिका निभाएंगे, उन्होंने कहा पालिका प्रशासन लगातार नगर को आदर्श के रूप में विकसित करने की कवायद शुरू किए हुए हैं,कहा जनहित मुद्दों का निराकरण को प्राथमिकता देना उनका मकसद रहा है,और आगे भी रहेगा।इस दौरान मिष्ठान का भी वितरण किया गया।इस मौकें पर अमन वर्मा,भूरा खां,परवेज खां मामू,प्रवीण कुमार,अनिल सक्सेना,कमल सक्सेना, रूपेश सक्सेना,प्रताप सागर आदि मौजूद रहे।

# प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनात्मक पहलुओं पर बातचीत हुई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शंकरपुर स्थित अपने आवास पर प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनात्मक पहलू , एसआईआर एवं आगामी चुनाव के संबंध में चर्चा और पत्रकारो से बात चीत में बिहार चुनाव में कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों द्वारा मतदान में घपले और गड़बड़ी के आरोपों पर कड़ा प्रहार और कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ पार्टियो के वोट का ठिकाना नहीं ,विक्ट्री की ठिठौली में लगी हैं और बिना जनादेश के जागीरदारी की जंग में जुटी है।

नक़वी ने कहा कि घमंडियां घरानों के घोंचू घनचक्करों की यही धारा प्रवाह धूर्धता उन्हें धूल धूसित कर रही है।

नक़वी ने कहा कि सत्ता लोलुप सामंती सुल्तानों का सुरूर और गुरूर उनको चकनाचूर कर रहा है।

उन्होंने कहा कि वोट चोरी की पिटी



पटकथा पर सत्ता लोलुप सामंती सुल्तानों का टशन टाय टाय फिश होगा। शानदार जनतंत्र को शरारत पूर्ण परिवार तंत्र का बंधन बनाने की साजिशी सोंच का सूपड़ा साफ़ होगा नक़वी ने कहा कि डायनेस्टी के डिफॉल्टर डापोरशंखों की बकवास बहादुरी उनकी लुटिया डूबो रही है। नक़वी ने कहा कि साजिशी षड्यंत्र से संवैधानिक जनतंत्र को बदनाम करने में लगी सामंती सूरमाओं का सुल्तानी सिंडिकेट का जनाधार वेंटिलेटर पर है पर अहंकार एक्सिलेटर पर है, बिहार चुनाव रिज़ल्ट के बाद विपक्ष के वोट चोरी की कहानी जल्द वोट डाके का फ़साना बनने वाला है ,विपक्ष को जीत के ग्लैमर हार के ग्रेस को स्वीकार करना चाइए

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जागेश्वर दयाल दीक्षित, कपिल आर्य, मोहन लोधी, संजय चौधरी, मुन्नी देवी गंगवार, टेकचंद गंगवार, खलील अहमद, रिजवान अहमद, सोनू लोधी, ओम प्रकाश सैनी, वसीम खान, राजू खान, शांति स्वरूप, चमन मौर्य, बशीर अहमद आदि उपस्थित रहे।

# बापू मॉल को शीघ्र शुरू कराने और नवीन मंडी स्थल डूंगरपुर की अव्यवस्थाओं पर कार्रवाई की मांग

*** रामपुर में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी सोमवार को शहर की तिलक नगर कॉलोनी स्थित कार्यालय पर एकत्र हुए और वहाँ से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुँचे।व्यापारियों ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए बापू मॉल को शीघ्र शुरू कराने और नवीन मंडी स्थल डूंगरपुर की अव्यवस्थाओं पर कार्रवाई की मांग की।राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि ज़24 करोड़ 96 लाख की लागत से तैयार बापू मॉल पिछले 13 वर्षों से पूरी तरह शुरू नहीं हो पाया है।संगठन ने इस विषय पर लगभग 50 बार अनुरोध किया, लेकिन अब तक 400 दुकानों को खोला नहीं गया।व्यापारियों का कहना है कि यह मॉल शहर के व्यापारिक विकास का प्रमुख केंद्र बन सकता है,लेकिन प्रशासन की उदासीनता से



परियोजना अधूरी है।संगठन ने यह भी कहा कि नवीन मंडी स्थल डूंगरपुर में सब्जी मंडी की आढ़तों के सामने अवैध रूप से धान क्रय केंद्र खोला गया है। इससे धूल,जाम और अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न हो गई है।व्यापारियों के लिए यहाँ व्यापार करना कठिन हो गया है।साथ ही,व्यापारियों ने बताया कि चुनाव के दौरान मतगणना तक मतपेटियाँ मंडी परिसर में रखी जाती हैं,जिससे दो-दो माह तक व्यापार ठप रहता है।उन्होंने मांग की कि भविष्य में मतपेटियाँ नुमाइश ग्राउंड या किसी अन्य स्थान पर रखवाई जाएँ,ताकि व्यापार सुचारू रूप से चल सके।इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी,नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन,प्रदेश मंत्री पप्पू खान, फहीम अहमद,शाहिद आढ़ती मामू,नूर अहमद,मकसूद अहमद,आमिर खान,यासीन खान,नवाब युसूफ, संदीप शर्मा,गोपाल शर्मा, बाबू खान, अलाउद्दीन, प्रवीण गुर्जर समेत सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

# टांडा की छात्रा की मुरादाबाद में सड़क हादसे में मौत,मचा कोहराम

**उत्तम भारत संवाददाता**

**टांडा।** क्षेत्र के गांव पीपली नायक की जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा की मुरादाबाद में हुए सड़क हादसे में की मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक छात्रा नेशनल हाईवे पार करते समय हादसे का शिकार हुई।गांव निवासी सत्यपाल की बड़ी बेटी भावना पाकबड़ा स्थित टीएमयू में जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा थी।पिछले दो माह से वह पाकबड़ा में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ टीएमयू अस्पताल में प्रैक्टिस भी कर रही थी।रविवार



शाम को भावना रात्रि शिफ्ट के लिए अस्पताल जा रही थी।रास्ते में नेशनल हाईवे पार करते समय एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी।इसके तुरंत बाद पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।भावना तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। उसके छोटे भाई विनय कक्षा 11 में और बहन मोनी कक्षा 9 में पढ़ती है।पिता सत्यपाल मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे और बेटी को पढ़ाकर उसके भविष्य को लेकर आशान्वित थे।इस दुखद घटना की खबर गांव में पहुंचते ही मातम छा गया।पड़ोसी और रिश्तेदार परिजनों को सांत्वना देने उनके घर पहुंचे, लेकिन सभी की आंखें नम हो गई।पोस्टमार्डम के बाद जैसे ही छात्रा का शव घर पहुंचा तो देखने वालों का तांता लग गया और रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल था।

# बिजली के खंभे की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले में नयी मंडी क्षेत्र स्थित आदर्श कॉलोनी में बिजली आपूर्ति लाइन की मरम्मत के दौरान विभाग की कथित लापरवाही के कारण खंभा गिरने से स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने इस घटना के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।

# मदुरै लॉ कॉलेज के पूर्व छात्रों का भव्य सम्मान समारोह: वकीलों के लिए 25 लाख तक के बीमा कवर की मांग

**चेन्नई।** तमिलनाडु और पुडुचेरी बार काउंसिल के अध्यक्ष थलाइवर अमलराज ने वकीलों के कल्याण के लिए बड़ा कदम उठाने का ऐलान किया है। उन्होंने सरकार से बार काउंसिल कल्याण कोष की राशि को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने की मांग की है। यह अनुरोध वकीलों की आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। अमलराज ने कहा कि वे इस मुद्दे पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से जल्द ही चर्चा करेंगे।

इस बीच, बार काउंसिल जल्द ही सभी पंजीकृत वकीलों को 5 लाख रुपए का मुफ्त बीमा कवर प्रदान करने की योजना बना रही है। अमलराज ने स्पष्ट किया कि यह सुविधा सरकारी सहयोग से उपलब्ध होगी और वकीलों को किसी अतिरिक्त बोझ के बिना मिलेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कल्याण कोष से मृत्यु या दुर्घटना के मामले में 10 लाख रुपए की सहायता दी जाती है, लेकिन बार काउंसिल इसे दोगुना करने के लिए प्रयासरत है। अमलराज ने कहा, ÷हमारा लक्ष्य वकीलों को मजबूत बीमा नेटवर्क देना है, ताकि वे बिना चिंता के अपनी ड्यूटी निभा सकें।यह घोषणा चेन्नई के निकट पूर्वी तट राजमार्ग (ईसीआर) पर स्थित मुत्तुकाडु के एक प्रसिद्ध निजी स्टार होटल में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह के दौरान की गई। यह समारोह मदुरै लॉ कॉलेज के 1983 से 1986 के बीच पढ़ने वाले पूर्व छात्रों के लिए था। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों से देश-प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 30 से अधिक पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। तमिलनाडु के कोने-कोने से पहुंचे ये पूर्व छात्र अपनी पढ़ाई के इस मंदिर की यादों में खो गए।

समारोह की शुरुआत पारंपरिक तरीके से हुई। मंच पर सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति चंद्रशेखरन, पूर्व अन्नाद्रमुक विधायक और वर्तमान राज्यसभा सांसद थानापाल तथा बार काउंसिल अध्यक्ष अमलराज का स्वागत शॉल ओढ़ाकर, गुलदस्ते भेंटकर और उपलब्धि पुरस्कार देकर किया गया। इसके बाद रेलवे विभाग, सीमा शुल्क विभाग, पुलिस, आयकर विभाग और आईएएस जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य पूर्व छात्रों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। मंच पर बोलते हुए अमलराज ने पूर्व मुख्यमंत्रियों की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ÷जयललिता जी के शासनकाल में वकीलों का कल्याण कोष 2.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किया गया था। वर्तमान मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने इसे 10 लाख तक पहुंचाया। लेकिन अब हमारा इरादा इसे 25 लाख करने का है।÷

# अगले दो दिनों के लिए कई जिलों में भारी बारिश का अनुमान, अलर्ट जारी



**चेन्नई।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिनों में तंजावुर, पुदुक्कोट्टई, रामनाथपुरम, विरुधुनगर और थूथुकुडी सहित तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। विभाग ने इन क्षेत्रों के निवासियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है, क्योंकि गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने ताजा मौसम बुलेटिन में बताया कि सोमवार को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में कुछ स्थानों पर बिजली और गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। विभाग ने आगाह किया कि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं राज्य के मौसम को प्रभावित करती रहेंगी, इसलिए दक्षिणी और पश्चिमी जिलों में रुक-रुक कर बारिश तेज हो सकती है।

पूर्वानुमान के अनुसार, मंगलवार और बुधवार को थूथुकुडी, विरुधुनगर, रामनाथपुरम, पुदुक्कोट्टई और तंजावुर जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। इसी तरह, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, नीलगिरी, कोयंबटूर, तिरुप्पुर, थेनी और तेनकासी जैसे जिलों में भी इसी अवधि के दौरान भारी बारिश होने की संभावना है।

चेन्नई स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने आगे संकेत दिया है कि गुरुवार को कोयंबटूर, नीलगिरी, डिंडीगुल, थेनी, तेनकासी, कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। इस व्यापक बारिश से सूखाग्रस्त क्षेत्रों को अस्थायी राहत मिल सकती है, लेकिन निचले इलाकों में जलभराव और परिवहन में परेशानी भी हो सकती है।

चेन्नई और उसके उपनगरों के लिए, आरएमसी ने सोमवार शाम को हल्की से मध्यम बारिश के साथ छिटपुट गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान लगाया है। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मछुआरों के लिए फिलहाल कोई चेतावनी या सलाह जारी नहीं की गई है, क्योंकि अगले कुछ दिनों तक तट पर हवा की गति सामान्य रहने की उम्मीद है।

मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि मौजूदा परिस्थितियां उत्तर-पूर्वी मानसून के पैटर्न के अनुरूप हैं, जो वर्तमान में दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में सक्रिय है। आईएमडी ने कहा कि वह घटनाक्रम पर कड़ी नजर रखेगा और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकता नुसार अलर्ट जारी करेगा।

# कोच्चि में केडब्ल्यूए का पानी का टैंक ढहने से घरों में पानी भरा, वाहन बहे



**कोच्चि।** कोच्चि के थम्मनम में केरल जल प्राधिकरण (केडब्ल्यूए) के फीडर टैंक का एक हिस्सा रविवार देर रात ढह जाने से कई घरों में पानी भर गया और कई वाहन बह गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

'केडब्ल्यूए फीडर पंप हाउस' में पानी की टंकी का एक हिस्सा देर रात दो बजे से ढाई बजे के बीच ढह गया।

केडब्ल्यूए अधिकारियों के अनुसार, टंकी में दो 'चैंबर' हैं जिनकी कुल क्षमता लगभग 1.38 करोड़ लीटर है।

एक 'चैंबर' की दीवार ढह गई और बहता पानी पंप हाउस की दीवार को तोड़कर आस-पास के लगभग 10 घरों में घुस गया।

एर्नाकुलम के विधायक टी जे विनोद ने बताया कि इलाके में खड़ी कई गाड़ियां बह गईं। उन्होंने कहा, ''घरों के भूतल पर रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गए। पानी पास के एक स्वास्थ्य केंद्र में भी घुस गया जिससे दवाइयां और उपकरण नष्ट हो गए।'' विनोद ने बताया कि यह टैंक 50 साल से भी पहले बना था। उन्होंने कहा, ''यह फीडर टैंक कोच्चि शहर और त्रिपुनिथुरा इलाकों में पानी की आपूर्ति में मदद करता है। क्षतिग्रस्त चैंबर में कोच्चि शहर के लिए पानी जमा होता था।''

निवासियों ने बताया कि उन्हें पानी की टंकी ढहने का तब पता चला जब उनके घर में पानी घुस आया।

एक निवासी ने बताया कि तेजी से पानी आने से तीन घरों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। त्रिकक्करा की विधायक उमा थॉमस ने इलाके का दौरा किया। उन्होंने केडब्ल्यूए से संपत्ति के नुकसान से प्रभावित निवासियों को तत्काल मुआवजा देने का आग्रह किया।

केडब्ल्यूए अधिकारियों ने कहा कि कोच्चि और आसपास के इलाकों में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

# महिला चिकित्सक पर हमला करने के दोषी को सात साल कठोर कारावास की सजा

**ठाणे।** ठाणे की एक अदालत ने 2021 में एक महिला चिकित्सक पर हमला करने और उसे लूटने के दोषी को सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि यह सजा चिकित्सकों को निशाना बनाकर की जाने वाली हिंसा के खिलाफ एक कड़ा संदेश देगी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वसुधा भोसले ने 31 अक्टूबर को दिए आदेश में दोषी राशिद शकील खान (56) पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। आदेश की एक प्रति शनिवार को उपलब्ध कराई गई।

अतिरिक्त लोक अभियोजक आर पी पाटिल ने अदालत से कहा कि खान तीन जनवरी 2021 को कोरोना वायरस महामारी के दौरान आरटी-पीसीआर जांच के बारे में पूछताछ करने के बहाने महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर इलाके में डॉ. गायत्री नंदलाल जायसवाल के क्लिनिक में आया। उसे इंतजार करने को कहा गया लेकिन वह नाराज होकर वहां से चला गया। पाटिल ने बताया कि खान कुछ ही देर में वापस आया और उसने चिकित्सक पर अचानक बेरहमी से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि खान ने चिकित्सक के सिर पर लोहे के हथौड़े से कई बार और जोर से वार किया।

उन्होंने बताया कि जब चिकित्सक गंभीर रूप से घायल होने के कारण खून से लथपथ पड़ी थीं, तब खान ने उनकी सोने की चेन, एक अंगूठी, एक मोबाइल फोन और 5,000 रुपये नकद चुरा लिए।

आरोपी को भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं और चिकित्सा पेशेवरों एवं चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ हिंसा की रोकथाम अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया। अदालत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि शिकायतकर्ता को लगी चोटें 'गंभीर चोट' की परिभाषा के दायरे में आती हैं।

अदालत ने अभियुक्त को सजा सुनाते हुए कहा कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए उदाहरण पेश करने वाली ऐसी सजा दिए जाने की आवश्यकता है जिससे पीड़िता को न्याय मिल सके, दूसरों को ऐसे अपराध करने से रोकने में मदद मिल सके और यह संदेश दिया जा सके कि चिकित्सकों के विरुद्ध हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उसने निर्देश दिया कि जुर्माने की राशि में से 10,000 रुपये चिकित्सक को दिए जाएं। अभियोजक ने बताया कि खान के खिलाफ आरोप साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष के 14 गवाहों से पूछताछ की गई।

# भ्रष्टाचार के आरोप में चार अधिकारी बर्खास्त, तीन की पेंशन में कटौती का आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक दशक से भी पुराने अलग-अलग मामलों में भ्रष्टाचार के आरोप साबित होने के बाद चार अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है और तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में स्थाई कटौती का आदेश दिया है। समाज कल्याण विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत की गई है।

यहां जारी एक बयान के अनुसार आरोपी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और उनसे गबन की गई सरकारी धनराशि की वसूली के निर्देश भी दिए गए हैं। बयान के मुताबिक बर्खास्त किए गए अधिकारियों में पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव (श्रावस्ती), करुणेश त्रिपाठी (मथुरा), संजय कुमार ब्यास (हापुड़) और राजेश कुमार (शाहजहांपुर) शामिल हैं।बयान के अनुसार श्रीवास्तव को लाभार्थियों के डाटा में हेरफेर और छात्रवृत्ति राशि के गबन का दोषी पाया गया, जबकि त्रिपाठी और ब्यास पर करोड़ों रुपये की छात्रवृत्ति राशि गैर-मान्यता प्राप्त निजी संस्थानों में स्थानांतरित करने का दोषी करार दिया गया।

# बिहार में मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**पटना/सारण।** बिहार की राजधानी पटना से सटे सारण जिले में रविवार रात को एक मकान की छत गिरने से तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अकिलपुर थाना क्षेत्र के मानस नया पानापुर 42 पट्टी गांव में यह हादसा हुआ। घटना रविवार रात करीब नौ बजकर 45 मिनट पर हुई। हादसे के समय पूरा परिवार घर के अंदर सो रहा था।

सारण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने सोमवार को बताया, ''छत ढह जाने की घटना में तीन बच्चों समेत परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और मलबे से शवों को निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।'' उन्होंने बताया कि घटना में मोहम्मद बबलू खान (32), उनकी पत्नी रौशन खातून (30), पुत्र मोहम्मद चांद (10), पुत्री रूकशार (12) और छोटी बेटी चांदनी (दो) की मौके पर ही मौत हो गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, छत गिरने की जोरदार आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिना देरी किए मलबा हटाने का काम शुरू किया। लेकिन तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद अकिलपुर थाना की टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक बबलू खान का मकान काफी पुराना था और जर्जर हो गया था। लगातार नमी और बारिश के कारण छत कमजोर पड़ गई थी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि इसी वजह से मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा दिलाने के लिए घटना से जुड़े सभी दस्तावेज संबंधित जिला प्रशासन को भेज दिए हैं। राजस्व मामलों के लिहाज से यह इलाका पटना जिले में पड़ता है।

# लाडकी बहिन योजना कभी बंद नहीं होगी: शिंदे



**ठाणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने सरकार की लाडकी बहिन योजना के बंद होने की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि यह योजना जारी है और उन्होंने महायुति की चुनावी सफलता का श्रेय इसके लाभार्थियों को दिया।

शिंदे रविवार देर रात ठाणे में एक कार्यक्रम में कल्याण-डोंबिवली के 100 से अधिक कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और पूर्व पार्षदों के उनकी पार्टी में शामिल होने के बाद संबोधित कर रहे थे। शिवसेना में शामिल होने वाले लोगों में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (उबाठा) गुट के सदस्य भी शामिल थे। यह घटनाक्रम अगले महीने राज्य में होने वाले विभिन्न नगर निकायों के चुनावों से पहले हुआ है।

शिवसेना में शामिल हुए सदस्यों को पार्टी का पारंपरिक पटका (स्कार्फ) भेंट करने के बाद उपमुख्यमंत्री शिंदे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना के बढ़ते समर्थन का श्रेय शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे और (शिंदे के मार्गदर्शक) आनंद दिघे के आदर्शों के प्रति उसके समर्पण को दिया जाना चाहिए। शिंदे ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यों (2022 से 2024 तक) पर प्रकाश डाला और महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली 'मुख्यमंत्री मांझी लाडकी बहिन योजना' को सबसे लोकप्रिय योजना बताया।

उन्होंने कहा कि यह योजना ''कभी बंद नहीं होगी'' और उन्होंने इसके लाभार्थियों को पिछले वर्ष राज्य में भाजपा, शिवसेना और अजित पवार की राकांपा वाली महायुति को पुनः सत्ता में लाने के लिए भारी मतदान करने का श्रेय दिया।

नए सदस्यों के शामिल होने पर शिंदे ने कहा, ''पूरे महाराष्ट्र में शिवसेना में इतने सारे लोग क्यों शामिल हो रहे हैं? क्योंकि यह शिवसेना बालासाहेब ठाकरे के विचारों के साथ आगे बढ़ रही हैज और शिवसेना अपनी बात रखती है और उस पर कायम रहती है, यह विश्वास सभी के मन में है। और इसलिए लोग हमारे साथ आते हैं।''

# पुलिस सेवा को अवैध रूप से दो साल बढ़ाने के आरोप में एक पूर्व सब-इंस्पेक्टर दोषी करार

**श्रीनगर।** क्राइम ब्रांच कश्मीर की आर्थिक अपराध शाखा ने पूर्व सब-इंस्पेक्टर जगदीश को दोषी करार दिया है जिसने अपनी पुलिस सेवा को अवैध रूप से दो साल बढ़ाने के लिए आधिकारिक रिकॉर्ड में अपने जन्म वर्ष में हेरफेर किया था। श्रीनगर की एक अदालत ने उसे धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित अपराधों के लिए जुर्माने के साथ तीन साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

आर्थिक अपराध शाखा के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि क्राइम ब्रांच कश्मीर की आर्थिक अपराध शाखा ने रणबीर दंड संहिता (आरपीसी) की धारा 420, 468, 471 और 201 के तहत दर्ज एफआईआर संख्या 32/2013 के संबंध में पूर्व सब-इंस्पेक्टर जगदीश सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी अतीना, बडगाम को दोषी करार दिया है। बयान में कहा गया है कि यह मामला पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) जम्मू-कश्मीर से प्राप्त एक पत्र से उत्पन्न हुआ है जिसमें संकेत दिया गया है कि अभियुक्त ने अपने सेवाकाल को अवैध रूप से दो वर्ष बढ़ाने के लिए आधिकारिक अभिलेखों में अपने जन्म वर्ष को 1957 से 1959 में बदल दिया था। जांच से पता चला कि सिंह ने अनुचित सेवा लाभ प्राप्त करने के लिए अपने चरित्र पंजिका और मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र सहित अपने सेवा दस्तावेजों में अपनी जन्मतिथि को धोखे से 10 नवंबर, 1959 में बदल दिया था।

बयान में कहा गया है कि मुकदमे के दौरान आर्थिक अपराध शाखा ने सिंह के अपराध को साबित करने के लिए पर्याप्त गवाह और पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए। गहन जांच के बाद माननीय नगर न्यायाधीश, श्रीनगर की अदालत ने अभियुक्त को धारा 420, 511 और 468 आरपीसी के तहत दोषी पाया। अदालत ने उसे धारा 420 सहपठित 511 आरपीसी के तहत तीन साल के साधारण कारावास और 5,000 के जुर्माने की सजा सुनाई और धारा 468 आरपीसी के तहत अतिरिक्त तीन साल के साधारण कारावास और 5,000 के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को छह महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएँ साथ-साथ चलेंगी।

आर्थिक अपराध शाखा ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई कि धोखाधड़ी, जालसाजी या भ्रष्टाचार के किसी भी कृत्य की चाहे वह किसी भी पद या पद का हो पूरी तरह से जाँच की जाए और कानून के अनुसार मुकदमा चलाया जाए।

# सर्द हवाओं से गिरा तापमान गिरा, होने लगी गुलाबी ठंड का अहसास

**धमतरी।** उत्तर दिशा से चल रही सर्द हवाओं ने जिले में ठंड का असर तेज कर दिया है। सुबह और रात के समय हल्की ठिठुरन महसूस की जा रही है। तापमान में गिरावट के चलते लोगों को गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है। दुकानों में गर्म कपड़ों की पूछ-परख शुरू हो गई है।

तापमान में गिरावट से वातावरण में कोहरे की परत छाने लगी है, जिससे दृश्यता पर भी असर पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में शीतलहर चलने की संभावना जताई गई है, वहीं मध्य छत्तीसगढ़ में तापमान में विशेष परिवर्तन की उम्मीद नहीं है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान एक से दो डिग्री तक गिर सकता है।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा और अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन की संभावना नहीं है। फिलहाल अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। धमतरी सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह-सुबह की हवा में अब ठंडक घुलने लगी है, जिससे लोगों ने गरम कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। शहर में ठंड बढ़ने के साथ ही बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। प्रमुख कपड़ा दुकानों और ऊन वस्त्र स्टोरों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। लोग स्वेटर, जैकेट, मफलर और दस्तानों के नए डिजाइनों की तलाश में दुकानों का रुख कर रहे हैं। कपड़ा विक्रेता मोहन देवांगन ने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ ग्राहकी में तेजी आई है। वहीं कुशल देवांगन और विजय देवांगन ने बताया कि इस साल लोग स्टाइलिश और हल्के वजन वाले गर्म कपड़ों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

स्वेटर, जैकेट और मफलर का सहारा : गुलाबी ठंड के आगमन के साथ अब अब गर्म कपड़ों का सहारा है। शाम ढलते ही हवा में ठंडक बढ़ने लगती है, जिससे लोग अब स्वेटर, जैकेट और मफलर पहनकर निकल रहे हैं। वाहन चालकों को भी अब सफर के दौरान गर्म कपड़े रखना जरूरी हो गया है। मौसम विभाग ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें, क्योंकि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

# भदोही में नव विवाहिता से अश्लील हरकत करने के आरोपी नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**भदोही।** भदोही जिले में घर के शौचालय और स्नानगृह के सामने सीसीटीवी कैमरा लगाने का विरोध करने पर एक नव विवाहिता से अश्लील हरकत करने और धमकी देने के आरोपी नौ लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश के बाद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि जिले की ज्ञानपुर सदर कोतवाली के भिदिउरा गांव में इसी साल 12 मार्च को मुन्नी देवी नामक महिला के घर के ठीक सामने कुछ लोग सीसीटीवी कैमरा लगा रहे थे। उस कैमरे का रुख उसके घर में बने शौचालय और स्नानगृह की तरफ था।

अधिकारी ने बताया कि मुन्नी देवी ने कैमरे लगाने का विरोध किया इसके बाद सुमीत, वरुण, संदीप, सुमित दुबे, अमन, अंकित, सौरभ, अनुज और संजय नामक व्यक्तियों ने उसकी नव विवाहिता बहू को जमीन पर लिटाकर उससे अश्लील हरकत की। उन्हें रोकने की कोशिश पर आरोपियों ने उसे भी धक्का देकर गिरा दिया। उन्होंने बताया कि वादी मुन्नी देवी ने रिपोर्ट में कहा है कि जब उसने दबंग की हरकत को देखकर चिल्लाना शुरू किया तो ग्रामीण इकट्ठा होने लगे जिन्हें देखकर आरोपी उसकी बहू को बेइज्जत करने की धमकी देकर भाग गए।

अधिकारी ने बताया इस मामले में मुन्नी देवी (42) ने एक याचिका अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह की अदालत में गत 20 मार्च को दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने गत आठ नवंबर को नौ युवकों के खिलाफ ज्ञानपुर कोतवाली में मामला दर्ज करने का आदेश दिया था।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि अदालत के आदेश पर सभी नौ आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 (किसी महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से उस पर हमला करना या आपराधिक बल प्रयोग करना), 324-4 (शरारतपूर्ण कृत्य) और 351-3 (किसी को मृत्यु या गंभीर चोट पहुंचाने की धमकी देना) के तहत रविवार को मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# असम मंत्रिमंडल ने बहुविवाह निषेध विधेयक को दी मंजूरी

*** नवाचार नीति और न्यायिक टाउनशिप को भी हरी झंडी**

**गुवाहाटी।** राज्य मंत्रिमंडल ने असम बहुविवाह निषेध विधेयक-2025 को मंजूरी दे दी। इसे राज्य में बहुविवाह प्रथा को समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रही है। यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की अध्यक्षता में रविवार रात लोक सेवा भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। बैठक में और भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मंत्रिमंडल ने उत्तर गुवाहाटी के रंगमहल में स्टेट ऑफ द आर्ट ज्यूडिशियल टाउनशिप के पहले चरण के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। इस परियोजना की अनुमानित लागत 478.78 करोड़ रुपये होगी। हाई कोर्ट कॉम्प्लेक्स डेवलपमेंट (फेज-ढ्ढ) के अंतर्गत आधुनिक न्यायिक परिसर का निर्माण किया जाएगा।

सभी भवन आपस में पुलों से जुड़े होंगे। यह परिसर क्षेत्र का प्रमुख न्यायिक केंद्र होगा। इस परियोजना के प्रमुख घटक हाई कोर्ट बिल्डिंग (जी+4), हाई कोर्ट बार बिल्डिंग (जी+6), तथा हाई कोर्ट ऑफिस बिल्डिंग (जी+6) हैं। राज्य मंत्रिमंडल ने असम स्टार्टअप एंड इनोवेशन पॉलिसी 2025-30' को भी मंजूरी दी।

इसका उद्देश्य अगले पांच वर्ष में असम को देश के अग्रणी नवाचार और उद्यमिता केंद्रों में स्थापित करना है। इस नीति पर पांच वर्षों में 397 करोड़ रुपये का व्यय होगा। इस नीति के अंतर्गत विभिन्न आर्थिक सहायता प्रावधान किए गए हैं। मंत्रिमंडल ने असम बहुविवाह निषेध विधेयक-2025 को मंजूरी प्रदान की है। इसे बहुविवाह प्रथा को समाप्त करने और इसे अपराध घोषित करने के उद्देश्य से लाया गया है (छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों को छोड़कर)। यह विधेयक ऐसे पुरुष या महिला को विवाह करने से रोकता है जिसकी जीवित पत्नी या पति हो, या जिसका विवाह विधिक रूप से विच्छेदित नहीं हुआ हो। साथ ही, इस विधेयक में बहुविवाह से पीड़ित महिलाओं को मुआवजा देने का भी प्रावधान रखा गया है ताकि उन्हें न्याय और सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

बैठक में कैरीयर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत असम के स्वायत्त, प्रांतीयकृत और सरकारी महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापकों व पुस्तकालयाध्यक्षों के पदोन्नति की प्रभाव तिथि निर्धारित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने 'चु-का-फा विश्वविद्यालय, असम' की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के प्रसार के लिए अविभाजित शिवसागर, विशेषकर चराइदेव जिले में एक शिक्षण, आवासीय और संबद्ध विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया जाएगा।

# तमिलनाडु के लोग एसआईआर के समर्थन के लिए अन्नाद्रमुक को उचित सबक सिखाएं : माकपा

**चेन्नई।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की तमिलनाडु इकाई के सचिव पी. षणमुगम ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद को समर्थन देने के लिए सोमवार को अन्नाद्रमुक पर निशाना साधा और लोगों से उसे उचित सबक सिखाने को कहा।

एसआईआर के खिलाफ द्रमुक के नेतृत्व वाले 'सेकुलर डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव अलायंस' द्वारा किए जाने वाले प्रदर्शन से एक दिन पहले माकपा नेता ने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अन्नाद्रमुक अब मतदाता सूचियों के एसआईआर का समर्थन कर रही है, जिसने ''नागरिकता छीनने वाले सीएए-एनआरसी'' का समर्थन किया था।

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक की सहयोगी कम्युनिस्ट पार्टी ने एक बयान में आरोप लगाया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) जैसे सभी प्रमुख मुद्दों पर गलत रुख अपनाने वाली अन्नाद्रमुक सभी प्रमुख मुद्दों पर गलत रुख अपनाना जारी रखे हुए है और इसलिए तमिलनाडु के लोगों को उन्हें उचित सबक सिखाना चाहिए। षणमुगम ने लोगों से 11 नवंबर को एसआईआर के खिलाफ होने वाले प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाग लेने का आग्रह किया।

# मुंबई में एक व्यावसायिक इमारत में भीषण आग लगी, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** मुंबई के चेंबूर इलाके में सोमवार तड़के दो मंजिला एक व्यावसायिक इमारत में भीषण आग लग गई। महानगरपालिका के अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि सायन-ट्रॉम्बे रोड स्थित एक व्यावसायिक इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित थॉमस कुक के कार्यालय में आग लग गई। आग की सूचना रात करीब डेढ़ बजे दमकल विभाग को दी गई।

महानगरपालिका के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की आठ गाड़ियां और अन्य अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर पहुंचे और तड़के 4.33 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग बिजली के तारों और प्रतिष्ठानों, कार्यालय के फर्नीचर और कार्यालय की अन्य चीजों तक ही सीमित रही। अधिकारी ने कहा, ''किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।'' आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# पानीपत की धागा फैक्ट्री में लगी आग करोड़ों का नुकसान

**पानीपत।** पानीपत के गांव पसीना औद्योगिक क्षेत्र में स्थित ओम बालाजी टेक्सटाइल (धागा) फैक्ट्री में रविवार को रात अचानक भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आग से फैक्ट्री में रखा तैयार व कच्चा माल, तथा रेंजिंग मशीनें इलेक्ट्रिक पैनल सहित बिल्डिंग अन्य सामान जलकर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।

गनीमत ये रही कि आग के समय फैक्ट्री बंद थी जिस कारण कोई जनहानि नहीं हुई। आग की सूचना गेटमैन ने तुरंत फायर ब्रिगेड व फैक्ट्री मालिक को दी। फायर ब्रिगेड की गाड़िया तुरंत मौके पर पहुंची और आग को काबू करने में जुट गई।

जिला अग्निशमन अधिकारी गुरमेल सिंह ने बताया कि रविवार देर रात को आग लगी थी। सूचना मिलते ही तुरंत फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों को भेजा गया। जिसके बाद आठ और गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए मौके पर भेजी गई। आग इतनी तेजी से फैली थी कि जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं, तब तक फैक्ट्री का अधिकांश सामान जल चुका था।

फायर ब्रिगेड की टीम ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार की सुबह तक आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में धागे और कपड़े बड़ी मात्रा मौजूद होने के कारण आग बुझाने में काफी समय लगा। गुरुमेल सिंह ने बताया कि बालाजी फैक्ट्री में आग लगने के समय कोई कर्मचारी व श्रमिक मौजूद नहीं था। रात होने की वजह से सभी छुट्टी पर घर चले गए थे।

जिस कारण किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।

# बलिया में पुलिस मुठभेड़ में हत्या का आरोपी घायल

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के मनियार थाना क्षेत्र के घोघाचट्टी-बड़ागांव मार्ग पर रविवार देर रात चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक हत्या का आरोपी घायल हो गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जब पुलिस ने आरोपी को रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। एक गोली आरोपी के पैर में लगी और वह घायल हो गया। यह घटना रविवार देर रात उस समय हुई जब पुलिस की एक टीम इलाके में नियमित चेकिंग कर रही थी। तेज गति से आ रही एक मोटरसाइकिल को देखकर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। लेकिन, रुकने के बजाय, मोटरसाइकिल सवार ने भागने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उसका कुछ देर तक पीछा किया। जैसे ही पुलिस ने उसे घेरा।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 11/10/2025 4:33 PM Page 1



# पहलगाम सबसे ठंडा, श्रीनगर और गुलमर्ग में शून्य से नीचे पहुंचा तापमान



**श्रीनगर।** श्रीनगर में सोमवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया। श्रीनगर में माइनस 0.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, इस मौसम में यह पहली बार हुआ है जब श्रीनगर में पारा शून्य से नीचे चला गया है।

गुलमर्ग में शून्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं शून्य से 3.2 डिग्री नीचे तापमान के साथ पहलगाम सबसे ठंडा रहा।

बताया गया है कि आने वाले 10 से 15 दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है और रात में आसमान साफ रहने के कारण आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस, माता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटरा में 11 डिग्री सेल्सियस, बटोटे में 4.6 डिग्री सेल्सियस और भद्रवाह में 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पल्मोनोलॉजिस्ट ने लोगों, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को अत्यधिक ठंड में बाहर न जाने की चेतावनी दी है, क्योंकि इससे सर्दियों के महीनों में सीने में जकड़न और संक्रमण हो सकता है।

जाने-माने पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. नवीद नजीर शाह ने कहा है कि जो लोग पहले से बीमार हैं, उन्हें सर्दियों के महीनों में अत्यधिक ठंड से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

बता दें कि कश्मीर घाटी में सर्दियों में लोग एक खास ऊनी कोट पहनते हैं, जिसे फेरन कहते हैं।

ठंड बहुत बढ़ने पर वे कांगड़ी नाम की टोकरी इस्तेमाल करते हैं। इसमें मिट्टी का एक छोटा बर्तन होता है, जिसमें जलते कोयले डाले जाते हैं। इसे फेरन के अंदर रखकर शरीर को गर्म रखते हैं।

सबसे ज्यादा ठंड का समय चिल्लई कलां कहलाता है। यह 21 दिसंबर से 30 जनवरी तक के 40 दिन का होता है। इन दिनों घाटी में इतनी ठंड पड़ती है कि झीलें, नदियां और तालाब आंशिक या पूरी तरह जम जाते हैं।

बर्फ से ढकी पहाड़ों की चोटियों से घाटी में सुबह और शाम को ठंडी हवाएं चलने के कारण कश्मीर में सुबह और शाम ठंडी रहती है और स्थानीय लोगों ने भारी ऊनी कपड़े पहनना शुरू कर दिया है।

'फेरन' घाटी में रहने वाले लोगों का पारंपरिक सर्दियों का पहनावा है। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती है, लोग 'कांगड़ी' नाम की विलो की टोकरी में चारकोल से भरा मिट्टी का बर्तन फेरन के अंदर इस्तेमाल करते हैं ताकि कड़ाके की ठंड से बचा जा सके।

# केंद्र सरकार के कदम खींचने के बाद भी पंजाब यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन जारी, सीनेट चुनाव घोषित करने की मांग



**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्रालय पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) के सीनेट में ढांचागत बदलावों को रद्द करवाने से जुड़ी छात्रों की मांग पहले ही मान चुका है, लेकिन अब छात्र सीनेट चुनाव की तारीख की घोषणा की मांग कर रह हैं। उनका कहना है कि तारीख की घोषणा होने के बाद ही प्रदर्शन वापस लिया जाएगा।

इसे लेकर सोमवार सुबह से ही छात्र बड़ी संख्या में कुलपति कार्यालय के बाहर जुटने लगे। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं, वहीं कैंपस के आसपास की दुकानें और दफ्तर बंद रखने की अपील की गई है।

दरअसल, यह विरोध उस समय शुरू हुआ, जब केंद्र सरकार ने 28 अक्टूबर को एक अधिसूचना जारी कर पंजाब यूनिवर्सिटी की दो मुख्य शासी संस्थाओं (सीनेट और सिंडिकेट) को भंग कर दिया था। सरकार ने इनकी जगह एक नया बोर्ड ऑफ गवर्नर्स बनाने की घोषणा की। इस बोर्ड में ज्यादातर सदस्य केंद्र द्वारा नामित किए जाने थे। इस फैसले के बाद पंजाबभर में विरोध की लहर दौड़ गई। छात्रों, शिक्षकों और राजनीतिक दलों ने इसे राज्य की सबसे पुरानी और स्वायत्त यूनिवर्सिटी पर नियंत्रण करने की कोशिश बताया। आलोचना के बाद केंद्र सरकार को कदम पीछे खींचना पड़ा। गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय ने नया नोटिफिकेशन जारी कर पहले वाले आदेश को वापस ले लिया और पुराने ढांचे को बहाल कर दिया।

हालांकि छात्रों का कहना है कि वास्तव में कुछ भी नहीं बदला। यूनिवर्सिटी के पास अब भी अपनी सीनेट नहीं है और लगातार नोटिफिकेशन और उसके वापस लेने के कारण छात्रों का भरोसा पूरी तरह हिल गया है। इसलिए 10 नवंबर (सोमवार) को प्रस्तावित विश्वविद्यालय बंद रखने का फैसला बरकरार रहेगा।

केंद्र ने अपने पहले प्रस्ताव में सीनेट के 97 सदस्यों की संख्या घटाकर 31 करने, सिंडिकेट के चुनाव खत्म करने और रजिस्टर्ड ग्रेजुएट सीटें खत्म करने की बात कही थी, हालांकि पंजाब और चंडीगढ़ से जुड़े एक्स-ऑफिसियो सदस्यों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

# तमिलनाडु में बुजुर्गों को मिलेगी 25 अंबू चोलाई केंद्र की सौगात, सीएम स्टालिन करेंगे उद्घाटन



**चेन्नई।** तमिलनाडु में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन सोमवार को तिरुचिरापल्ली जिले में बुजुर्गों के लिए 25 अंबू चोलाई केंद्रों का उद्घाटन करेंगे। बुजुर्गों के लिए बने इन डे केयर सेंटर्स की अनुमानित लागत करीब 10 करोड़ रुपए है।

यह पहल तमिलनाडु सरकार द्वारा वृद्ध नागरिकों के जीवन स्तर और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है। वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंबू चोलाई केंद्र डे केयर सुविधाओं के रूप में कार्य करते हैं जो उन्हें साहचर्य, मनोरंजन और सामुदायिक भागीदारी के अवसर प्रदान करते हैं।

प्रत्येक केंद्र को वृद्ध उपयोगकर्ताओं की सहायता के लिए पर्याप्त स्थान, सुविधाओं और सुगम्यता सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा पठन, योग, सांस्कृतिक संवाद, इनडोर खेल और परामर्श जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अधिकारियों के अनुसार, यह परियोजना मुख्यमंत्री स्टालिन के उस निर्देश का परिणाम है जिसके तहत बुजुर्गों, खासकर अकेले या परिवार से दूर रहने वाले लोगों के लिए समावेशी और सहायक वातावरण तैयार किया जाएगा।

ये केंद्र दिन के समय संचालित होंगे और समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभागों के सहयोग से पौष्टिक जलपान, स्वास्थ्य निगरानी और कल्याण कार्यक्रम प्रदान करेंगे।उद्घाटन समारोह से पहले मुख्यमंत्री श्रीरंगम विधायक पलानियांडी के आवास पर एक निजी समारोह में शामिल होंगे। बाद में वह 767 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के लिए पुदुक्कोट्टई जिले का दौरा करेंगे।

यह कार्यक्रम कीरनूर के मूकाम्बिगई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में होगा, जहां मुख्यमंत्री स्टालिन पूरी हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान सीएम स्टालिन लाभार्थियों को कल्याणकारी सहायता वितरित करेंगे और भाषण देंगे।

अंबु चोलाई पहल समुदाय आधारित सहायता के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सम्मान को सुनिश्चित करने के सरकार के व्यापक एजेंडे में एक महत्वपूर्ण कदम है। तिरुचि और पुदुक्कोट्टई में अपने कार्यक्रम पूरे करने के बाद मुख्यमंत्री के शाम को चेन्नई लौटने की उम्मीद है।

उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन सोमवार को त्रिपलीकेन स्थित ऐतिहासिक अरुलमिगु श्री पार्थसारथीस्वामी मंदिर में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ दंपतियों के लिए एक विशिष्ट कल्याणकारी पहल, 'विशेष मंदिर सेवा योजना' का उद्घाटन करेंगे।

# केयूडब्ल्यूजे ने न्यायिक आयोग के गठन, पत्रकारों की पेंशन बढ़ाकर 20,000 रुपये करने की मांग की



**पथानामथिट्टा।** केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (केयूडब्ल्यूजे) ने राज्य सरकार से प्रदेश में मीडिया क्षेत्र को प्रभावित करने वाले गंभीर मुद्दों की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग नियुक्त करने का आग्रह किया है। इसके साथ ही केयूडब्ल्यूजे ने पत्रकारों के लिए मासिक पेंशन मौजूदा 11,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये करने की भी मांग की है। केयूडब्ल्यूजे नेताओं ने कल यहां आयोजित 61वें वार्षिक सम्मेलन में कहा कि अनिश्चित रोजगार स्थितियों वाले इस क्षेत्र में, पेंशन योजना सेवानिवृत्त पत्रकारों के लिए एकमात्र विश्वसनीय सहायता प्रणाली है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में सामाजिक कल्याण पेंशन में संशोधन के साथ पत्रकारों की पेंशन में वृद्धि आवश्यक है। पेंशन फंड को मजबूत करने के लिए केयूडब्ल्यूजे ने एक उपकर शुरू करने या इस उद्देश्य के लिए पीआरडी विज्ञापन निधि का 15 प्रतिशत आवंटित करने का सुझाव दिया। संघ ने पेंशन योजना का विस्तार करके इसमें संविदा कर्मचारियों, वीडियो संपादकों और पत्रिका पत्रकारों को भी शामिल करने की मांग की। सम्मेलन में केंद्र सरकार से श्रमजीवी पत्रकार अधिनियम को बहाल करने का भी आह्वान किया गया, जिसे नए श्रम संहिताओं के तहत चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जा रहा है। केयूडब्ल्यूजे के प्रदेश अध्यक्ष के.पी. राजी ने सम्मेलन की अध्यक्षता की। महासचिव सुरेश एडप्पल ने रिपोर्ट प्रस्तुत की और कोषाध्यक्ष मधुसूदनन कार्था ने लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष के. विजेश और पी.एम. कृपा, सचिव बिनिथा देवासी, फिलिपोज़ मैथ्यू और बी. अभिजीत ने विचार-विमर्श का नेतृत्व किया।

# एनआईटी सिलचर के लापता छात्रों का कोई सुराग नहीं, असम राइफल्स के जवान तलाशी अभियान में जुटे

**गुवाहाटी।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) सिलचर के लापता छात्रों को कोई सुराग नहीं मिला है। तीन छात्र पैर फिसलने से झरने में गिर गए थे। फिलहाल, लापता छात्रों की तलाशी के लिए असम राइफल्स की टीम भी अभियान में जुटी है।

ये छात्र कथित तौर पर 8 नवंबर को हरंगाजाओ के लोअर बौलसोल स्थित बहकोल झरने में लापता हो गए थे। सूचना मिलने पर, असम राइफल्स की एक विशेष टीम असम पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के साथ तलाशी अभियान चलाने के लिए तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। तलाशी अभियान में ड्रोन के जरिए भी छानबीन की गई।

असम राइफल्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ÷चुनौतीपूर्ण भूभाग और तेज जलधाराओं के बावजूद, असम राइफल्स ने जिला अधिकारियों के साथ घनिष्ठ समन्वय में काम करना जारी रखा और तलाशी अभियान पूरा होने तक हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान किया।÷

जानकारी के अनुसार, एनआईटी सिलचर के सात छात्रों का एक ग्रुप वीकेंड आउटिंग के लिए आया था। सभी शनिवार की दोपहर दिमा हसाओ जिले के हुमनथाजाओ वॉटरफॉल घूमने पहुंचे थे। जब ये छात्र वॉटरफॉल का लुत्फ उठा रहे थे, उसी समय हादसा हुआ।

तीन छात्र झरने में गिर गए और फिर उनका पता नहीं चल सका। जानकारी सामने आई कि एक छात्रा का पैर फिसल गया था, जिससे वह पानी में गिर गई। उसे बचाने की कोशिश के दौरान दो अन्य छात्र भी झरने में जा गिरे। छात्रों की पहचान बिहार की रहने वाली 19 वर्षीय राधिका कुमारी, उत्तर प्रदेश के 20 वर्षीय सौहार्द राय और 20 वर्षीय सर्वकृति सिंह के रूप में हुई।

कई घंटों की तलाशी के बाद एक छात्र का शव बरामद कर लिया गया। हालांकि, दो अन्य छात्रों का कोई पता नहीं चला। रविवार को रात का अंधेरा होने के बावजूद बचाव दल खोजबीन में जुटे रहे। सोमवार सुबह एक बार फिर छात्रों की तलाश के लिए अभियान चलाया गया है, जिसमें असम राइफल्स के जवान भी शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर स्टेट हैंगर के नए गेट का उद्घाटन किया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर स्टेट हैंगर के नए गेट का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि वे गुजरात के लिए रवाना होंगे, जहां कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। रायपुर में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, ÷सरदार पटेल का 150वां जयंती वर्ष चल रहा है। इस साल को गुजरात में 'भारत पर्व' के रूप में मनाया जा रहा है। गुजरात के 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर आज छत्तीसगढ़ के लिए दिन निर्धारित है। हम वहां जा रहे हैं।÷

उन्होंने कहा कि राज्य की संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए एक छत्तीसगढ़ मंडप भी स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाला एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा, साथ ही राज्य के हस्तशिल्प, वस्त्र और विशिष्टताओं की एक प्रदर्शनी भी होगी।

अपने गुजरात दौरे के समय कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, ÷मंगलवार को अहमदाबाद में इन्वेस्टर कनेक्ट आयोजन है। वहां के उद्योगपतियों से मुलाकात होगी और वहां उनके सामने छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति को रखा जाएगा। हम उन्हें छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे।÷

इसके अलावा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने गुजरात दौरे के समय राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से भी मुलाकात करेंगे।

इससे पहले, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने गुजरात के एकता नगर स्थित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का दौरा किया। रविवार को राज्यपाल संतोष गंगवार ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय राष्ट्रनिर्माण, एकता और अखंडता के संकल्प को नमन किया। गुजरात के एकता नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 दिवसीय 'भारत पर्व' मनाया जा रहा है। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के दिन एकता परेड में छत्तीसगढ़ की झांकी भी निकाली गई, जो 'बस्तर की धरतीः संस्कृति, सृजन और प्रगति की गाथा' थीम पर आधारित थी। इस झांकी ने सभी का मन मोह लिया था। झांकी ने नए बस्तर की कहानी बयां की, जहां परंपरा, प्रकृति और प्रगति का सुंदर संगम है। बस्तर आज भारत के नए विश्वास, नई ऊर्जा और नए युग का प्रतीक बन चुका है।

# बिहार विधानसभा चुनावः दूसरे चरण में तीन दलों के अध्यक्षों के साथ कई दिग्गजों के भाग्य का होगा फैसला




**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान मंगलवार को 20 जिलों के 122 सीटों के लिए होगा। दूसरे और अंतिम चरण में 1302 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है।

इस चरण में मतदाता तीन दलों के प्रदेश अध्यक्षों के अलावा कई दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। दूसरे चरण के मतदान में तीन दलों के प्रदेश अध्यक्षों में से लोजपा (रामविलास) के राजू तिवारी गोविंदगंज से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की किस्मत कुटुंबा में दांव पर लगी है।

टेकारी से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार के भाग्य का फैसला भी मंगलवार को मतदाता करेंगे। इसके अलावा दूसरे चरण में 12 मंत्रियों, एक पूर्व उप मुख्यमंत्री, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और कई पूर्व मंत्रियों के भाग्य का फैसला मतदाता करेंगे। इस चरण में सर्वाधिक 22 उम्मीदवार चैनपुर, सासाराम और गया शहर क्षेत्र में हैं जबकि सबसे कम पांच-पांच उम्मीदवार लौरिया, चनपटिया, रक्सौल, सुगौली, त्रिवेणीगंज और बनमनखी विधानसभा क्षेत्र में हैं।

चुनाव आयोग के मुताबिक, इस चरण के चुनाव में 1302 उम्मीदवार हैं, जिनके राजनीतिक भविष्य का फैसला तीन करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता करेंगे। इन मतदाताओं में एक करोड़ 95 लाख 44 हजार 041 पुरुष और एक करोड़ 74 लाख 68 हजार 572 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदाताओं के लिए 45,399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 11 सहायक बूथ शामिल हैं।

पहले चरण में 101 सामान्य, 19 अनुसूचित जाति और दो अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित सीट हैं। इस चरण के मतदान में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी की किस्मत का फैसला सिकंदरा के मतदाता करेंगे, जबकि पूर्व उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद कटिहार के मैदान में फंस गए हैं।

मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव सुपौल के चुनावी समर में एक बार फिर ताल ठोक रहे हैं, जबकि नीतीश मिश्रा झंझारपुर, नीरज सिंह बबलू छातापुर, मंत्री शिला मंडल फुलपरास की जंग जीतने की कोशिश में हैं। बेतिया से रेणु देवी के भी इस चरण में भाग्य का फैसला होना है। इस चरण के मतदान में कई चर्चित चेहरों की भी किस्मत दांव पर लगी है।

परिहार से राजद के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र पूर्व की बहु स्मिता गुप्ता और औरंगाबाद से भाजपा के पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह के पुत्र त्रिविक्रम सिंह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता के राजनीतिक भविष्य पर भी मतदाता अपनी मुहर लगाएंगे। नवीनगर से पूर्व सांसद आनंद मोहन के पुत्र चेतन आनंद का भी इस चरण के चुनाव में मतदाता भविष्य तय करेंगे।

# तेजस्वी यादव का जनता को संदेश, प्राण झोंककर अपना हर वचन, हर प्रण पूरा करूंगा



**पटना।** बिहार में 122 सीटों पर दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोटिंग होनी है। इसी बीच महागठबंधन की ओर से सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने बिहार के लोगों के लिए एक संदेश शेयर किया। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को बिहार की जनता मुझे जो जिम्मेदारी देने जा रही है। मैं वादा करता हू कि प्राण झोंककर अपना हर वचन, हर प्रण पूरा करूंगा।

9 नवंबर को तेजस्वी यादव का जन्मदिन था। राजद कार्यकर्ताओं ने उनका जन्मदिन गर्मजोशी के साथ मनाया।

देशभर से मिली जन्मदिन की शुभकामनाओं को लेकर तेजस्वी यादव ने सोमवार को एक संदेश में कहा कि जन्मदिन के अवसर पर मिले आपके स्नेह, शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए कोटि-कोटि आभार। जनता ने इतनी कम आयु में मुझे जिस तरह से प्रेम और समर्थन दिया, उसका कर्जदार हूं और वादा है कि 14 नवंबर को आपसे मिले जनादेश को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाऊंगा और प्राण झोंककर अपना हर वचन, हर प्रण पूरा करूंगा।

तेजस्वी ने कहा, चुनाव के दौरान जिस भी जनसभा में गया, वहां माताओं, बहनों, बुजुर्गों, मेरे युवा साथियों और बच्चों में दिखा उत्साह मुझे अपना प्रण पूरा करने के लिए और भी प्रेरित कर रहा है। पिछले दो दशकों से आप सभी ने जिस तरह गरीबी, महंगाई, घूसखोरी-रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध, पलायन, शिक्षा व स्वास्थ्य की बदहाली सहित ढ़ेरों पीड़ाएं सही हैं, जनसभा में वह पीड़ा मुझे साफ दिखती है।

जनसभा में खड़ी कोई मां जब उम्मीद से मंच की ओर देखती है तो मैं अपने संकल्पों के प्रति और प्रतिबद्ध हो जाता हूं कि उन सभी मांओं के लिए सहारा बनना है। महंगाई से राहत दिलानी है। कमाई, दवाई और पढ़ाई के लिए मजबूरी की पलायन से मुक्ति दिलानी है। किसान, मजदूर, पिछड़े, वंचित, शोषित, दलित, अतिपछड़े सहित बिहार के हर घर तक खुशहाली पहुंचानी है।

तेजस्वी ने संदेश में आगे लिखा कि आप सभी के आशीर्वाद से 14 नवंबर को हर बिहारवासी सीएम यानी चिंता मुक्त होंगे। अपने जन्मदिन पर बिहार को नंबर वन बनाने का आशीर्वाद आप सभी जनता से मांगता हूं। हमेशा की तरह आपका साथ चाहिए, ताकि हम मिलकर नया बिहार बना सकें।

# शंकर पासवान के परिवार से मिलेगा लोजपा (रामविलास) का प्रतिनिधिमंडल

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार के मुजफ्फरपुर के सखौरा पटसारा गांव में बुजुर्ग शंकर पासवान के कथित हत्याकांड पर प्रतिक्रिया दी है। घटना की निंदा करते हुए उन्होंने बताया कि लोजपा (रामविलास) का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ÷गायघाट विधानसभा के सखौरा पटसारा गांव में शंकर पासवान की राजद समर्थकों की ओर से की गई निर्मम हत्या अत्यंत निंदनीय और पीड़ादायक है।÷ उन्होंने लिखा, ÷यह राजद समर्थकों की चुनावी हार की हताशा और जंगलराज को वापस लाने की मानसिकता का प्रतीक है।÷

चिराग पासवान ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें कठोरतम सजा दी जाए। उन्होंने यह भी बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से सांसद अरुण भारती, सांसद वीणा देवी, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी, बोचहा प्रत्याशी बेबी कुमारी और जिला अध्यक्ष चुलबुल शाही व अन्य पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिलकर पूरी जानकारी लेंगे और न्याय की मांग करेंगे।

इससे पहले, भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने शंकर पासवान हत्याकांड को लेकर राजद पर हमला बोला था। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ÷बिहार आज भी लालू राज में हुए दलितों के नरसंहार को नहीं भूला है। अगर तेजस्वी यादव गलती से भी मुख्यमंत्री बनता है, तो दलित, महादलित, पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज के साथ अमानवीय व्यवहार होगा, और 'भूरा बाल साफ करो' की वहशी राजनीति फिर चरम पर पहुंच जाएगी।

# किसी शहर का जीवन स्तर उसके सार्वजनिक परिवहन की विश्वसनीयता, गुणवत्ता से झलकता हैः स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को कहा कि किसी शहर में लोगों का जीवन स्तर उसके सार्वजनिक परिवहन की विश्वसनीयता और गुणवत्ता से झलकता है। उन्होंने संकेत दिया कि इस दृष्टिकोण से 'मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (चेन्नई) लिमिटेड' सुरक्षित यात्रा के लिए सुविधाओं में सुधार कर रहा है और अंतिम छोर तक 'कनेक्टिविटी' सुनिश्चित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य के परिवहन मंत्री के निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ''एमटीसी चेन्नई को बधाई जिसे भारत में सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली वाले शहर के रूप में सम्मानित किया गया है और माननीय एसएस शिवशंकर को भी बधाई जो परिवहन विभाग का कार्यभार संभाल रहे हैं और इसका नेतृत्व कर रहे हैं।'' उन्होंने एमटीसी को शुभकामनाएं दीं जो अंतिम छोर तक 'कनेक्टिविटी', आधी रात को भी सुरक्षित यात्रा, डिजिटल टिकटिंग सिस्टम, लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों के साथ दिन-प्रतिदिन बेहतर हो रहा है और यात्रियों की जरूरतों को समझते हुए नियमित अंतराल पर बसों का संचालन जारी रखे हुए है।

एमटीसी चेन्नई को नौ नवंबर को हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) सम्मेलन 2025 में ''सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली वाले शहर'' का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू की उपस्थिति में तमिलनाडु के परिवहन मंत्री एसएस शिवशंकर और एमटीसी के प्रबंध निदेशक टी. प्रभुशंकर को प्रदान किया।

भारत की सबसे बड़ी सरकारी बस परिवहन एजेंसियों में से एक एमटीसी चेन्नई को चेन्नई की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में दक्षता, सुगम्यता, समावेशिता और पर्यावरणीय स्थिरता में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई महत्वपूर्ण पहलों के लिए इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना गया।

# बिजली विभाग के जेई ने पेपटपुरा में घरेलू कनेक्शन दिए सभी नियम रख दिए ताक पर

**मझोला क्षेत्र के जेई ने पेपटपुरा में कनेक्शन देने पर की अवैध वसूली**

मुरादाबाद क मामला अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ग्रामीण मुरादाबाद के अंतर्गत आने वाले बिजली घर मझोला के जेई द्वारा घरेलू कनेक्शन देने में सारे नियम ताक पर रख दिए और 33 केवी लाइन के नीचे से ही दूरी कम दिखा कर कनेक्शन दे दिया गया और लगता है कि कनेक्शन दिए जाने के एवज में मोटी रकम वसूली गई है और पेपटपुरा में हीप अन्य जगह पर भी जेई ने 70 मी से अधिक की दूरी पर कनेक्शन दिए गए हैं



बिजली विभाग का यह जेई बिजली विभाग के सारे नियम ताक पर रखकर कार्य कर रहा है जिसमें उच्च अधिकारियों के कान बंद है क्योंकि बिजली घरों के डिवाइडेशन 15 तारीख तक किया जाना है इस कारण के बिजली विभाग के सब नियम तक पर रखकर गलत तरीके से कनेक्शन देने पर जेई उतारू है। देखना यह दिलचस्प होगा कि विद्युत विभाग के अधिकारी जेई पर क्या कार्यवाही करते हैं।

# जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक, निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**उत्तम भारत संवाददाता/ मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में निमार्णाधीन विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले में ऐसी परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उन सभी कार्यों का अधिकारियों की टीम द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जाएगा ताकि निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्यों की गुणवत्ता और मानकों की स्थिति का सत्यापन कराया जा सके। मुरादाबाद में स्काडा के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में प्रगति न बढ़ने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। विगत माह में आयोजित बैठक के बाद से अब तक कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई जिस पर



जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कारणों के बारे जानकारी ली। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों के निर्माण की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि वे जनशक्ति में वृद्धि करें तथा नियमित तौर पर मॉनिटर करते हुए कार्य में तेजी लाएं। नलकूपों के निर्माण की स्थिति के बारे में समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नलकूप निर्माण के साथ-साथ निर्धारित कार्य योजना के अनुसार पाइपलाइन बिछाने के दौरान भी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि किसानों को सिंचाई के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए। अटल आवासीय विद्यालय में छुटपुट कमियों को भी दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया साथ ही कहा कि सहायक श्रमायुक्त विद्यालय में बच्चों की सुविधा के दृष्टिगत नियमित रूप से मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने राजकीय प्रक्षेत्र रौंडा, राजकीय प्रक्षेत्र पंडितपुर, राजकीय प्रक्षेत्र फहतुल्लागंज, राजकीय कॉलेज मुरादाबाद, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ठाकुरद्वारा, ग्रामीण स्टेडियम रतनपुर कलां, मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय सहित विभिन्न कार्यों की ।प्रगति के बारे में जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## समाचार

# टीएमयू में धड़ल्ले से चल रहा है प्रतिबंधित टीवी गोल्ड टेस्ट

**उत्तम भारत संवाददाता, संवाददाता मुरादाबाद।** भारत सरकार ने 2012 में टीवी (तपेदिक) के निदान के लिएं सरोलोजीकल एंटीबॉडी आधारित रक्त परीक्षणों के उपयोग निर्माण बिक्री और आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था टीवी गोल्ड टेस्ट जिसे क्वाटीफिरोंन टीवी गोल्ड या आई जी ए टेस्ट भी कहा जाता है। प्रतिबंधित का कारण यह था कि यह परीक्षण अविश्वसनीय और गलत परिणाम देता था जिससे गलत निदान और अनुचित उपचार होता था जो मानव जीवन के लिएं जोखिम पैदा कर सकता था। मगर टीएमयू स्थित पकवाड़ा जनपद मुरादाबाद में यह टेस्ट धड़ले से चल रहा है और मनचाही अवैध वसूली भी की जा रही है। और इस टेस्ट के लिएं कोई भी रोकथाम नहीं है। स्वास्थ्य विभाग इस तरफ को बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि मीडिया टीएमयू द्वारा हर एक स्वास्थ्य विभाग के नियमों को तोड़े जाने पर प्रशासनिक अधिकारियों को आगाह कर रहा है। जबकि टीवी गोल्ड सक्रिय टीवी रोग के निदान के लिएं अनुशंसित या निश्चित परीक्षण नहीं है। लेकिन इसका उपयोग टीवी संक्रमण का पता लगाने की मदद के लिएं किया जा सकता था अब इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र में बीती 8 नवंबर को नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटना घटित हुई थी। इस संबंध में थाना सिविल लाइन्स पर अभियुक्त रेहान पुत्र नवाब अली निवासी करूला पीर का बाजार, बड़ी मस्जिद, थाना मझोला, जनपद मुरादाबाद के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित जांच प्रारंभ की पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सोमवार को आरोपी रेहान को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नाबालिगों के साथ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इस प्रकार के जघन्य अपराधों में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# महिला से मारपीट में तीन पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** गांव सरदार नगर में महिला के छत पर चढ़ने पर पड़ोसी मुस्तकीम और उसके दो बेटों गुड्डू और आमिर ने महिला के घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने महिला को दोबारा छत पर चढ़ने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन, नगर आयुक्त ने दिया भरोसा

**उत्तम भारत संवाददाता/ मुरादाबाद।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ (रजि.) की ओर से सोमवार को नगर निगम मुरादाबाद में सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 12 सूत्रीय मांगपत्र मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को संबोधित करते हुए नगर आयुक्त को सौंपा गया। इस दौरान नगर निगम परिसर में संघ के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सफाई कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों, स्थायीकरण, नियमित मानदेय भुगतान और कार्य परिस्थितियों में सुधार जैसी मांगों को प्रमुखता से उठाया। नगर आयुक्त ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए संगठन को पूर्ण आश्वासन दिया कि सफाई कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी माह में जब मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ मुरादाबाद के दौरे पर आएंगे, तो स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ को उनके समक्ष अपनी समस्याएं सीधे रखने के लिए समय निर्धारित किया जाएगा। साथ ही नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि वह स्वयं अपने स्तर से भी शासन से वार्ता कर इन समस्याओं के निस्तारण का प्रयास करेंगे। नगर आयुक्त ने कहा यह समस्याएं केवल सफाई कर्मचारियों की नहीं, बल्कि मेरी अपनी समस्याएं हैं। मैं इनके समाधान के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करूँगा। इस सकारात्मक प्रतिक्रिया पर संगठन के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त का आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि अब कर्मचारियों की पुरानी मांगों का समाधान शीघ्र होगा। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओमिलाल वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष नीरज पाराशर, प्रदेश मंत्री मुरारी लाल, महामंत्री धर्मेंद्र मुल्तानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार, 1142 ग्राम चरस बरामद

**उत्तम भारत संवाददाता/ मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइंस पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने जिला बदर चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में नाजायज चरस बरामद की है।जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइंस पुलिस टीम ने सोनकपुर पुल के नीचे से जिला बदर अभियुक्त मनोज उर्फ ढोलू पुत्र मान सिंह निवासी आदर्श




कॉलोनी थाना सिविल लाइंस जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मनोज उर्फ ढोलू जिला बदर की अवधि पूरी होने से पहले ही जनपद की सीमा में अवैध रूप से घूम रहा था। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 1142 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुई।बरामद चरस के संबंध में थाना सिविल लाइंस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त लंबे समय से नशे के कारोबार में सक्रिय था और क्षेत्र में युवाओं को चरस की आपूर्ति करता था। थाना प्रभारी सिविल लाइंस ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार ऐसे अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, जो जनपद की शांति व्यवस्था के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपराध और नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# मतदाता सूची को लेकर अध्यक्ष मोहम्मद याकूब के निजी कार्यालय पर बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता/ पाकबड़ा।** सोमवार को चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने अपने निजी कार्यालय पर बैठक आयोजित की। बैठक एसआईआर सम्मिलित मतदाता सूचियों का विशेष के बारे में विस्तृत जानकारी दी और लोगों को ठस्ब बूथ स्तर अधिकारी का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।जिस किसी का मतदाता सूचियों में नाम दर्ज कराने बारे मे कहा और आवश्यक सुधार करने के लिए लोगों को जागरूक करना के बारे मे बताया इस प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी आती है, तो बह निसंदेह



उनके निजी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उनकी हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा !बैठक में समाज के प्रमुख लोग काजी शम्मे आलम इमाम जामा मस्जिद, हाफिज दानिश उल कादरी, हाजी हनीफ,दानिश मलिक, अख्तर चोखडात, सलमान, शफीक मुत्वल्ली, आदि ने हिस्सा लिया और एसआईआर के महत्व पर अपने विचार साझा किए। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से ही हम अपने समाज को मजबूत और सशक्त बना सकते हैं। लोगों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग करेंगे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति ( डी.एल.ई.सी. ) के समक्ष ई-लाटरी की प्रक्रिया आज

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** कृषि यन्त्रीकरण की प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्ड्यू योजना एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 मे 15.10.2025 से 29.10.2025 तक इससे पूर्व मे कृषि विभाग के दर्शन 2.0 पोर्टल पर सम्पन्न हुई ।कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया में, कस्टम हांयरिग सेन्टर, कृषि ड्रोन, एवं अन्य एकल कृषि यंत्रों में जहां लक्ष्य से अधिक बुकिंग हुई है। उनमें लाभार्थियों के चयन हेतु ई-लाटरी की प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डी.एल.ई.सी.) के समक्ष 11.11.2025 (दिन मंगलवार) को प्रातः 10.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, मुरादाबाद में सम्पन्न किया जाना निर्धारित है। अतः समस्त सम्बन्धित कृषक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि 11.11.2025 (दिन मंगलवार) को प्रातः 10.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, मुरादाबाद में आयोजित होने वाली ई-लाटरी प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें। साथ ही सूचित करना है कि जिन यंत्रों में लक्ष्य की सीमा तक ही बुकिंग हुई है, उन समस्त कृषकों की बुकिंग कन्फर्म की जा चुकी है। इसलिए उनके लिए ई-लाटरी की आवश्यकता नहीं है।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली राष्ट्रीय एकता पदयात्रा

**उत्तम भारत संवाददाता/ छजलैट।** एक भारत, श्रेष्ठ भारत कृ विकसित भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। पदयात्रा पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू के पेट्रोल पंप से प्रारंभ होकर आध्या फार्म हाउस पचोकरा तक निकाली गई। यात्रा में देशभक्ति और एकता की भावना देखने को मिली। भाजपा मंडल छजलैट कार्यालय से शुरू हुई यह पदयात्रा अपने आप में ऐतिहासिक रही, जिसमें लगभग 1200 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधानसभा यात्रा संयोजक एवं पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह (चुन्नू) ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज की इस यात्रा में जो जोश और उत्साह देखने को मिला है, वह सरदार पटेल जी के



एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करता है। युवाओं और नागरिकों का यह उत्साह बताता है कि हमारी राष्ट्रीय एकता की जड़ें कितनी गहरी है। विधानसभा 25द्दकांठ के नागरिकों को इस भव्य आयोजन के लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्रमोहन रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल, सहकारी समिति चेयरमैन विजय भान सिंह, क्षेत्रीय संयोजक वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ हुकुम सिंह, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, वृष भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, गन्ना समिति चेयरमैन कुंवर सुरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो विक्रांत सिंह, सुमित दिवाकर, दीपक चौधरी, अंकुश चौहान, आंचल चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कांठ राजपाल सिंह प्रजापति, सौरभ अग्रवाल, राजकुमार ठाकुर, सूरज सिंह, संजय विश्नोई, अजय चौधरी, रिजवान अहमद, रिंकू गोस्वामी, अभिनव गुप्ता, रवि प्रधान, तनुष चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी, अनिल पट्टी, अनिल कुमार दिवाकर सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# एनपीके खाद आने की सूचना पर किसानों में भगदड़, पुलिस ने पहुंचकर कराया शांतिपूर्वक वितरण

**उत्तम भारत संवाददाता/ ठाकुरद्वारा।** ग्राम गोपीवाला सहकारी समिति पर गुरुवार को एनपीके 12/32/16 खाद की खेप पहुंचते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। लंबे समय से खाद की कमी से परेशान किसानो को जैसे ही खाद आने की सूचना मिली तो किसानो की समिति पर कतारें लगने लगीं। भीड़ अधिक होने के कारण कुछ किसानों के बीच धक्का-मुक्की और कहासुनी की स्थिति पैदा हो गई। इसी दौरान मौके पर भारतीय किसान यूनियन की महिला पदाधिकारी ज्योति चौहान भी समिति पर पहुंचीं। खाद वितरण के दौरान आधार कार्डों की जांच में गड़बड़ी और अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए किसानों ने आपत्ति जताई, जिससे माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया। शिकायत पर किसानों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना ठाकुरद्वारा पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझा बुझाकर शांत किया । इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में किसानों को लाइन में खड़ा कर सुव्यवस्थित तरीके से खाद वितरण कराया गया। किसानों का कहना है कि इन दिनों रबी सीजन की बुवाई चल रही है, ऐसे में एनपीके और यूरिया खाद की कमी बनी हुई है। समय पर खाद न मिलने से किसानों की फसल बोवाई प्रभावित हो रही है, जिससे वे काफी परेशान हैं।किसानों ने शासन और विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि किसान बिना किसी परेशानी के अपनी खेती का कार्य जारी रख सकें।

# एसडीएम ने की एस ए आर गणना प्रपत्र वितरण की समीक्षा

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** एसडीएम कांठ ने एस ए आर गणना प्रपत्र वितरण की समीक्षा की और सभी बूथ लेवल अधिकारियों को निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार सभी को शीघ्रता के साथ अपना कार्य करना है। इस बात का सभी बूथ लेवल अधिकारी ध्यान रखें।इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांठ विधानसभा क्षेत्र में 392149 मतदाता है और 419 बूथ विधानसभा में बनाए गए हैं।42 सुपरवाइजर भी सुपरविजन लगातार कर रहे हैं। 4 ए ए आर ओ विधानसभा के सैक्टर में लगाए गए हैं। 4 दिसंबर तक हर हाल में गणना प्रपत्रों का वितरण कर प्रपत्र भरवा कर मतदाता सूची में सभी के नाम शामिल कराएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बात का सभी बूथ लेवल अधिकारी सुपरवाइजर ध्यान रखें और निर्धारित समय में अपना कार्य पूरा करें।इस अवसर पर बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

# ब्लाक स्तरीय विज्ञान गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई ब्लाक संसाधन केंद्र नेकपुर पर

**उत्तम भारत संवाददाता/ भोजपुर/ठाकुरद्वारा।** खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार विकास खंड भगतपुर टांडा के मार्गदर्शन में बीआरसी केंद्र नेकपुर पर आज ब्लाक स्तरीय विज्ञान और गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कि विकास खंड भगतपुर टांडा क्षेत्र के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 102 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।तथा इस मौके पर प्रतियोगिता परीक्षा में पच्चीस प्रश्नों का एक प्रशन पत्र छात्र छात्राओं को दिया गया तथा समय अनुसार ग्यारह बजे परिक्षा शुरू करा दी गई तथा एक घंटे का समय दिया गया तथा समय पूरा होते ही उत्तर माला को जमा कर लिया गया उसके बाद उनको चयनित अध्यापकों के द्वारा चौक किया गया तथा सही उत्तरों पर नंवर दिए गए , उसके बाद उन सभी में से सबसे अधिक अंक लाने बाले पच्चीस छात्र छात्राओं को चिंहित किया गया और उसके बाद



उन चयनित पच्चीस छात्र छात्राओं को पांच ग्रुपों में बांटा गया और फिर से उन पांचों ग्रुपो में प्रतियोगिता कराई गई जिसमें टॉप 10 छात्र जूनियर हाई स्कूल बहुरनपुर कला से अनामिका व कनिष्क कश्यप, जूनियर हाई स्कूल वीरपुर से संजना ,जूनियर हाई स्कूल पदिया नगला से अंशिका व अक्ष जूनियर हाई स्कूल सिरसागढ़ से अहम व कल्पना, जूनियर हाई स्कूल डूंगरपुर से इस्तकार, जूनियर हाई स्कूल खवड़िया घाट से हैप्पी सिंह ,जूनियर हाई स्कूल जाहिदपुर से अलशिफा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टॉप 25 में आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं प्रतियोगिता में प्रतिभा करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टॉप 10 छात्र जिला स्तर पर पांच छात्र मॉडल प्रतियोगिता एवं पांच छात्र आविष्कार/विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे । परीक्षा से लेकर प्रमाण पत्र वितरण तक पूर्ण सुचिता रखी गई। प्रतियोगिता खंड शिक्षा अधिकारी भगतपुर टांडा मोहित कुमार जी के मार्गदर्शन में एआरपी विनय कुमार ,नवनीत कुमार विश्नोई ,पारुल जैन , मौहम्मद तकी,बसीम राजा,विनय कुमार सिंह , श्रवण कुमार, सुभाष चन्द्र,,शमीम अहमद वेग,सतवीर सिंह,शोरभ प्रसून आदि के संचालन में आयोजित की गई।

# हर्षोल्लास से किया पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट का शुभारंभ

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ मे पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सचिन बिश्नोई एवं विद्यालय शिक्षिका श्रीमती नीतू चौधरी द्वारा किया गया। स्पोर्ट फेस्ट के अंतर्गत प्रथम दिन विद्यालय द्वारा अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभाग करते हुए अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया।

पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के अंतर्गत हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल द्वारा प्रथम दिन आयोजित खेलों के अंतर्गत हडल रेस, फ्रूट रेस, थ्रो एंड कैच, किक बॉल इन टू द नेट,




फ्रॉग रेस, स्पून रेस, क्रॉस द टनल, कलेक्ट द सेम कलर ऑब्जेक्ट, जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्रों ने सभी खेलों में अपना मनोरंजक एवं उत्साह वर्धक एवं उत्कृष्ट कला प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह जी एवं विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने कार्यक्रम का आगाज खेलों के महत्व को बताते हुए किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है अतः हमारे जीवन में खेलों का बहुत बड़ा महत्व है और खेलों के कारण ही हम अपने शरीर को स्वस्थ एवं मस्तिष्क को बलशाली बना सकते हैं । इस अवसर पर विद्यालय द्वारा आयोजित खेलों को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा और इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# पूर्व पति ने उनके परिजनों को तलवार लहराते हुए धमकाया

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** पति-पत्नी में समझौता होने के बावजूद पति अपनी पत्नी के परिवार के सदस्यों के साथ गाली गलौंज की और तलवार लेकर लहराते हुए उन्हें भयभीत कर दिया। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

प्रविता पत्नी धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम सहसपुरी थाना डिलारी हाल निवासी थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर में किराए के मकान में रहते हैं। प्रविता की बहन स्वाति पुत्री महिपाल सिंह की शादी थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव में एक व्यक्ति के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में विवाद शुरू हो गया। विवाद के चलते स्वाति की बहन के परिजनों ने दोनों में समझौता कर दिया था। समझौते के बाद से पति-पत्नी अलग-अलग रहते हैं। स्वाति अपनी बहन के साथ अलग रहती है। स्वाति का पति 5 नवंबर को तलवार लेकर ग्राम भीकनपुर में उसकी बहन प्रविता के घर तलवार लेकर लहराते हुए धमकाते हुए गाली गलौंज की। इसके बाद गत 10 नवंबर को स्वाति का पूर्व पति तमंचा लेकर घूमते हुए ग्राम भीकनपुर में परिजनों ने देखा ।पीड़ित महिला ने थाना छजलैट में दी हुई तहरीर में अपने परिवार के सदस्योंको जान का खतरा बताते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 11/10/2025 4:34 PM Page 1



## संक्षिप्त समाचार

### रियो डी जनेरियो में संगठित अपराध पर पुलिस कार्रवाई में 64 लोगों की मौत

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** रियो डी जनेरियो में संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़े पुलिस ऑपरेशन में 64 लोग मारे गए। इनमें चार पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। यह कार्रवाई सीओपी30 जलवायु शिखर सम्मेलन से संबंधित प्रमुख आयोजनों से कुछ दिन पहले हुई है। गवर्नर क्लाउडियो कास्त्रो ने इसे नारकोटिररिज्म का मुकाबला बताया। एलेमाओ और पेन्हा की घनी आबादी वाली बस्तियों में 2,500 सुरक्षाकर्मियों ने मिलकर कार्रवाई की। अब तक 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 42 राइफलें जब्त की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि अभियान अभी जारी है। राज्य सरकार ने यह भी खुलासा किया कि गैंग के सदस्यों ने पुलिस पर ड्रोन से हमला किया, जिसमें विस्फोटक भी थे। रियो अगले सप्ताह सी40 शिखर सम्मेलन और प्रिंस विलियम का अर्थशॉट पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित करेगा।

### अमेरिका ने नाइजीरियाई नोबेल विजेता का वीजा किया रद्द

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नाइजीरिया के नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक वोल सोयिंका ने दावा किया है कि अमेरिका ने उनका नॉन-इमिग्रेंट वीजा रद्द कर दिया है, जो उन्हें पिछले वर्ष जारी किया गया था। 91 वर्षीय लेखक ने कहा कि उन्हें अमेरिकी यात्रा करनी हो तो अब दोबारा आवेदन करना होगा। सोयिंका ने मंगलवार को पत्रकारों को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास (लागोस) की ओर से भेजा गया एक पत्र दिखाया, जिसमें उनसे पासपोर्ट जमा कर वीजा को उपस्थित होकर रद्द करवाने को कहा गया है। यह पत्र 23 अक्तूबर को जारी किया गया था। लेखक ने कहा, अब मेरे पास कोई वीजा नहीं है। जाहिर तौर पर मुझे अमेरिका में प्रवेश से रोक दिया गया है। अगर कोई मुझसे मिलना चाहता है, तो जानता है कि मुझे कहां खोजना है। अमेरिकी दूतावास ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। गौरतलब है कि सोयिंका ने 2016 में डोनाल्ड ट्रंप के पहली बार राष्ट्रपति चुने जाने के विरोध में अपना अमेरिकी ग्रीन कार्ड फाड़कर फेंक दिया था और अमेरिकी स्थायी निवास का त्याग कर दिया था। 1986 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले सोयिंका 1990 के दशक के मध्य से अमेरिका की प्रतिष्ठित आईवी लीग विश्वविद्यालयों में अध्यापन कर रहे हैं।

### ट्रंप के दक्षिण कोरिया दौरे से पहले उत्तर कोरिया ने दागे क्रूज मिसाइल

**प्योंगयांग , एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दावा किया कि उसने अपने पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में समुद्र से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलों का सफल परीक्षण किया है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दक्षिण कोरिया दौरे से ठीक पहले उठाया गया है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने बताया कि मंगलवार को हुआ यह परीक्षण सफल रहा और इससे देश की परमाणु हथियारों से लैस सेना की क्षमता और संचालन क्षेत्र और मजबूत होगा। दक्षिण कोरिया की सेना ने अभी यह पुष्टि नहीं की है कि उसने इन मिसाइल परीक्षणों को दर्ज किया या नहीं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब ट्रंप और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के बीच शहर ग्योंगजू में बैठक होने वाली है। इसी शहर में इस साल एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग की बैठक भी आयोजित की जा रही है।

### नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में भारी हिमपात, पर्यटक होटलों में फंसे

**सोलुखुम्बु, एजेंसी।** नेपाल के सोलुखुम्बु जिले के एवरेस्ट (सगरमाथा) क्षेत्र में मंगलवार सुबह से लगातार भारी हिमपात हो रहा है। खुम्बु पासाडल्हामु ग्रामीण नगरपालिका के दिडबोचे से ऊपर के इलाकों में घना हिमपात हुआ है, जबकि नाम्चे बाजार और आसपास के निचले क्षेत्रों में बारिश जारी है। सगरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष लामाकाजी शेर्पा ने बताया, दिडबोचे से ऊपर घना हिमपात हो रहा है, नीचे बारिश पड़ रही है। सभी पर्यटक होटल के अंदर हैं, बाहर निकलना मुश्किल है। वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब तीन हजार से अधिक विदेशी पर्यटकों की उपस्थिति है। सोमवार को ही लगभग 800 विदेशी पर्यटक काठमांडू से लुक्ला पहुँचे थे। हिमपात के कारण रास्ते ढक गए हैं और दृश्यता (भिजिबिलिटी) बेहद कम है, जिससे पर्यटकों के रास्ता भटकने का खतरा बढ़ गया है। इसी कारण सोलुखुम्बु जिला प्रशासन कार्यालय ने पर्यटकों से यात्रा स्थगित कर सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। प्रमुख जिला अधिकारी लिलाकुमारी केसी पांडे के अनुसार फिलहाल मौसम अनुकूल नहीं है, इसलिए सभी पर्यटकों से अनुरोध किया गया है कि वे होटल या स्थानीय बस्तियों में ही रहें और सुरक्षित रहें। जिला प्रशासन कार्यालय ने बचाव दल को तैयार रखा है। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, दिडबोचे में अस्थायी पुलिस पोस्ट है और वहाँ के पुलिसकर्मियों के साथ लगातार संपर्क में रहकर पर्यटकों की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। अनुमान है कि दिडबोचे से ऊपर के क्षेत्रों में करीब दो हजार विदेशी पर्यटक मौजूद हैं। लगातार हिमपात और बारिश के कारण ठंड बढ़ गई है। खुम्जुङ की स्थानीय निवासी पेम्बा शेर्पा ने बताया कि मङ्गलबार सुबह से हि बहुत ठंड है, बर्फ ने पूरा गाँव ढक लिया है और सब लोग घर के अंदर हैं। लगातार बर्फबारी से खुम्बु क्षेत्र का जनजीवन प्रभावित हुआ है। आमतौर पर पर्यटकों की भीड़ से गूंजने वाला नाम्चे बाजार फिलहाल सुनसान दिखाई पड़ा है।

### ट्रंप ने किया समझौता, अमेरिका को दुर्लभ खनिज देगा जापान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने जापान के साथ दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मिनरल्स) को लेकर बड़ा समझौता किया है। दरअसल, चीन ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं। ऐसे में अमेरिका को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब चीन को घेरने के जापान का सहारा ले रहा है। ट्रंप ने मंगलवार को जापान की प्रथम महिला पीएम के रूप में ताकाइची की भूमिका को बड़ी बात बताते हुए जापान के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। वह बोले, हम जापान की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। दोनों नेताओं ने कई समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

# इजराइल ने गाजा पर फिर हमला किया: 30 की मौत

**हमास पर सीजफायर के उल्लंघन का आरोप, 20 दिन पहले समझौता हुआ था**



**तेल अवीव, एजेंसी।** गाजा में सीजफायर लागू होने के बीच इजराइल ने एक बार फिर हवाई हमले किए। इनमें 30 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इजराइल ने दावा किया कि हमास ने पहले सीजफायर का उल्लंघन कर गाजा में तैनात उसके सैनिकों पर हमला किया। इसके जवाब में यह कार्रवाई की गई। हालांकि हमास ने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह सीजफायर का पालन कर रहा है। मंगलवार को इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमलों ने गाजा सिटी, खान यूनिस, बेत लहिया और अल-बुरैज जैसे घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया। गाजा के अस्पतालों के मुताबिक,मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गाजा सिटी के साबरा इलाके में एक मकान पर बमबारी में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हुई। इजराइल और हमास के बीच 20 दिन पहले सीजफायर समझौता हुआ था। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नेतन्याहू की मौजूदगी में 29 सितंबर को 20 सूत्री शांति योजना पेश की थी, जिस पर हमास ने 9 अक्टूबर को हामी भरी थी।

**इजराइली रक्षामंत्री बोले- हमास ने 'रेड लाइन' क्रॉस की :** इजराइल और हमास के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। इजराइली रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज़ ने आरोप लगाया कि हमास ने गाजा में मौजूद इजराइली सैनिकों पर हमला किया और मृत बंधकों के शव लौटाने के समझौते का उल्लंघन किया।

### हमास पर गलत शव लौटाने का भी आरोप

नेतन्याहू ने हमास पर यह भी आरोप लगाया है कि युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने जो शव लौटाया वह गलत है। नेतन्याहू ने इसे समझौते का साफ उल्लंघन बताया। समझौते में हमास को सभी इजराइली बंधकों के शव जल्द से जल्द लौटाने थे। वहीं, हमास ने इजराइली हमले की वजह से बंदियों के शव लौटाने का प्रोग्राम रोक दिया है। इससे पहले हमास ने मंगलवार को कहा कि वह एक और शव लौटाएगा। खान यूनिस में एक गड्ढे से सफेद बैग में कुछ निकाला गया और एम्बुलेंस में डाला गया, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि उसमें क्या था। अभी गाजा में 13 बंधकों के शव बाकी हैं। हमास का कहना है कि तबाही इतनी ज्यादा है कि शव ढूंढना मुश्किल हो रहा है। इजराइल का आरोप है कि हमास जानबूझकर देरी कर रहा है। मिस्र ने खोज में मदद के लिए एक्सपर्ट्स और भारी मशीनें भेजी हैं।

### इजराइल गाजा की मानवीय मदद रोक सकते हैं

इजराइली मीडिया के मुताबिक, नेतन्याहू अन्य विकल्पों जैसे गाजा में मानवीय मदद रोकना, कब्जा बढ़ाना या हमास नेताओं पर हवाई हमले पर भी विचार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, इजराइली सेना ने मंगलवार सुबह वेस्ट बैंक के जेनिन इलाके में छापा मारा। यहां तीन फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया। इजराइल का कहना है कि वे आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। वहीं, हमास ने दो को अपनी कासिम ब्रिगेड का सदस्य बताया। तीसरे को साथी कहा, लेकिन ज्यादा जानकारी नहीं दी।

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान शांति वार्ता रही बेनतीजा, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से जारी तनाव को खत्म करने के लिए इस्तांबुल में हुई शांति वार्ता बिना किसी ठोस समाधान के समाप्त हो गई है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तारड़ ने बुधवार को बताया कि दोनों देशों के बीच हुई यह बातचीत किसी व्यवहारिक समझौते तक नहीं पहुंच सकी। यह वार्ता 25 अक्तूबर से तुर्किये और कतर की मध्यस्थता में चल रही थी। दोनों पड़ोसी देशों के बीच यह बैठक 19 अक्तूबर को दोहा में हुई युद्धविराम सहमति के बाद आयोजित की गई थी। लेकिन लगातार मतभेदों और आरोप-प्रत्यारोप के चलते वार्ता बेनतीजा रही।

**शांति वार्ता बेनतीजा :** तारड़ ने अपने बयान में कहा अफगान प्रतिनिधिमंडल मुख्य मुद्दे से भटक गया और बातचीत के मूल उद्देश्य से किनारा कर लिया। जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय अफगान तालिबान ने सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप और बहानेबाजी की। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान चाहता था कि तालिबान, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान पर लगाम लगाए, जिसे इस्लामाबाद ने हाल के हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन तालिबान ने TTP पर नियंत्रण से इनकार करते हुए कहा कि वह समूह उनके नियंत्रण में नहीं है। सूत्रों के



मुताबिक, वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के बीच काफी तनावपूर्ण माहौल रहा। अफगान पक्ष का कहना था कि वह टीटीपी की गतिविधियों को पूरी तरह नियंत्रित नहीं कर सकता, जबकि पाकिस्तान ने हालिया हमलों के लिए अफगान तालिबान को जिम्मेदार बताया। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल समेत कई इलाकों में टीटीपी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे, जिसके जवाब में तालिबान ने पाकिस्तानी सेना की चौकियों पर हमला किया।

**अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो खुला युद्ध शुरू हो सकता है :** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को कहा था कि अगर इस्तांबुल वार्ता में कोई समझौता नहीं हुआ तो खुला युद्ध शुरू हो सकता है। हालांकि, युद्धविराम की घोषणा के बावजूद, सीमा क्षेत्र में झड़पें जारी हैं, जिसमें हाल ही में पांच पाकिस्तानी सैनिक और 25 तालिबान लड़ाके मारे गए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह असफल वार्ता दक्षिण एशिया में स्थायी शांति की उम्मीदों को कमजोर कर सकती है और दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ सकता है।

# ब्राजील में ड्रग माफिया पर हेलिकॉप्टर से रेड:जवाब में ड्रोन से बमबारी

**रियो डी जेनिरो, एजेंसी।** ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पुलिस ने ड्रग संगठन 'रेड कमांड' के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया है। राजधानी रियो डि जनेरियो में मंगलवार सुबह 2500 पुलिसकर्मियों ने हेलिकॉप्टर से अपराधियों के इलाकों पर छापा मारा। जैसे ही पुलिस की टीमें आगे बढ़ीं, रेड कमांड गैंग के सदस्यों ने फायरिंग शुरू कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, गैंग ने सड़कों पर जलते हुए बैरिकेड्स लगाए और ड्रोन से बम गिराए, ताकि पुलिस को रोका जा सके।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भारी हथियारों का इस्तेमाल किया। इस भिड़ंत में कम से कम 64 लोग मारे गए, जिनमें 4 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस इस हमले के लिए 1 साल से प्लानिंग कर रही थी।

**पुलिस ने 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया :** पुलिस ने दिनभर चली मुठभेड़ में 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई से आसपास रहने वाले करीब तीन लाख लोगों में दहशत फैल गई।



लोग इसे 'वॉर जोन' जैसा माहौल बता रहे हैं। कई आम नागरिक भी गोलीबारी में घायल हुए, जबकि कई सड़कें अभी भी बंद हैं। इलाके में रहने वालों ने बताया कि गोलियों और धमाकों की आवाजें पूरे दिन गूंजती रहीं और लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए। ब्राजील सरकार के मुताबिक, इस इलाके को रेड कमांड का मुख्य ठिकाना माना जाता है। यह गिरोह लंबे समय से ड्रग तस्करी, हथियारों की सप्लाई और तटीय रूट्स पर कब्जे के लिए जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि इस ऑपरेशन में 200 किलो से ज्यादा ड्रग्स, कई राइफलें और दूसरे हथियार बरामद किए गए हैं।

# बांग्लादेश में जहर उगल रहा है हाफिज सईद का करीबी ढाका में पाकिस्तानी कट्टरपंथियों का नया बेस बना

**ढाका, एजेंसी।** मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के इस्लामी संगठन मरकजी जमीयत अहले हदीस के महासचिव इब्तिसाम इलाही जहीर ने 25 अक्टूबर 2025 को बांग्लादेश के राजशाही स्थित शाह मकदूम एयरपोर्ट पर लैंड किया। सुरक्षा एजेंसियां उनके अचानक दौरे से चौंक गईं। उनके स्वागत के लिए स्थानीय इस्लामी संगठन अल जामिया अस सलीफा के पदाधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने उन्हें नऊदापाड़ा स्थित अपने कैंपस में ठहराया। जहीर इसके बाद चपैनवाबगंज जिले के नचोले, रंगपुर, लालमुनिरहाट और निलफामारी जैसे भारत सीमा से सटे जिलों में गए, जहां जहीर ने स्थानीय मस्जिदों में कई धार्मिक सभाएं कीं। यह इलाके भारतीय सीमा के करीब 20-25 किमी की दूरी पर है। इन सभाओं में जहीर ने यह कहते हुए विवाद खड़ा किया- 'यहूदी और ईसाई मुसलमानों के दोस्त नहीं हो सकते।' रिपोर्ट्स के अनुसार, उसने इस्लाम छोड़ने वालों को मारने की बात दोहराई। यह बयान 2012 में दिए उसके पुराने विवादित भाषण की तर्ज पर था। यूनुस सरकार ने खुली छूट दी, 2025 में ही दूसरा दौरा पाकिस्तानी



कट्टरपंथियों के लिए बांग्लादेश अब 'कार्रवाई का नया अड्डा' बनता दिख रहा है। अगस्त 2024 में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के आने के बाद यह हाफिज सईद के सहयोगी इब्तिसाम इलाही ज़हीर की दूसरी यात्रा है; पहली फरवरी 2025 में हुई थी। इस बार दौरा पाकिस्तान के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्ज़ा के साथ मेल खाता है, जो छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ढाका पहुंचे। दोनों यात्राओं का ध्यान भारत-बांग्लादेश सीमा, खासकर सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर केंद्रित है। यूनुस सरकार पर पाक समर्थक नीति और विदेशी कट्टरपंथियों को छूट देने के आरोप लग रहे हैं, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय असुरक्षित है।

# भारतीय मूल के बड़े उद्योगपति दर्शन सिंह की कनाडा में हत्या, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में भारतीय मूल के एक बड़े उद्योगपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। कनाडा के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय मूल के उद्योगपति दर्शन सिंह साहसी की कनाडा के एबट्सफोर्ड इलाके में उस वक्त हत्या कर दी गई, जब वे कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे।

**हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज आया सामने :** दर्शन सिंह साहसी की हत्या का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दर्शन सिंह अपनी कार में सवार होते दिख रहे हैं, तभी एक हमलावर उनके पास आता है और दर्शन




सिंह पर गोलियां चला देता है। हमलावर अकेला था और मौके से एक टोयोटा कोरोला कार में सवार होकर फरार हो गया। गोलीबारी की सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दर्शन सिंह गंभीर हालत में घायल थे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। कनाडा पुलिस ने बताया कि अभी जांच शुरुआती चरण में है और जल्द ही इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी :** वहीं कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर दर्शन सिंह साहसी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। गोल्डी ढिल्लन, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है। गोल्डी ढिल्लन ने पोस्ट में दावा किया कि पीड़ित ड्रग तस्करी में शामिल थे और गैंग द्वारा पैसे की डिमांड को नजरअंदाज किया जा रहा था। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है और दर्शन सिंह की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग की कथित संलिप्तता की जांच करने की बात कही है।

# जमैका से टकराया सदी का सबसे खतरनाक तूफान, ला सकता है भारी तबाही



### 300 द्मद्वश्द्ध की गति से हवाएं चल रहीं

**किंगस्टन, एजेंसी।** कैरेबियाई देश जमैका से कैटेगरी-5 का तूफान मेलिसा टकराया है। मेलिसा को इस सदी का सबसे खतरनाक तूफान बताया जा रहा है। तूफान के चलते जमैका में 300 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। सरकार ने छह लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है। तूफान के असर से जमैका में तीन, पड़ोसी देश हैती में तीन और डोमिनिकन रिपब्लिक में एक व्यक्ति की मौत हुई है। यह तूफान इतना ताकतवर है कि पूरे देश को तबाह कर सकता है।

### कैटेगरी-5 के तूफान सबसे खतरनाक होते हैं

कैटेगरी-5 का तूफान सबसे खतरनाक श्रेणी का माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने मेलिसा तूफान को सदी का सबसे ताकतवर तूफान बताया है। पहले ये तूफान हैती और डोमिनिकन रिपब्लिकन से टकराया और अब जमैका तक पहुंचने में ये और खतरनाक हो गया है। जिस वक्त तूफान जमैका से टकराया, उस वक्त 300 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रहीं हैं और भारी बारिश हो रही है। हवा की ये गति इतनी तेज है कि यह बड़ी-बड़ी इमारतों को ध्वस्त कर सकता है। इससे बिजली और कम्युनिकेशन सिस्टम भी तबाह हो सकता है।

### तूफान से भारी बारिश और भूस्खलन का खतरा

मेलिसा तूफान के चलते जमैका में बाढ़ और भूस्खलन का खतरा है। जमैका सरकार ने प्रभावित इलाकों से लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित कर दिया है। जमैका में बीते कई दिनों से बारिश का दौर जारी है। ऐसे में जमीन में नमी होने के चलते भूस्खलन का खतरा लोगों को डरा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने भी राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं।

वर्ल्ड फूड प्रोग्राम द्वारा लोगों को खाने के पैकेट दिए जा रहे हैं। यूएन का कहना है कि कैरेबियाई देशों में बीते साल जुलाई में शक्तिशाली बेरिल तूफान आया था, उसके बाद अब यह मेलिसा तूफान सबसे शक्तिशाली है। साथ ही यह अटलांटिक सागर में आया अब तक का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया जा रहा है।

# अमेरिकी संविधान में नहीं है कोई राह, ट्रंप के तीसरे कार्यकाल पर हाउस स्पीकर जॉनसन की टिप्पणी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर संकेत दिए हैं कि वह व्हाइट हाउस में तीसरे कार्यकाल के लिए लौटना चाहते हैं। हालांकि, हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने साफ कहा कि अमेरिकी संविधान इसकी अनुमति नहीं देता। रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेता और ट्रंप के करीबी माने जाने वाले जॉनसन ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर ट्रंप से बात की है और ट्रंप संविधान की सीमाओं को समझते हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी संविधान के 22वें संशोधन के तहत कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक राष्ट्रपति नहीं बन सकता। जॉनसन ने कहा कि संविधान में बदलाव एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें राज्यों और कांग्रेस दोनों की मंजूरी जरूरी होती है।

**ट्रंप बोले- 'मैं जरूर करना चाहूंगा' :** एयरफोर्स वन में जापान की यात्रा के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से कहा मैं तीसरे कार्यकाल के लिए जरूर चुनाव लड़ना चाहूंगा। लेकिन हमारे पास आने वाले चुनावों के लिए



बेहतरीन नेता हैं जैसे मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जे.डी वेंस। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप 2028 लिखी टोपी व्हाइट हाउस आने वाले मेहमानों को बतौर स्मृति दी जा रही हैं, जिससे राजनीतिक अटकलें और तेज हो गई हैं। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या वह उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़कर फिर राष्ट्रपति बनने की रणनीति पर विचार कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कानून इसकी अनुमति देता है, लेकिन मैं ऐसा नहीं करूंगा। यह लोगों को पसंद नहीं आएगा और सही भी नहीं होगा। हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि ट्रंप का तीसरे कार्यकाल का जिक्र राजनीतिक मजाक के तौर पर किया गया है। जॉनसन ने कहा वह डेमोक्रेट्स को ट्रोल करने में मजा लेते हैं। यह गंभीर प्रस्ताव नहीं है।

**संविधान की सीमाएं और राजनीतिक संकेत :** राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, ट्रंप द्वारा बार-बार तीसरे कार्यकाल का जिक्र करना अमेरिकी राजनीति की परंपराओं को चुनौती देने जैसा है। हालांकि, मौजूदा स्थिति में यह संवैधानिक रूप से असंभव है कि कोई राष्ट्रपति दो से अधिक बार पद संभाले।

**एशिया दौरे के दूसरे चरण में जापान पहुंचे ट्रंप:** इस बीच, ट्रंप अपने एशिया दौरे के दूसरे चरण में जापान पहुंच गए हैं। इससे पहले उन्होंने मलयेशिया की यात्रा पूरी की, जहां उन्होंने आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। कुआलालंपुर से रवाना होने से पहले उन्होंने मलयेशियाई अधिकारियों और नागरिकों को विदा कहा, जिससे उनका 24 घंटे का दौरा समाप्त हुआ।